


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 'देश के लिए वर्ल्डकप जीतना है, इसके...

युद्ध के चरम के बाद से यूक्रेन के नुकसान... 12



वर्ष : 10 | अंक : 70 | पटना, सोमवार, 25 जुलाई 2022 | श्रावण मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## मौसम

अधिकतम तापमान 33.0°C
न्यूनतम तापमान 28.0°C

मौसम विभाग के अनुसार गर्मी बरकरार रहेगी साथ ही बादल छाए रहने की संभावना है।

## पोल

क्या मोदी मैजिक से ध्वस्त हो रहे विपक्ष के सारे मुद्दे?


| | |
|---|---|
| हां | 70% |
| नहीं | 20% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 52,480 |
| चांदी | 55,100 |
| सेंसेक्स | 56,072 |
| निफ्टी | 16,719 |

# राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति कोविंद ने कहा-देश के जीवंत लोकतंत्र को नमन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पद छोड़ने से एक दिन पहले रविवार को राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। कोविंद ने अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए कहा, अनेक देशवासियों से मिलने के बाद मेरा विश्वास दृढ़ हुआ कि हमारे लोग ही असली राष्ट्र निमार्ता हैं। ऐसे महान देशवासियों के हाथ में हमारा भविष्य सुरक्षित है। राष्ट्रपति ने कहा, जब अपने छोटे से गांव में एक बालक के तौर पर मैं अपने भविष्य को समझने की कोशिश कर रहा था, तब आजादी मिले कुछ ही समय हुआ था। मुझे उम्मीद थी कि मैं भी राष्ट्र निर्माण में कुछ योगदान करुंगा। यह भारत के लोकतंत्र की ताकत है कि इसमें नागरिकों के लिए दरवाजे खुले हैं कि वह कुछ भी कर सकते हैं। हमारे पूर्वजों और हमारे आधुनिक राष्ट्र-निमार्ताओं ने अपने कठिन परिश्रम और सेवा भावना के द्वारा न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के आदर्शों को चरितार्थ किया था। हमें केवल उनके पदचिह्नों पर चलना है और आगे बढ़ते रहना है।

निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान समाज के सभी वर्गों से पूर्ण सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद मिला। उन्होंने कहा, कानपुर देहात के एक गांव का आदमी आज आपको संबोधित कर रहा है तो यह भारत के लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण है। पीएम मोदी को लेकर कोविंद ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री जी भी मेरे गांव आए और उन्होंने गांव का मान बढ़ाया। उन्होंने अपने कार्यकाल के पांच वर्षों को लेकर कहा कि इस दौरान मैंने अपनी पूरी योग्यता से अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। मैं डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, डॉक्टर एस. राधाकृष्णन और डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम जैसी महान विभूतियों का उत्तराधिकारी होने के नाते बहुत सचेत रहा हूं।

### द्रौपदी मुर्मू आज लेंगी शपथ



- नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की शपथ लेंगी और उसके बाद उन्हें 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि समारोह सोमवार को सुबह करीब सवा 10 बजे संसद के केंद्रीय कक्ष में होगा, जहां प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण उन्हें राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाएंगे। गृह मंत्रालय ने कहा कि इसके बाद उन्हें 21 तोपों की सलामी दी जाएगी।

# सारण में विस्फोट से छह की मौत

## धमाके से कई घर जमींदोज, जांच में जुटी पुलिस, बचाव कार्य जारी

पटना/सारण, प्रात: किरण संवाददाता



छपरा के एक घर में पटाखे वाला बम बनाते समय विस्फोट से अब तक 6 लोगों के मौत की पुष्टि हुई है। वहीं, कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। विस्फोट में कई घर जमींदोज हो गये। जिसके मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। घटना जिले के खैरा इलाके के खुदाईबाग की है। जानकारी के मुताबिक इस विस्फोट में मोलाजिम अली (35 वर्ष)शबाना खातून (30 वर्ष)अमीना खातून (62 वर्ष)सावीर (22 वर्ष)यासमीन (20 वर्ष) एवं शहजाद (5 वर्ष) की मौत हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस और एम्बुलेंस को भेजा गया। पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रहमतुल्लाह उर्फ टेनी के दो पुत्र साबिर और मुलाजिम पटाखा बनाने का काम करते थे। उनका यह पुश्तैनी काम था। घटना में साबिर 22 वर्ष , मुलाजिम 35 वर्ष और मुलाजिम की पत्नी सबाना खातून मुलाजिम का 5 वर्षीय बेटा शहजाद और एक बच्ची की मौत हो गई है। जबकि एक महिला का इलाज सदर अस्पताल में जारी है जो अरब में रह रहे फिरोज की पत्नी है। घटना में स्व रहमतुल्लाह उर्फ टेनी की पत्नी , टेनी के पुत्र साबिर 22 वर्ष , टेनी के पुत्र मुलाजिम 35 वर्ष और मुलाजिम की पत्नी, मुलाजिम का 5 वर्षीय बेटा शहजाद और एक बच्ची की मौत हो गई है। जबकि एक महिला एक बच्ची का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। मौके पर सारण के एसपी संतोष कुमार पहुंचे और उन्होंने बताया कि उक्त मकान में पटाखा बनाने का काम होने की सूचना है, जिसमे विस्फोट से ध्वस्त होने के बाद लोगो की मौत हुई है। लोगो को मलवे में से निकालने का काम जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बम ब्लास्ट से वहां भगदड़ की स्थिति हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक यहां पर आतिशबाजी बनाई जा रही थी। उसी दौरान विस्फोट हो गया। जिससे वहां भगदड़ मच गई और कई लोग बुरी तरह से घायल हो गए। बम धमाके की सूचना पाकर छपरा पुलिस प्रशासन के वरीय अधिकारी लगभग आधा दर्जन एंबुलेंस और राहत एवं बचाव दल के साथ खोदाईबाग के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव का कार्य शुरू किया गया। अभी इस बात की पुष्टि नहीं हो पा रही है कि धमाका बम विस्फोट से हुआ है या आतिशबाजी बनाने के दौरान विस्फोट हुआ है। मलबे से प्रशासन ने एक बच्चे के शव समेत 6 लाशों को निकाला। धमाके में कई लोग जख्मी हुए हैं, जिन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि पक्के मकान की छत उड़ गई। घर में मौजूद लोगों के शरीर के हिस्से कई मीटर दूर तक उड़कर बिखरे हुए थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# स्मृति ईरानी ने पवन-जयराम रमेश को भेजा कानूनी नोटिस

## केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस नेताओं से बिना शर्त लिखित माफी मांगने को कहा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेताओं पवन खेड़ा, जयराम रमेश, नेता डिसूजा और पार्टी को कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में उनसे बिना शर्त लिखित माफी मांगने को कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि उनकी बेटी के खिलाफ भ्रामक, गलत, अपमानजनक जानकारियों का प्रसार किया जा रहा है इसलिए इसपर तुरंत रोक लगाई जाए। इसके साथ उनसे आरोपों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने के लिए कहा गया है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा है कि अगर नोटिस पाने वाले सभी लोग ऐसा करने में असफल रहते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, कांग्रेस ने बीते दिन स्मृति ईरानी की 18 वर्षीय बेटी पर गंभीर आरोप लगाए गए थे।

**कांग्रेस का एक और बड़ा खुलासा**

कांग्रेस पार्टी ने बार मामले में रविवार को एक और बड़ा खुलासा किया। पार्टी ने एक ट्वीट में दावा किया कि गोवा में सुली सोल्स रेस्टोरेंट से 10 किमी की दूरी पर स्मृति ईरानी का घर है। ईरानी का यह घर गोवा के कर्जुए गांव में है। दो तस्वीरें भी शेयर की गई हैं जिसमें से एक में जुबिन इरानी नाम पढ़ा जा सकता है।

दूसरी तस्वीर में 65 लाख रुपये की जानकारी और घर का पता लिखा पढ़ा जा सकता है। युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने रविवार को गोवा के रेस्टोरेंट के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बारे में कांग्रेस का दावा है कि यह केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की बेटी का है। गोवा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष वरद मर्दोलकर और राज्य इकाई के प्रवक्ता अमरनाथ पंजिकर ने असगाओ गांव में सुली सोल्स गोवा रेस्टोरेंट के बाहर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया और प्रतिष्ठान को बंद करने की मांग की।

## संक्षिप्त खबर

### रजत पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने नीरज चोपड़ा को दी बधाई

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अमेरिका के यूजीन में चल रहे वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में भारत के लिये रजत पदक जीतने पर नीरज चोपड़ा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैवलिन थ्रो में भारत के नीरज चोपड़ा ने रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उनकी कड़ी मेहनत, जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। उन्होंने रजत पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिस पर पूरा देश आज गौरवान्वित है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और देश का नाम रौशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है।

### अग्निवीर योजना युवा भविष्य के लिए खतरनाक : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर रविवार को एक बार फिर हमला किया और कहा कि उनका यह प्रयोग राष्ट्रीय सुरक्षा और युवाओं के भविष्य के लिए खतरनाक है। श्री गांधी ने कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं के भविष्य के साथ कैसे खिलवाड़ करेगी इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में हर साल 60 हजार सैनिक रिटायर्ड होते हैं लेकिन मुश्किल से तीन हजार पूर्व सैनिकों को ही सरकारी नौकरी मिल पाती है। श्री गांधी ने ट्वीट किया ₹साठ हजार सैनिक हर साल रिटायर होते हैं, उनमें से सिर्फ तीन हजार को सरकारी नौकरी मिल रही है। चार साल के ठेके पर हजारों की संख्या में रिटायर होने वाले अग्निवीरों का भविष्य क्या होगा। प्रधानमंत्री की प्रयोगशाला के इस नए प्रयोग से देश की सुरक्षा और युवाओं का भविष्य दोनों खतरे में हैं।

# प्रदेश में मानसून सक्रिय, बारिश से राहत

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

विगत तीन चार दिनों से मानसून की सक्रियता से प्रदेशवासियों को राहत मिली है। राजधानी सहित कई जिलों में रविवार को हल्की से मध्यम स्तर की बारिश दर्ज की गई है। राजधानी समेत राज्य के अनेक हिस्सों में अभी भी पूर्वी व दक्षिण पूर्वी हवा के प्रवाह के कारण छिटपुट तरीके से बारिश हो रही है। रविवार को पटना के अलावा भोजपुर, कैमूर, अरवल, रोहतास, औरंगाबाद, गया, भीमनगर, जोकीहाट, किशनगंज, अररिया, सिंदेश्वर, मुजफरपुर, सुपौल समेत अन्य जगहों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश दर्ज की गई है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार अगले 24 घंटे में यानी सोमवार को राज्य के दक्षिण भाग, दक्षिण पूर्व, उतर मध्य व उतर पूर्व के कुछेक स्थानों पर बारिश का पूवानुर्मान जताया गया है। वहीं, दक्षिण बिहार के एक दो स्थानों पर वज्रपात की भी संभावना है। सूबे का सर्वाधिक अधिकतम तापमान दक्षिण बिहार के औरंगाबाद में दर्ज किया गया। यहां का अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि गया का अधिकतम तापमान 36.0 डिग्री, पटना का अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री, भागलपुर का अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री, अगवानपुर का 32.3 डिग्री, पूसा का 30.0 डिग्री, नवादा का 33.5 डिग्री, खगड़िया का 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# यूपी के 16 लाख सरकारी कर्मचारी होंगे मालामाल

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने 16 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों और करीब 11 लाख 60 हजार पेंशनर्स का भी भत्ता बढ़ाया है, उसका लाभ उनको चंद रोज बाद ही मिलेगा। सरकार ने इनको बढ़े दर से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत का भुगतान करने का फैसला किया है। अगस्त माह में मिलने वाले वेतन में इनको इन सभी का लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने 16 लाख से ज्यादा सरकारी कर्मचारी और 11.52 लाख पेंशनरों को डीए की बढोतरी का एक जनवरी 2022 से प्रभावी की थी। अब इनको बढ़े एरियर का लाभ मिलेगा। जनवरी से जून तक का एरियर कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में जमा किया जाएगा। वित्त विभाग के महंगाई भत्ते के लिए जारी शासनादेश के बिंदू तीन में लिखा है कि एक जुलाई से महंगाई भत्ता वृद्धि की धनराशि अगस्त माह के नियमित वेतन के साथ नकद की जाएगी।

**34 प्रतिशत की दर से डीए का नकद भुगतान**

राज्य कर्मचारियों को अगस्त में जुलाई के वेतन के साथ 34 प्रतिशत की दर से डीए का नकद भुगतान किया जाएगा। पहली जनवरी से 30 जून तक बढ़े डीए की धनराशि कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते (जीपीएफ) में जमा होगी।

### राजधानी दिल्ली पहुंचा मंकीपॉक्स

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में रविवार को मंकीपॉक्स का पहला मामला प्रकाश में आया है। मरीज वर्तमान में लोकनायक जय प्रकाश अस्पताल में भर्ती है। मरीज का विदेश यात्रा इतिहास नहीं है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मामले की पुष्टि की है। एक विज्ञप्ति में मंत्रालय ने कहा है कि दिल्ली निवासी 34 वर्षीय व्यक्ति को मंकीपॉक्स का संदिग्ध मामला मानकर लोक नायक अस्पताल में आइसोलेट किया गया था। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी), पुणे ने जांच में मंकीपोक्स की पुष्टि की है। वर्तमान में लोक नायक अस्पताल में इसके लिए तैयार किए गए आइसोलेशन सेंटर में मरीज स्वास्थ्य लाभ ले रहा है। मंत्रालय ने आगे कहा कि मरीज के करीबी संपर्कों की पहचान की गई है और उन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशानिर्देश के तहत पृथकवास में रखा गया है।

बैठक | उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन ने दिल्ली में उद्योगपतियों के साथ की बैठक, बोलें–

# बिहार को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाएं, बेहतरीन इंडस्ट्रियल पॉलिसी मौजूद

**अपील**

- बिहार आइए उद्योग लगाने की सारी हिचक दूर हो जाएगी

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



बिहार टेक्सटाइल और लेदर पॉलिसी 2022 के लॉन्च होने के बाद और उद्योग के अन्य सेक्टर्स में भी देश भर के निवेशकों और बड़ी कंपनियों को बिहार लाने की मुहिम में जुटे राज्य के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने रविवार को दिल्ली में चुनिंदा उद्योगपतियों के साथ बैठक की और उन्हें बिहार में उद्योग की संभावनाओं पर प्रस्तुतिकरण दी। इस दौरान मंत्री ने अपील की कि पूर्वोत्तर भारत के बड़े बाजार में अच्छी पकड़ बनाने के लिए वो बिहार को अपना मैनुफैक्चरिंग हब बनाएं। दिल्ली में हुई इस बैठक में टेक्सटाइल, लेदर, एग्रीकल्चर, प्लास्टिक्स, मैनुफैक्चरिंग व अन्य सेक्टर की कंपनियों के निदेशक शामिल हुए। बैठक में शामिल होने वाले प्रमुख नाम रहे लिबर्टी ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुनील बंसल, ग्रोवर सन्स एपैरेल के एमडी राकेश ग्रोवर,एआरबी बीयरिंग्स के एमडी सुनील गोयल, कुमार मंगलम बिड़ला ग्रुप के एमडी इंदर देव गुप्ता, हाईटेक पाइप्स के निदेशक अजय कुमार बंसल जी, माइक्रोमैक्स के चैयरमैन राजेश अग्रवाल, के आर पल्प पेपर मिल के एमडी माधव गोपाल अग्रवाल, अथीजा हर्ब्स के एमडी साहिल खान, साधना ग्रुप के एमडी राकेश गुप्ता, बूबना एडवरटाइजिंग के एमडी सुशील बूबना समेत अन्य लोग शामिल हुए।

बैठक में शामिल सभी उद्योगपतियों से उद्योग मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के बड़े बाजार में भविष्य की संभावनाओं को देखने के लिए दो या तीन दिन तक का बिहार टूअर का प्लान बनाईए और बिहार को लेकर आपकी पुरानी धारणा पूरी तरह बदल जाएगी। जब आप बदला हुआ बिहार देखेंगे तो निवेश और यहां उद्योग लगाने की सारी हिचक दूर हो जाएगी। श्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि हमने अत्यंत आकर्षक टेक्सटाइल और लेदर पॉलिसी बनाई है। अन्य सेक्टर में भी उद्योगों की स्थापना के लिए हमारे पास बेहतरीन इंडस्ट्रियल पॉलिसी है। उन्होंने कहा कि अभी एक हफ्ते पहले ही पूरे बिहार में मौजूद 74 औद्योगिक क्षेत्रों में से 54 औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योग की जमीन की कीमत 20 से 80 प्रतिशत तक कम करने का ऐतिहासिक फैसला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि हमारे पास करीब 2900 एकड़ का उद्योग के लिए लैंड बैंक उपलब्ध है। बैठक में उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौण्डरीक भी मौजूद रहे। शाहनवाज हुसैन ने बैठक में शामिल सभी उद्योगपतियों से कहा कि बिहार में निवेश और उद्योग की स्थापना के दौरान उन्हें जब भी जरुरत महसूस होगी, उनके एक कॉल पर वे खुद और उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौण्डरीक हर संभव मदद के लिए तैयार मिलेंगे।




## संक्षिप्त खबरें

### समकालीन अभियान में दो वारंटी गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर गांव से दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष धनंजय राय ने बताया कि पूर्व से केस के आरोपित वारंटी बैकुंठपुर गांव निवासी सत्येंद्र राय तथा हरेंद्र राय को समकालीन अभियान के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में रखते हुए अदालत भेज दिया गया है।

### सर्पदंश के तीन पीड़ित अस्पताल में भर्ती

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में हुई सर्पदंश की घटना में तीन लोग पीड़ित हो गये हैं। जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सर्पदंश से पीड़ितों में मीराटोला गांव के मोहम्मद सदीक इंतेयाज, बंधौली गांव की गोल्डी कुमारी तथा दिघवा कचहरी टोला के शंभू यादव शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों के द्वारा पीड़ितों को विशेष एहतियात बरतने की सलाह दी गयी है।

### कारगिल युद्ध के शहीदों व वीर जवानों को किया गया नमन

गोपालगंज। शहर के मौनिया चैक पर स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल पर रविवार को कारगिल विजय दिवस का आयोजन वेटरन इंडिया द्वारा किया गया। इस दौरान वेटरन इंडिया बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष वेटरन अजय कुमार सिंह व जिलाध्यक्ष वेटरन आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक परिक्रमा जुलूस भी निकाला गया। जुलूस मौनिया चैक स्थित स्मारक स्थल से शुरू होकर ब्रह्म चैक व पुरानी चैक होकर शहीद भगत सिंह स्मारक स्थल होते हुए वापस पहुंचा। परिक्रमा जुलूस के दौरान शहरवासियों ने बहुत ही विनम्रता से शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी और भारत माता की जय के नारे लगाए।

### हथुआ में विभिन्न कांडों में फरार सात गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के हथुआ थाने की पुलिस ने विभिन्न कांडों में फरार चल रहे सात आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में मिर्जापुर गांव का सरोज सिंह, बरी धनेश गांव का हीरालाल मांझी, मैनेजरी कोठी का मैनुद्दीन अली, यादोपिपरा गांव का जयनारायण चैधरी व जतन चैधरी, खानसामा टोला गांव का हरेन्द्र मांझी, बरीदेवरिया गांव का साहेब हुसैन शामिल है।

### विजयीपुर की मझवलिया पंचायत में बनेगी कचरा प्रबंधन यूनिट

गोपालगंज। जिले के विजयीपुर प्रखंड की मझवलिया पंचायत में ओडीएफ प्लस अभियान के तहत संडीहा गांव में कचरा प्रबंधन यूनिट बनेगी। इसको लेकर स्थानीय बीडीओ राजीव कुमार व समाजसेवी संजीव उर्फ भुट्टूर राय ने भूमि पूजन किया। बीडीओ ने बताया कि कचरा प्रबंधन के लिए पंचायत के हर वार्ड के प्रति परिवार को दो-दो डस्टबीन दिए गए हैं। कचरा प्रबंधन यूनिट में कचरा जमा कर गैस उत्पादन, जैविक खाद सहित अन्य उपयोगी सामग्रियों का निर्माण होगा। अभियान के प्रखंड समन्वयक मधुप कुमार ने कहा कि अब ग्रामीण कचरा इधर-उधर नहीं फेंकेंगे और डस्टबीन में ही कचरा रखेंगे। जिससे कि कचरा उठाव कराने में आसानी हो। कचरा उठाव के लिए वार्ड में दो-दो स्वच्छताग्रही रखे जाएंगे।

### हथुआ में पानी टंकी में 20 कार्टन शराब बरामद

गोपालगंज। जिले के हथुआ थाने की पुलिस ने टेम्पो पर लदी पानी की प्लास्टिक की टंकी से 20 कार्टन शराब बरामद की। जबकि मौके से धंधेबाज फरार हो गया। गुप्त सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार के नेतृत्व में हथुआ-बड़कागांव मुख्य मार्ग पर मछागर लछीराम स्कूल के समीप पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जहां चालक पुलिस को देख कुछ दूर पर टेम्पो रोक कर भागने लगा। टेम्पो की तलाशी लेने पर पानी की अंकी से शराब बरामद की गयी। मामले में पुलिस ने अज्ञात तस्कर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### पौधारोपण कर डॉक्टरों ने जनजागरण से जुड़े किये कार्य

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर प्रखंड क्षेत्र के दिघवा दुबौली में डॉक्टर आरपी सिंह व रीता सिंह चिकित्सा के साथ-साथ जनजागरण से जुड़े कार्य कर रहे हैं। इन्होंने इनके द्वारा चालू सड़कों के किनारे पौधारोपण का काम शुरू किया गया है। दिघवा दुबौली रेलवे सर्विस रोड के किनारे, सिरसा मानपुर जाने वाली सड़क किनारे तथा अन्य कई चिह्नित स्थलों पर पौधारोपण करने उक्त डॉक्टर जुड़े हैं। डॉक्टरों के द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इन दिनों पौधारोपण जन आंदोलन 2022 के तहत बुधवार को 151 फलदार, छायादार व अन्य औषधीय पौधों को लगाकर उसकी सुरक्षा को लेकर घेराव भी कराया।

# स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर घर में फहराया जाएगा तिरंगा : भाजपा

## कोर कमेटी का हुआ गठन, प्रभारी बने कुमार पूर्णेन्दु

**जानकारी**

- 14 अगस्त को प्रभात फेरी निकाली जाएगी एवं स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा



जगदीशपुर, प्रातः किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक प्रखंड मार्केट कोतवाली में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष आदित्य कुमार एवं संचालन जितेन्द्र जस्टिस ने की। बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

जहा आजादी के 75वे साल मनाने वाले अमृत महोत्सव के आलोक मे कार्यक्रमों की तैयारी पर चर्चा की गई। साथ ही 28-29 तारीख को राष्ट्रीय नेताओ के आगमन पर होने वाले कार्यक्रमो को सफल बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकताओं ने 11 से 15 अगस्त तक महापुरुषो के स्मारको एवं मूर्तियों पर स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया। जो जगदीशपुर में 14 अगस्त को प्रभात फेरी निकाली जाएगी एवं स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर कोर कमिटी का गठन किया गया। जिसमें प्रभारी का प्रभार कुमार पूर्णेदु को सौंपा गया। जिसमे 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को 75 दिन का बुस्टर डोज विशेष सतर्कता अभियान चलाकर बुस्टर टिकाकरण कराया जाएगा। बुथ स्तर की मजबुती एवं पन्ना प्रमुख बनाने के लिए जोर दिया गया।

बैठक मे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथिलेश कुशवाहा विधानसभा प्रभारी राजीव रंजन तिवारी मंडल प्रभारी मृत्युंजय तिवारी युवा मोर्चा अध्यक्ष अमर चौबे किसान मोर्चा अध्यक्ष रजत कुमार सोनी उर्फ गोलू अति पिछड़ा मंच के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ छोटू अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अंसार वारिस खान उर्फ अच्छन जी कृपा शंकर पांडे राजकुमार पटवा शारदानंद गुप्ता विनोद प्रसाद संध्या सिंह गुड्डू कुशवाहा अभिषेक कुमार पांडे पिंकू यादव आनंद विशाल टाइगर अरुण ठाकुर माधव प्रसाद केसरी अरुण सिंह अमन इंडियन मोहन जी रंजीत कुमार चंचल दीपक सिंह अखिलेश सिंह अशोक चौधरी सुशील कुमार देहाती रवि कुमार सिन्हा संजय कुमार गुप्ता रमेश कुशवाहा सहित अन्य मौजूद रहे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

**इमामगंज।** इमामगंज प्रखंड के सरकारी हॉस्पिटल रानीगंज के मैदान में कुशल युवा कार्यक्रम के जागरूकता रथ एवं नुक्कड़ नाटक टीम के माध्यम से इमामगंज प्रखंड वासियों को स्किल डेवलपमेंट के बारे में एवं बिहार सरकार के द्वारा चलाए गए योजना कुशल युवा कार्यक्रम निःशुल्क कंप्यूटर क्लास की उद्देश्य को बताने के लिए नुक्कड़ नाटक एवं कुशल रथ के द्वारा एलसीडी में डिस्प्ले लगाकर प्रचार प्रसार किया। श्रम संसाधन विभाग के मंत्री जीवेश कुमार के द्वारा बच्चों को जागरूकता के माध्यम से स्किल डेवलपमेंट के बारे में बताया गया पटना से चलकर आए कुशल रथ एवं नुक्कड़ टीम इमामगंज लोक कला विकास मंच कुशल युवा कार्यक्रम केवाईपी सेंटर के माध्यम से यह नुक्कड़ नाटक का प्रोग्राम किया गया। इसमें कुशल रथ एवं नुक्कड़ नाटक की टीम उपस्थित रहे कुशल रथ के ऑपरेटर राजू कुमार नुक्कड़ नाटक टीम के संचालक रवि रंजन कुमार की टीम के द्वारा या कार्यक्रम दिखाया गया जिसमें इमामगंज प्रखंड के छात्र एवं छात्राएं एवं अभिभावकों ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया इस टीम के पूरी सहयोग में लोक कला विकास मंच सह कुशल युवा कार्यक्रम के सेक्रेटरी सुमन कुमार मैनेजमेंट डायरेक्टर मोहम्मद शारिक एवं सभी शिक्षक मौजूद रहे शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सौरभ कुमार मौजूद थे।

# अररिया सांसद ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव में जीत पर दी बधाई



अररिया, प्रातः किरण संवाददाता

अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने देश के 15वें राष्ट्रपति के चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने द्रौपदी मुर्मू से भेंट करते हुए प्राकृतिक रंगों से तैयार उनके तैल चित्र उन्हें भेंट दी। जिसे नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अनुपम भेंट करार देते हुए अब तक का सबसे नायाब और कीमती गिफ्ट बताया। महामहिम ने तैल चित्र को जीवंत रूप प्रदान करने वाले कलाकार निहार दास से भी मुलाकात की और उनसे प्राकृतिक रंगों और तैयार करने की विधि को लेकर जानकारी हासिल की। बातचीत के क्रम में कलाकार निहार दास ने जब अपने को उड़ीसा से होने की जानकारी श्रीमती मुर्मू को दी तो वह मंत्रमुग्ध हो उठी। महामहिम ने सांसद के प्रति अनमोल गिफ्ट को लेकर आभार प्रकट किया। सांसद प्रदीप कुमार सिंह के साथ कलाकार निहार दास, हेमंत कुमार और विनोद गोस्वामी साथ थे। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने यह मुलाकात चाणक्यपुरी के उमाशंकर दीक्षित रोड में बंगला नम्बर 4 में की, जहां अभी द्रौपदी मुर्मू रह रही है। मौके पर बिहार और अररिया के साथ सीमांचल के बारे में भी महामहिम ने सांसद से बातचीत की।

# 23 छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक लाकर रचा इतिहास



प्रातः किरण/अजय सिंह

**सुपौल।** सी.बी.एस.ई. के सत्र 2021-22 द्वारा जारी बोर्ड परीक्षा के अंतिम परिणाम में स्थानीय दिल्ली पब्लिक स्कूल के शत प्रतिशत बच्चें उत्तीर्ण हुए। यहां 23 से अधिक बच्चों ने 90% से अधिक अंक लाकर जिले का नाम रोशन किया है।

अंकित कुमार 96.2% प्राप्त कर बने स्कूल टॉपर। वही सुरभि कुमारी ने विज्ञान में 100% अंक के साथ कुल 96% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया वही चंद्रशेखर 95.6% एवं सौरभ 95.2% अंक लाकर तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। डी.पी.एस. सुपौल के निदेशक यू.के. कर्ण ने सभी सफल प्रतिभागी को शुभकामना दी तथा प्राचार्या सोनी सिम्मी ने पूरी टीम को बधाई दी उन्होंने बच्चों के शानदार परिणाम को देखते हुए उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया।

तथा आगामी सप्ताह सफलता के रूप में मनाया जाएगा का संदेश दिया। कर्ण ने खुशी जाहिर करते हुए बच्चों एवं उनके अभिभावकों को भी बधाई दी। प्राचार्या सोनी सिम्मी ने खुशी के मौके पर मिठाई बांटकर बच्चों एवं शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया। ज्ञात हो कि 174 बच्चे सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में भाग लिए थे।

## वाहन जांच के दौरान हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**गोपालगंज।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बंगरा घाट पुल के समीप थानाध्यक्ष धनंजय राय के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ वाहन जांच की जा रही थी। जिसके दौरान लोडेड पिस्टल के साथ एक अपराधी पकड़ा गया है। मामले में थानाध्यक्ष के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर अपराधी को न्यायिक हिरासत में रखते हुए अदालत भेज दिया गया है। बताया गया कि रोड में वाहन जांच के दौरान देखा गया कि एक व्यक्ति बंगरा घाट पुल की ओर से आ रहा था। पुलिस बल को देखकर वह पीछे मुड़कर साहेबगंज की ओर भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस बल के द्वारा खदेड़ कर उसे पकड़ा गया। उसकी तलाशी लेने पर देखा गया कि उसके कमर में खोंसा हुआ एक देसी कट्टा गोली लोडेड तथा एक कारतूस पॉकेट में रखा हुआ था। उससे पूछताछ के दौरान बताया गया कि वह हथियार के बल पर राहगीरों से रुपया-पैसा लूटने में इसी पिस्टल का प्रयोग करता था। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी मुजफ्फरपुर जिला के माधोपुर हजारी गांव निवासी प्रभात कुमार है। पिछले दिनों थाना क्षेत्र में बढ़ी अपराधिक घटनाओं से पुलिस की नींद हराम थी।

# एक स्वर्ण, 6 रजत व 6 कांस्य पदक के साथ रोहतास ने हासिल किया 13 मेडल्स

रोहतास ब्यूरो, प्रातः किरण



**प्रदर्शन**

- राज्य स्तरीय सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में रोहतास का रहा बेहतर प्रदर्शन

**सासाराम।** जहानाबाद के स्पोर्ट्स कंपलेक्स में आयोजित सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप प्रतियोगिता में रोहतास की टीम ने एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, छः रजत एवम पांच कांस्य पदक हासिल किया है। बता दें कि 22 से 24 जुलाई तक आयोजित 7 वीं बिहार राज्य सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप 2022-23 का आयोजन जहानाबाद के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है।

पहले दिन ही रोहतास की टीम ने जीत का आगाज किया। इसकी जानकारी देते हुए रोहतास सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ रोहतास के सचिव रमेश मेहता ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर रोहतास की टीम पिछले 2 हफ्तों से लगातार कड़ी मेहनत करती आ रही थी, हालांकि कुछ मैचों के फाइनल मुकाबले में काटे की टक्कर देखने को मिली। रोहतास की टीम छः मुकाबलों में फाइनल तक पहुंची। कड़ी प्रतिस्पर्धा की वजह से रोहतास की टीम 5 मैचों के फाइनल में हार गई जिस वजह से रोहतास जिला को पांच रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। श्री मेहता ने बताया कि रोहतास के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया और पिछले बार की अपेक्षा इस बार ज्यादा मेडल हासिल किया। उन्होंने कहा कि आगामी प्रतियोगिता के लिए रोहतास की टीम और ज्यादा मेहनत करेगी और अधिक से अधिक गोल्ड मेडल जीतने का प्रयास रहेगा। अंडर 12 गर्ल्स सिंगल की प्रतिस्पर्धा में रोहतास की प्रियल को स्वर्ण, शगुन को रजत पदक प्राप्त हुआ। वही अंडर 12 गर्ल्स डबल्स में शगुन सिंह एवं प्रियल को रजत, अंडर 15 गर्ल्स डबल्स में नेहा कुमारी एवम खुशबू कुमारी को सिल्वर, इसी ग्रुप में एंजल और सौम्या सिंह को कांस्य, ओपन मेन सिंगल में प्रियेश रंजन को रजत, एहसान अली को कांस्य पदक, ओपन मेंस डबल्स में सत्यम कुमार और एहसान अली की जोड़ी ने सिल्वर, तथा इसी ग्रुप में प्रियेश रंजन एवं संजीव कुमार को कांस्य पदक हासिल हुआ। ओपन मिक्स डबल्स में प्रियेश रंजन एवं अनुभव भारती को सिल्वर तथा अंडर 12 के मिक्स में एनेरिक कुमार एवम शगुन सिंह को कांस्य पदक हासिल हुआ। टीम इवेंट की प्रतिस्पर्धा में महिला वर्ग में रोहतास को रजत एवं इसी वर्ग में पुरुष वर्ग को कांस्य पदक हासिल हुआ।

वही इस जीत को लेकर रोहतास के खेल प्रेमियों में काफी उत्साह है। इस जीत पर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ रोहतास के संजीव कुमार, बजरंगी कुमार, सुमन कुमार, संतोष कुमार, श्री भगवान सिंह, मो० आरिफ, समाजसेवी दशमेश सिंह बरनाल, एबीआर स्कूल के सचिव डॉ पृथ्वीपाल सिंह, रोहतास एथलेटिक्स के जिला सचिव विनय कृष्ण, दीनदयाल हेल्थ एंड एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी के फाउंडर सहित अन्य लोगों ने बधाई दिया है।

# किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर बैठक संपन्न

चकिया, प्रातः किरण संवाददाता



शहर स्थित व्यापार मंडल के प्रांगण में रविवार को भारतीय जनता पार्टी पिपरा विधानसभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अजय उपाध्याय ने किया एवं संचालन भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रोहित सिंह ने किया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, स्थानीय विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव, जिला के महामंत्री मार्तंड नारायण सिंह, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा ने बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना ने बताया कि आगामी 28 एवं 29 तारीख को भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर जो कि फतेहपुर सिकरी उत्तर प्रदेश के सांसद भी है। उनका आगमन पिपरा विधानसभा में संगठन की मजबूती के लिए संगठन प्रवास के रूप में हो रहा है। वे कुल 11 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके तहत कार्यक्रमों में स्थानीय मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क, लाभार्थी जनसंपर्क, सोशल मीडिया सेल की बैठक, जनप्रतिनिधि संपर्क, सामाजिक संवाद, प्रभारी मतदाता संवाद, बूथ स्तरीय बैठक, विकास तीर्थ, वृक्षारोपण, स्थानीय महत्वपूर्ण स्थल पर जाना एवं पार्टी संस्था ग्रहण बैठक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पार्टी द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों को सह अक्षर पालन करते हुए इस ऐतिहासिक बनाया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री जिला के पदाधिकारी एवं मोर्चा के अध्यक्ष व महामंत्री मौजूद थे। बैठक में संजय चौधरी, रिंकू सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अजय उपाध्याय, नरेश लल्लू कुशवाहा, अंजन सिंह, ललन सिंह, अशोक कुशवाहा, श्याम नंदन राम, निर्मला पांडे, संदीप सालवी, नीरज यादव, शिव कुमार सिंह, रतन सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## यूरिया खाद की किल्लत पर बीएओ ने कहा शीघ्र होगी आपूर्ति

**गड़हनी।** ई किसान भवन गड़हनी मे प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार ने किसानो को आश्वस्त करते हुए कहा कि यूरिया खाद की आपूर्ति शीघ्र ही होगी।

उन्होंने कहा कि फिलहाल प्रखण्ड के हरपुर चाँदी मे केजीएन खाद भंडार पर 12 बोरा यूरिया व 100 बोरा एसएसपी, सिंह खाद भंडार चाँदी हरपुर पर 116 बोरा यूरिया, गोविन्द फर्टिलाइजर गड़हनी मे 200, विस्कोमन मे 344 बोरा मिक्सर, 630 बैग नैनो और कुशवाहा खाद भंडार गड़हनी मे 295 बोरा बीस बीस जीरो पीपीएस व 442 बोरा बीस बीस जीरो तेरह, 11 बोरा डीएपी, 5 बोरा एमओपी आईपीएल का, और 217 बोरा एसएसपी उपलब्ध है। इमरान अहमद उर्फ सोनु ने बताया कि एक शिष्टमंडल खाद की समस्या को लेकर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार से मिल खाद की समस्या को दूर करने को कहा।

# मत्स्यजीवी समिति सदस्यों ने किया वर्तमान मंत्री का विरोध

चकिया, प्रातः किरण संवाददाता



अनुमंडल के भुवन छपरा में रविवार कल्याणपुर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

जिसमें 19/7 को हुए निर्वाचन में निर्वाचित मंत्री कौशल किशोर सिंह को सभी से पृथक बताते हुए सबों की सहानुभूति और समर्थन पूर्व मंत्री राजेश्वर प्रसाद शाही के साथ होने की बात कही गई। बैठक में राज्य सरकार द्वारा 30.6.22 को जारी अधिसूचना संख्या 1269 के आलोक में पूर्व पट्टेदारी सदस्यों के नाम से एक साल की अवधि विस्तार का स्वागत करते हुए इसपर अमल करने की बात कही गई। जिसके बाद पूर्व मंत्री राजेश्वर प्रसाद शाही ने सभी सदस्यों जो पूर्व से पट्टेदार है से राजस्व संग्रह कर सरकारी खजाने में जमा करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया।

समिति के अध्यक्ष सुखाड़ी सहनी ने बताया कि अध्यक्ष सहित कुल बारह सदस्य एक साथ एक जगह है। वे सभी निर्वाचित मंत्री को किसी कीमत पर समर्थन नहीं देंगे। उन्होंने भुवन छपरा के बाहर होने वाली बैठकों के बहिष्कार की बात भी कही। मौके पर भुखाली सहनी, विश्वनाथ सहनी, हरिश्चंद्र साह, हिरालाल सहनी, प्रेम कुमार, सुरेश भगत, शारदा देवी, सीता देवी, मंजू देवी, रितु देवी, सुनिता देवी सहित सभी समिति सदस्य मौजूद थे।

# बोलेरो पर लदे 20 कार्टून बियर व 24 कार्टून कस्तूरी शराब बरामद

रामगढ़वा, प्रातः किरण संवाददाता



रामगढ़वा पुलिस ने रविवार की सुबह थाना क्षेत्र के भैंसड़ा एनएच 28 पर पेट्रोल पंप चौक के समीप गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर नेपाल से लाये जा रहे 24 कार्टून कस्तूरी शराब व 20 कार्टून बियर सहित चोरी की बोलेरो को बरामद किया है।

पुष्टि करते हुए रामगढ़वा थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान ने बताया कि रविवार की सुबह दूरभाष पर सूचना मिली थी कि शराब तस्करों द्वारा बड़ी मात्रा में नेपाल से अवैध शराब की खेप सिल्वर कलर की बोलेरो से जा रही है, तभी सूचना मिलने के उपरांत थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान, दारोगा नवीन मिश्र व पुलिस बल भैंसड़ा पेट्रोल पंप के समीप रुक गए, जहाँ बोलेरो चालक पुलिस गाड़ी को देख तेज रफ्तार से चलाने लगा, जिसके बाद पुलिस ने गाड़ी से खदेड़ कर बोलेरो को पकड़ा, जहाँ गाड़ी की जांच आरटीओ से की गई, जिसके बाद जहाँ गाड़ी चोरी की मिली वही गाड़ी की तलाशी में भारी मात्रा में शराब की बरामदगी की गई।

इस दौरान थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब में 20 कार्टून बियर 5 सौ एमएल व 24 कार्टून कस्तूरी शराब के बरामद की गई। वहीं जब्त चोरी की बोलेरो को थाने में ले आयी। छापेमारी में पुलिस बल सहित स्थानीय चौकीदार नवल यादव, रोशन कुमार भी शामिल थे।

# भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट का प्रतिनिधि सम्मेलन 7 अगस्त को

मुजफ्फरपुर, प्रातः किरण संवाददाता

मोतीपुर प्रखंड भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट का एक दिवसीय प्रतिनिधि सम्मेलन आगामी 7 अगस्त को नरियार स्थित पावर ट्रैक ट्रैक्टर एजेंसी के परिसर में आहूत की जाएगी। उक्त निर्णय रविवार को पावर ट्रैक ट्रैक्टर एजेंसी के परिसर में संपन्न हुए फ्रंट के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक में ली गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया प्रमोद ठाकुर तथा संचालन विनय ठाकुर ने किया।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने फ्रंट का अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष का भी चुनाव किया। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व मुखिया प्रमोद ठाकुर को प्रखंड अध्यक्ष एवं पूर्व मुखिया शशि रंजन कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह, पंचायत समिति सदस्य सोनू सिंह महंथ सुबोध ठाकुर व मनोज पांडे को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए फ्रंट के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने कहा कि सत्ता व शासन की उपेक्षा के कारण आज हमारा समाज काफी कमजोर हो गया है। उन्होंने कहा कि कल तक हमारा समाज राजनैतिक व सामाजिक रूप से समाज में अग्रणी भूमिका में था। लेकिन आज हमारे समाज को सभी राजनीतिक दलों द्वारा मजबूर व पिछलग्गू समझे जाने लगा है। उन्होंने कहा कि आज स्थिति है कि हमारे समाज को राजनीतिक दलों के द्वारा बड़ी चालाकी से सत्ता में हैसियत को सीमित कर दी गई है। जिससे हम अब कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अब हम अपने अधिकार के लिए लड़ेंगे, एकजुट होंगे। साथ ही अपने पुरखों के विरासत को फिर से पुनः स्थापित करेंगे।



उन्होंने उपस्थित लोगों आगामी 7 अगस्त प्रतिनिधि सम्मेलन में बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी लोगों से आह्वान किया। इस मौके पर बैठक को समाजसेवी गोपाल शाही, पूर्व प्रमुख मणि भूषण शर्मा, कमलेश कुमार सिंह, श्री कृष्णा, चुम्मन पांडे, मनोज पांडे, नरेंद्र कुमार, उमेश ठाकुर, मुकेश ठाकुर, सुरेश चंद्र चौधरी, श्याम कुमार राय, पुरुषोत्तम पांडे लोगों ने बैठक को संबोधित किया।

# मुहर्रम को लेकर कमिटी की हुई बैठक



रोहतास ब्यूरो, प्रातः किरण

**सासाराम।** रविवार को महल्ला मोगलपुरा, सासाराम में अनवर कुरैशी के मकान पर मुहर्रम एवं व्यवस्था को लेकर मरकजी मोहर्रम कमिटि सासाराम की एक विशेष बैठक हुई जिसमें कमिटि के सदस्यों के साथ प्रयास से भी अधिक लाईसेंसी खलीफाओं ने भाग लिया जिसमें मोहर्रम जुलूस 2022 ई० के बारे में विभिन्न समस्याओं एवं विशेष प्रबंधों के बारे में विचार विमर्श किया गया एवं प्रस्ताव पारित किये गये। कुछ खलीफाओं के द्वारा लाए गये प्रस्ताव पर भी इस बैठक में विचार विमर्श किया गया कि चूंकि अगले स्मृति में कुछ महीनों के बाद कमिटि का पाँच वर्षों का कार्यकाल पुरा होने जा रहा है तो क्यों न हमलोग नया चुनाव कराने के बजाए हमलोग वर्तमान कमिटि का ही अगले पाँच वर्षों के लिए विस्तार कर दें जब कि हमलोग वर्तमान कमिटि के कार्यों एवं कार्य शैली से हर तरह संतुष्ट है। और उस पर पूर्ण भरोसा करते हैं तो इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर वर्तमान कमिटि का अगले पाँच वर्षों के लिए विस्तार कर दिया गया। और अगले पाँच वर्षों तक वर्तमान कमिटि ही काम करेगी जो मो, मुन्ना की अध्यक्षता में काम करेगी जिसके महासचिव अखलाक अहमद रिजवी ही रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### जदयू के समर्पित कार्यकर्ता थे चन्देश्वर बिंद : आरसीपी



पटना। जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय इस्पात मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह अपने सैकड़ो नेता कार्यकर्ता के साथ रविवार को नालंदा जिला अस्थामा प्रखंड अंतर्गत अपने मुस्तफापुर गांव से सुबह 10 बजे जहानाबाद जिला के बालाबीघा जाकर जदयू के दिवंगत जिलाध्यक्ष स्व. चन्देश्वर बिंद के परिजनों से मिले। वहां श्री सिंह स्व. चन्देश्वर बिंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। वहां श्री सिंह ने उनके पुत्र नंदकिशोर बिंद एवं समस्त शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि स्व. चन्देश्वर बिंद जदयू के समर्पित कार्यकर्ता व नेता थे। उनके आसमयिक निधन से पार्टी ने एक समर्पित कार्यकर्ता खो दिया है। जिसकी भरपाई करना नामुमकीन है। श्री सिंह ने कहा कि पार्टी में कार्यकर्ता ही उसकी ताकत होते है और कार्यकर्ता के ही त्याग पर पार्टी की नीव स्थापित होती है। इससे पहले पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामचन्द्र प्रसाद सिंह का नालंदा व जहानाबाद के बीच जदयू के कार्यकताओं का भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने श्री सिंह को फूल माला से लाद दिया और उनके अभिनंदन में नारेबाजी की। रास्ते में श्री सिंह का बिहारसरीफ, मकानपुर, परबलपुर रोड,नारी बजार,नारी त्यागी गांव,दहपर गांव,सुदरबिगहा,अजनवरा बाजार,यादव चौक परबलपुर, परबलपुर बाजार, तेलहारा बाजार, बंधुगंज,काको,निजामुद्दीन पुल, निजामुद्दीन बाजार, जहानाबाद बाजार में अल्पसंख्यक समाज कार्यकर्ता व अतिपिछड़ा समाज के कार्यकर्ता ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्री सिंह कहा कि जदयू के कार्यकर्ता एनडीए सरकार की उपलब्धियों को आम जनता तक ले जाएं। इस दौरान उनके साथ शिक्षाविद कन्हैया सिंह, जदयू के महासचिव डॉ विपिन कुमार यादव, अमर कुमार सिन्हा, विशन कुमार बिट्टू, संतोष महतो, रोहन प्रजापति, पूर्व प्रकोष्ठ अध्यक्ष सन्नी पटेल, विजय शर्मा, डॉ. ललिता, उपेन्द्र विभूति, श्याम पटेल, अंकित तिवारी, शादाब आलम, विजय शर्मा, प्रवीण चन्द्रवंशी, जितेन्द्र नीरज, शंकर पटेल, संजु कुमारी,मीनू पटेल, विनय चनद्रवंशी, छोटे मुखिया, अमित कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में जदयू कार्यकर्ता नेता शामिल थे।

# अमित शाह व जेपी नड्डा के पटना आगमन को लेकर तैयारी जोरों पर

### बीजेपी मोर्चों की संयुक्त कार्यकारिणी बैठक में होंगे शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- 30 को नड्डा और 31 को शाह पटना में कार्यक्रम को करेंगे संबोधित

भाजपा की राष्ट्रीय मोर्चो की संयुक्त कार्यकारिणी की बैठक 30 और 31 जुलाई को पटना में होगी। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह क्रमशः 30 और 31 जुलाई को शामिल होंगे और संबोधित करेंगे। दोनों शीर्ष नेताओ केआगमन को लेकर तैयारी जोरों पर है। कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी देते हुए रविवार को बीजेपी सह प्रभारी हरीश वेदी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम को ऐतिहासक बनाने के लिए जोर शोर से तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि 7 मोर्चों के संयुक्त कार्यकारिणी की बैठक होगी। इसमें 30 जुलाई को जेपी नड्डा और 31 जुलाई को अमित शाह पटना में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। पटना के ज्ञान भवन में होने वाले कार्यक्रम में देश भर से भाजपा के नेता और कार्यकर्त्ता शामिल होंगे। इस दौरान 31 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी पटना में ही जेपी नड्डा अन्य भाजपा नेताओं के साथ सुनेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान बिहार में नवनिर्मित 16 जिला कार्यालयों का उदघाटन और 7 जिलों में कार्यालयों का शिलान्यास भी होगा। जायसवाल ने कहा कि भाजपा की कोशिश है कि प्रत्येक जिले में अपनी जमीन पर पार्टी का दफ्तर हो। इसी क्रम में जिलों में कार्यालयों का उदघाटन और शिलान्यास होगा। इस दौरान बिहार के सभी जिलों के पदाधिकारी बेबकास्टिंग के माध्यम कार्यक्रम सुनेंगे। इस दौरान हरीश ने कहा कि बिहार के 200 विधानसभा क्षेत्रों में केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की नीतीश सरकार की जनहितकारी योजनाओं से जनता को अवगत कराने के लिए विशेष कैंप किया जाएगा। बाद में शेष बचे विधानसभा क्षेत्रों में भी इसका विस्तार किया जाएगा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने कहा कि बैठक में राष्ट्रीय स्तर, प्रदेश स्तर के मोर्चे के पदाधिकारी उपस्थित होंगे। बैठक को लेकर तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी कार्यकताओं का प्रयास है कि इस बैठक को यादगार बनाया जाए। संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल, उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मीडिया प्रभारी राकेश सिंह भी उपस्थित रहे।

# युवा जदयू के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों की सूची निरस्त : उमेश कुशवाहा



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- प्रदेश युवा जदयू अध्यक्ष को दस दिनों में नयी सूची देने का दिया गया निर्देश

जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने प्रदेश युवा जदयू द्वारा जारी जिला अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की सूची को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। साथ ही युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष को निर्देश दिया है कि दल की नीति के अनुरूप सामाजिक एवं क्षेत्रीय संतुलन का पालन करते हुए दस दिनों के अंदर नयी सूची प्रदेश कार्यालय को समर्पित करें। प्रदेश युवा जनता दल (यूनाइटेड) के जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की जारी सूची के समीक्षोपरांत पाया गया कि दोनों सूची में सामाजिक, साम्प्रदायिक एवं क्षेत्रीय संतुलन का ख्याल नही रखा गया है। दोनों सूची में अतिपिछड़ों, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक समुदाय एवं महिलाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नही है। प्रदेश युवा जनता दल (यूनाईटेड) द्वारा जारी जिला अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की सूची को कार्यालय आदेश निकालकर तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। साथ ही युवा जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि दल की नीति के अनुरूप सामाजिक एवं क्षेत्रीय संतुलन के अनुसार दस दिनों के अंदर प्रदेश कार्यालय को नयी सूची उपलब्ध करावें।

## 19 लाख नौकरी देने का वादा पूरा करे सरकार : युवा राजद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

युवा राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार यादव ने कहा कि 60 प्रतिशत से अधिक युवा आबादी वाले बिहार में सबसे अधिक बेरोजगारी है। बिहार का हर दूसरा युवा बेरोजगार है फिर भी नीतीश सरकार के पास बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए किसी तरह का रोडमैप नहीं है। श्री यादव ने कहा कि नीतीश सरकार ने युवाओं से 19 लाख नौकरी देने का वादा किया था। वादा किए 20 माह से अधिक हो गए लेकिन सरकार किए गए वादे को भूल गई। सरकार को हर हाल में युवाओं से किए 19 नौकरी देने के वादे को पूरा करना होगा। बेरोजगारी के सवाल पर युवा राजद चुप बैठने वाले नहीं है। श्री यादव ने कहा कि 16 वर्षो से बिहार में नीतीश-भाजपा गठबंधन की सरकार है फिर भी किसी प्रकार का एक भी उद्योग नहीं लगे जहां भारी संख्या में बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके। राज्य में रोजगार नहीं मिलने के कारण बड़े पैमाने पर पलायन जारी है। नीतीश सरकार के गलत नीतियों ने युवाओं का वर्तमान और भविष्य को बर्बाद कर दिया।

## शुभकामनाएं



**पटना। भाजपा के संस्थापक सदस्य और पूर्व सांसद आर के सिन्हा ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह के पूर्व उनके आवास पर जाकर मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दी। सिन्हा ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू से मिलकर ऐसा लगा, जैसे वे विन्रमता और वात्सल्य की साक्षात मूर्ति है। इस अवसर पर सिन्हा ने अपनी लिखी पुस्तकें भी उन्हें भेंट की।**

# राज्य के 9 प्रमंडलीय जिलों में डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर होंगे संचालित : मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं हेतु 12 प्रकार के स्वास्थ्यकर्मियों की होगी तैनाती

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य के 9 प्रमंडलीय जिलों में डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर( डीईआईसी) की स्थापना की गयी है। इसमें भागलपुर, दरभंगा, गया, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, पटना, सहरसा एवं सारण जिला शामिल हैं। डीईआईसी के माध्यम से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत रेफर किए जा रहे बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। साथ ही उच्च स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर ईलाज के लिए सभी संबंधित स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय स्थापित भी करना है। श्री पांडेय ने कहा कि वर्तमान में भागलपुर, गया, मुजफ्फरपुर एवं सहरसा जिले में डीईआईसी के भवन निर्माण का कार्य पूरा हो गया है। शेष 5 जिलों में भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसे भी शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। जिन स्थलों पर भवन निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, वहां डीईआईसी के स्वास्थ्य कर्मी एवं पारा मेडिकल स्टाफ के बैठने की व्यवस्था विभाग द्वारा की जा रही है। जिन जिलों में भवन निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है, उन जिलों के अधीनस्थ अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में डीईआईसी के कर्मियों के बैठने की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। डीईआईसी पर 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं बच्चों को प्रदान की जाएंगी। इसके लिए 12 प्रकार के स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति होगी। डीईआईसी पर स्वास्थ्य या मेडिकल, दंत, ऑक्यूपेशनल एवं फिजियोथेरेपी, मनोवैज्ञानिक, अनुभूति, ऑडियोलॉजी एवं स्पीच-लैंग्वेज पैथोलॉजी। विजिन, लैब, पोषण, सामाजिक सहयोग, साइको-सोशल एवं ट्रांसपोर्टेशन सेवाएं प्रदान की जाएंगी। श्री पांडेय ने कहा कि डीईआईसी के कुशल संचालन की जिम्मेदारी सभी क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई को सौंपी गयी है। डीईआईसी पर दवाओं की उपलब्धता पर ध्यान देते हुए इसकी जिम्मेदारी संबंधित जिले के जिला स्वास्थ्य समिति को दी गयी है। विभाग निरंतर बाल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में जुटा है। डीईआईसी के संचालन से बाल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में बढ़ोतरी होगी एवं बच्चों में होने वाली कई जटिल समस्याओं का जिला स्तर पर उचित उपचार हो सकेगा।

# ईडी के खिलाफ कांग्रेस का शांतिपूर्ण सत्याग्रह 26 को

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के इशारे पर केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी के द्वारा नाहक कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी से बार-बार पूछताछ की कार्रवाई से आक्रोशित कांग्रेस की बिहार इकाई ने 26 जुलाई को पुनः गांधी मूर्ति के समक्ष शांतिपूर्ण सत्याग्रह करने का ऐलान किया है। इस बाबत जानकारी देते हुए बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि हमारी शीर्ष नेता और राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी हाल में अस्पताल से बाहर निकली हैं और उनको भाजपा के इशारे पर राजनीतिक द्वेष में ईडी के द्वारा बार बार पूछताछ के लिए बुलाना केवल मानसिक प्रताड़ना है। भाजपा सरकार यह न भूले कि अहिंसा के समर्थक कांग्रेसजन उनके इस दमनात्मक कार्रवाई पर मौन धारण कर लेंगे। हम शांतिपूर्ण सत्याग्रह का रास्ता चुनें हैं और भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सकरार की चूलें हिला कर ही दम लेंगे, ऐसी कार्रवाइयों से हम डरने वाले नहीं है। इसी के तहत कांग्रेस पार्टी के सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा के नेतृत्व में गांधी मूर्ति, गांधी मैदान पर 26 जुलाई को सभी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, विधानमंडल दल के नेता, राज्यसभा और लोकसभा सांसद, विधायकगण, विधान पार्षदगण, प्रदेश के सभी पदाधिकारी, एआईसीसी सदस्य, जिला अध्यक्ष और सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी सत्याग्रह में शामिल होंगे। यह सत्याग्रह तब तक जारी रहेगा जब तक हमारी राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी ईडी कार्यालय से बाहर नहीं निकल जाती।

# मोकामा उपचुनाव की तैयारी में जुटे सहनी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने रविवार को ऐलान किया कि वे किसी से कम नहीं हैं और मोकामा में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में अपने सियासी दुश्मन एनडीए को मात देने के लिए तैयार हैं। मोकामा विधानसभा से राजद विधायक रहे अनंत सिंह को एक मामले में अदालत से सजा होने के बाद अगले 6 महीनों में वहां चुनाव होना है। मुकेश सहनी ने मोकामा विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर रविवार को पार्टी कार्यकताओं संग बैठक की। सहनी ने कहा कि हम मोकामा में पूरी ताकत से उतरेंगे और अपने दुश्मन यानी भाजपा को मात देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का मतलब एनडीए और मोकामा से जो भी एनडीए घटक दल चुनाव में उम्मीदवार उतरेगा उसे हराना उनका एकमात्र लक्ष्य है। सहनी ने कहा कि वर्ष 2018 में जब उन्होंने पटना के गांधी मैदान में एक रैली की थी तब सबसे ज्यादा मल्लाह समाज के लोग मोकामा से आए। उन्होंने मोकामा विधानसभा क्षेत्र में मल्लाह, बिंद, नोनिया, सहनी आदि जातियों के 42 हजार से ज्यादा मतदाता होने का दावा किया। सहनी ने कहा कि उनकी पार्टी अपने कोर वोट बैंक के सहारे मोकामा में उतरेगी और भाजपा तथा एनडीए को हराएगी। मोकामा उपचुनाव में वीआईपी किसे उम्मीदवार बनाएगी इस पर फिलहाल किसी का नाम तय नहीं है। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही मोकामा जाएंगे और पार्टी कार्यकताओं से मिलेंगे। गौरतलब है कि मोकामा में अगले छह महीने में उपचुनाव होना है। अनंत सिंह को 21 जून को कोर्ट ने सजा सुनाई थी जिसके बाद उनकी सदस्यता चली गई थी।

# शाहनवाज हुसैन ने द्रौपदी मुर्मू से मिलकर दी बधाई



- कहा- सर्वोच्च पद पर उनके विराजमान होने से हर देशवासी है गौरवान्वित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और बिहार के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने देश की नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान होने के लिए बधाई दी और उनका कार्यकाल सफलतम होने की कामना की। सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि जब पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है और समाज के हर वर्ग के सशक्तिकरण की मुहिम चल रही है, ऐसे में देश के सर्वोच्च पद पर द्रौपदी मुर्मू जी का विराजमान होना ऐतिहासिक और हर देशवासी को गौरवान्वित करने वाला पल है। सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि पहली बार आदिवासी समाज की बेटी पूरी दुनिया में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने कहा कि माननीया नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नारी सशक्तिकरण के साथ साथ नए भारत की प्राथमिकताओं की प्रतीक हैं। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तेजी से नए भारत का निर्माण हो रहा है जिसमें समाज के पिछड़े और वंचित वर्ग को भी पूरा प्रतिनिधित्व देने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि द्रौपदी मुर्मू जी के जीवन का संघर्ष और संघर्षों, सीमाओं के बावजूद देश की 15वीं राष्ट्रपति के पद पर विराजमान होना, सभी देशवासियों को प्रेरित करेगा और राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में सबकी भागीदारी सुनिश्चित होगी।

# बिहार कोकिला थीं गीति-धारा की अप्रतिम कवयित्री डॉ. सुभद्रा वीरेंद्र

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




- साहित्य सम्मेलन में पुस्तक कवयित्री सुभद्रा वीरेन्द्र की गीति कविताएं का हुआ लोकार्पण

अपने मधुर कंठ और प्रांजल लेखनी से भोजपुरी और हिन्दी के हृदय-हारी गीतों से संपूर्ण भारतवर्ष में गीत का अलख जगानेवाली विदुषी कवयित्री डा सुभद्रा वीरेन्द्र सत्य ही बिहार की कोकिला थीं। ईश्वर ने उन्हें हमसे असमय ही छीन लिया। उनके मर्म-स्पर्शी गीत हमारी थाती हैं, जिनसे सदियों तक मानव-मन की पीड़ा हरी जाती रहेगी। यह बातें रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में कवयित्री की गीति-रचनाओं पर केंद्रित मनीषी विद्वानों के आलोचना-आलेखों के संग्रह कवयित्री सुभद्रा वीरेन्द्र की गीति कविताएं के लोकार्पण समारोह एवं कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि सुभद्रा जी भारतीय-नारी की विनम्र-संज्ञा थी। उन्हें देखना सरस्वती के जीवंत विग्रह का दर्शन करना था। वो अद्वितीय थीं। उनकी अनुपस्थिति में लोकार्पित यह पुस्तक उनके प्रति एक विनम्र श्रद्धांजलि है। पुस्तक में प्रकाशित लेखों के संकलन और कुशल संपादन के लिए कवयित्री के दोनों सुसंस्कृत पुत्र दिव्यांशु शेखर और शेषांशु शेखर बधाई और आशीर्वाद के पात्र हैं। सामारोह का उद्घाटन करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.सी पी ठाकुर ने कहा कि राजनीति और साहित्य में बड़ा अंतर हो गया है। साहित्य बहुत बड़ा है। राजनीति वालों को उसका सम्मान और अनुसरण करना चाहिए। कविताएँ सुनना बहुत अच्छा लगता है। उससे प्रेरणा मिलती है।

वरिष्ठ कवि नचिकेता ने कहा कि यह स्त्री-विमर्श का युग है। स्त्रियां आज पुरुषों से कंधा से कंधा मिलकर चलती हैं। किंतु हमने कभी भी सुभद्रा जी का आंचल सिर से नीचे गिरा नहीं देखा। वह भारतीय परंपरा की जीवाद उदाहरण थी। वरिष्ठ कथा लेखिका डॉ. उषा किरण खान ने कहा कि सुभद्रा जी के गीतों उनके स्वर और उनकी आत्मीयता से मैं सदा अभिभूत रही हूं। वो मेरे प्रति अगाध स्नेह-सम्मान रखती थीं। कवयित्री के पति और विद्वान समालोचक प्रो कुमार वीरेन्द्र ने कहा कि सुभद्रा जी की भोजपुरी और हिन्दी गीतों की ६ पुस्तकें प्रकाशित हैं। उनके व्यक्तित्व और रचनाओं में भारतीय नारी की एक दिव्य छवि भासित है। वो संसार की समस्त नारियों की पीड़ा को अपनी ही पीड़ा समझती थीं। इस अवसर पर सम्मेलन के उपाध्यक्ष डॉ. शंकर प्रसाद, कवि बच्चा ठाकुर, आचार्य विजय गुंजन, कुमार अनुपम, पं गणेश झा, जय प्रकाश पुजारी, विनोद कुमार झा, डॉ.आर प्रवेश, प्रणव पराग, डॉ.सत्येन्द्र सुमन, डॉ. महेश राय, डॉ. विनय कुमार विष्णुपुरी, अनिल कुमार झा, अर्जुन प्रसाद सिंह, ज्योति मिश्रा, अजीत कुमार आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी गीति-रचनाओं से सुभद्रा जी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच का संचालन डा अर्चना त्रिपाठी ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्णरंजन सिंह ने किया। समारोह में, शशि भूषण कुमार, संजय कुमार मिश्र, योगेश कुशवाहा, बांके बिहारी साव, कुमार गौरव, प्रत्युष किरण, राजनीति सिंह, कुमार गौरव, अमित कुमार सिंह आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** 25 से 30 जुलाई तक उज्ज्वल भारत के तहत होगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

# सभी जिलों में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बिजली महोत्सव का शुभारंभ आज से

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत बिहार के सभी 38 जिलों में 25 से 30 जुलाई 2022 तक चलने वाले बिजली महोत्सव के तहत उज्वल भारत,उज्वल भविष्य-पावर 2047 कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार से किया जायेगा । इसी क्रम में पटना जिले में इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु अधिवेशन भवन एवं बिहार म्यूजियम को आयोजन स्थल के तौर पर चयनित किया गया है, जिसमें दिनांक 26 जुलाई व 27 जुलाई 2022 को इन दोनों स्थलों पर बिजली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथियों के अलावा, बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री, नितिन नवीन और युवा,कला एवं संस्कृति मंत्री, डॉ. आलोक रंजन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे । कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य द्वारा विद्युत तथा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्रों में किए गए विभिन्न उपलब्धियों को जनता के लिये प्रदर्शित किया जाएगा तथा वर्ष 2047 जब हम अपनी आजादी के 100 वर्ष पूर्ण कर रहे होंगे, के लिये इन क्षेत्रों में भारत के दृष्टिकोण को भी प्रदर्शित करेगा। कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के विद्युत मंत्रलाय व राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग से सम्बन्धित योजनाओं, कार्यक्रमों के प्रस्तुतीकरण, प्रदर्शनी के साथ ऊर्जा संबंधी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्मों के वीडियो आदि का भी प्रदर्शन किया जायेगा।

इस दौरान प्रतिभागी लाभार्थी से केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं व लक्ष्यों पर भी सभी की राय लिए जाने का प्रयास किया जाएगा। 30 जुलाई को इस कार्यक्रम का भव्य समापन प्रधानमंत्री जी के द्वारा देश में कार्यान्वित विद्युत क्षेत्र के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें पटना जिले के स्मार्ट मीटर के लाभार्थियों भी शामिल हैं। केन्द्रीय विद्युत मंत्रलाय ने इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन हेतु एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 पटना के कार्यकारी निदेशक, सीतल कुमार को बिहार के लिए राज्य नोडल अधिकारी नामित किया है । वही, राज्य के सभी 38 जिलों में से, 25 जिलों में एनटीपीसी,12 जिलों में पावरग्रिड और 1 जिले में सतलज जल विद्युत निगम के पदाधिकारियों को जिला नोडल पदाधिकारी की जिम्मेवारी सौपी गई है, जो अपने संबन्धित जिलों के जिला पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर राज्य सरकार के सहयोग एवं मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम को संयुक्त रूप से आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जोर शोर से जुटे हुए हैं। गौरतलब है कि केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय के निर्देश पर बिजली महोत्सव के तहत बिहार के हर जिले में दो-दो कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं ।

# दलित परिवारों को सुनियोजित तरीके से बनाया जा रहा निशाना : चिराग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- कहा-कानून को ताख पर रखकर काम कर रही पुलिस

रक्षक ही भक्षक बना है। बिहार में नियम कानून को ताख पर रखकर पुलिस काम कर रही है। उक्त बातें लोजपा-(रामविलास) के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए, लोजपा-(रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान ने कही। कहा कि नवादा जिला के कौआकोल के सरौनी गांव में एक दलित परिवार के साथ कौआकोल थाना की पुलिस मध्य रात्रि में बिना कोई वजह बताये घर मे घुसकर परिवार के साथ बर्बतापूर्वक मारपीट के घटना को अंजाम दिया जो बेहद शर्मनाक है। उक्त मामलें को लेकर पुलिस द्वारा यह दानवी बर्ताव को लेकर चिराग पासवान ने प्रदेश में अराजक हुई कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाया है और कहा कि प्रदेश भर में जिस तरह दलित परिवारों के साथ पुलिस और अपराधियों द्वारा सुनियोजित घटना को अंजाम दिया जा रहा है। उससे प्रदेश के दलितों एवं आम-जन में भय का माहौल व्याप्त है। घटना के पांच दिनों बाद भी पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई ना करना कानून का खुल्लम-खुला उल्लंघन एवं पुलिसिया बहशीपन का मामला है। उक्त घटना को लेकर चिराग पासवान ने महामहिम राष्ट्रपति, महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मानवधिकार आयोग,मुख्य न्यायाधीश, महिला आयोग बिहार सरकार एवं पुलिस महानिदेशक से इस घटना से संबंधित आशय का पत्र लिखा है और इस मामलें को लेकर उच्चस्तरीय जांच और सभी दोषी पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से । मुअत्तल करने की मांग की है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने पत्रकारों को बताया कि संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, प्रधान महासचिव संजय पासवान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार, रेणु कुशवाहा, पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. सत्यानंद शर्मा,राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार, इन्दु कश्यप, युवा लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, संगठन मंत्री ई रविन्द्र कुमार सिंह,युवा के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, छात्र प्रदेश अध्यक्ष सीमांत मृणाल पासवान, एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान, महिला प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिन्हा पासवान, चिकित्सा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह,राकेश रौशन, प्रदेश प्रवक्ता दिनेश पासवान, प्रो विनीत सिंह,अनुपम पासवान, कैप्टन नन्द कुमार पासवान, मीडिया प्रभारी निशांत मिश्रा, प्रदेश महासचिव रंजन सिंह,विनीता सिंह,सुरभि ठाकुर, निभा पासवान, रोमा सिंह,हेमलता पासवान, ओम प्रकाश भारती एवं अन्य नेतागण मौजूद थे। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुन्दन पासवान ने दी।

## शराब पार्टी करते तीन को पुलिस ने दबोचा

पटना। राजधानी पटना में पत्रकारनगर थाने की पुलिस ने शनिवार की देर रात सड़क पर बाइक खड़ी कर शराब पार्टी कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से गिलास, चखना, सिगरेट, शराब की बोतल बरामद की गई। पुलिस ने उनकी बाइक भी जब्त कर ली। ब्रेथ एनलाइजर से की गई जांच में तीनों शराब के नशे में धुत्त मिले। पत्रकारनगर थाना प्रभारी मनोरंजन भारती के मुताबिक पकड़े गए आरोपितों में प्रोपर्टी डीलर रौशन कुमार पलटपुर थाना कतरीसराय नालंदा का रहनेवाला है जबकि अन्य दो आरोपितों में सिमलीचक नूरी थाना मालसलामी का आलोक कुमार तथा कुम्हरार अगमकुआं का नंदा कुमार शामिल है। केस दर्ज कर तीनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने मीडिया को बताया कि रात्रि गश्त के दौरान पकड़े गए आरोपितों कांटी फैक्ट्री रोड स्थित एक कैंटीन के सामने सड़क पर खड़े होकर शराब पी रहे थे। पुलिस की नजर पड़ने पर तीनों शराब की बोतल फेंक कर भागने लगे लेकिन पुलिस ने खदेड़ कर तीनों को कुछ ही दूरी पर धर-दबोचा। इसके बाद तीनों छोड़ देने के लिए चिरौरी करने लगे लेकिन पुलिस ने उनकी एक भी नहीं सुनी।

## संक्षिप्त खबरें

### मूसापुर गैस गोदाम मोहल्ला में ताबड़तोड़ फायरिंग से दहशत में मोहल्ले वासी

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले में अपराधियों का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। अपराधियों का तांडव लगातार जारी है। आए दिन अपराधी छोटी-बड़ी घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। बेलगाम अपराधी पुलिस को खुली चुनौती देकर बेखौफ हो एक के बाद एक आपराधिक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मूसापुर गैस गोदाम मोहल्ला का है। जहां 15 से 20 की संख्या में पहुंचे हथियारबंद बदमाशों ने एक घर के बाहर कई राउंड फायरिंग की। फायरिंग की घटना के बाद आसपास दहशत का माहौल कायम हो गया। फायरिंग के बाद सभी बदमाश हथियार लहराते वहां से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### प्रदर्शन की तैयारी को लेकर सीपीआईएम की बैठक संपन्न

विभूतिपुर। विभिन्न मुद्दों को लेकर सीपीआईएम की प्रस्तावित 29 जुलाई 2022 को आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामनाथ महतो कर रहे थे। वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर विभूतिपुर विधायक अजय कुमार मौजूद थे। बैठक में अरविंद कुमार दास, मनोज कुमार, कृष्णमूर्ति, शंभू यादव, जितेंद्र कुमार सिंह, ब्रह्मदेव महतो, अजीत कुमार महतो, क्रांति कुमार, पवन कुमार, दिलीप कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### भोज खाने निकली महिला अपने तीन बच्चों के साथ लापता

भागलपुर। सुल्तानगंज दुधैला की एक महिला तीन बच्चों के साथ लापता है। पति भोला कुमार ने इस बाबत सुल्तानगंज थाना को लिखित सूचना दी है। थानाध्यक्ष लालबहादुर के अनुसार सुल्तानगंज पुलिस महिला सहित बच्चों के बरामदगी के लिए छापामारी कर रही है। लापता महिला के पति भोला कुमार ने आवेदन में कहा है कि उनकी पत्नी पूनम कुमारी अपने तीनों बच्चे आदित्य कुमार 6 वर्ष, मधुमाला कुमारी 5 वर्ष एवं अभिनव कुमार 3 वर्ष के साथ भोज खाने अपने रिश्तेदार के यहां 19 जुलाई को बरियारपुर गयी थी। लेकिन अब तक सुल्तानगंज वापस नहीं आयी है। भोला ने बताया कि अपने सभी रिश्तेदार के यहां खोजा पर न तो पत्नी मिली और न ही बच्चे।

### भागलपुर जिले को सुखाड़ घोषित कर, किसानों को मुफ्त राशन मुहैया करवाये सरकार

सबौर। जिला कांग्रेस कमिटि के कार्यकारी अध्यक्ष बीपिन बिहारी यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जिला को सरकार सुखाग्रस्त घोषित करे। मालूम हो की वर्षा नहीं होने के कारण किसान के धान का बिचड़ा सूख गया है। जिससे धान की रोपाई भी नहीं हो पायेगी, ऐसे में किसान के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। जिला कांग्रेस कमेटी मांग करती है किसान को फ्री बिजली दिया जाय ताकि कुछ रोपा हो सके और खेती पर आश्रित किसान को 6 महीना 6 हजार प्रति महीना दिया जाय, साथ ही मुफ्त राशन हर किसान को उपलब्ध कराए सरकार।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी : चौथी बार अंचलमंत्री बने अनिल महतो

रोसड़ा, प्रात : किरण संवाददाता




भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल परिषद रोसडा.का दो दिवसीय अंचल सम्मेलन स्थानीय प्राथमिक विद्यालय लालपुर, शाखा सोनुपुर में कॉ सईद अंसारी एवं राजकुमार साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सम्मेलन का सत्र कल शाम से ही प्रारंभ हुई जिसमें सर्वप्रथम अंचल मंत्री ने शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किए।

उदघाटन भाषण करते हुए रामचंद्र महतो भाकपा राज्य परिषद सदस्य ने कम्युनिस्ट विचारधारा एवं वर्तमान देश दुनिया की राजनीति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दुनिया की राजनीत जिस तरह की हो गई है, कई कमजोर देशों कर्ज में डूबी हुई है। श्रीलंका की हालत आपके सामने है, जरूरत है एकजुट होकर सभी उत्पादन के साधनों को निजी करण होने से बचाएं। अंचल मंत्री अनिल महतो ने प्रतिवेदन एवं आगामी पार्टी के कार्यों हेतु प्रस्ताव पेश किए जिसमें संगठन को आगे बढ़ाने, छात्र-नौजवानों को उन्हें अपने बेहतर जिंदगी जीने के लिए कई प्रस्ताव दिए। कुल 78 साथियों ने इस सत्र में शामिल हुए एवं 16 सदस्यों ने कार्य प्रतिवेदन पर बहस में भाग लिया। सत्र में यह निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में जनता की समस्या सुनने एवं निदान हेतु हर माह पंचायत स्तर पर सर्वहारा दरबार लगाएगी। पुनः 28 सदस्यों का गठन किया गया सर्वसम्मति से कॉ अनिल महतो को चौथी बार अंचलमंत्री चुना गया। सभा के अंत में समापन भाषण जिला सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह मुन्ना ने किया। सत्र में घुरनी देवी, सरोजिनी देवी, ललिता देवी, राजकुमार पंडित, रामबाबू यादव, साहेब शर्मा, लाल बहादुर पासवान, ललन पासवान, अरविंद कुमार यादव, लालबाबू दास, अविनाश कुमार पिंटू, धर्मेन्द्र महतो, अभिषेक ठाकुर, मोहम्मद जावेद, बिनोद दास, गौरव शर्मा, रामचंद्र यादव, रूमल यादव, सहदेब महतो, राम बालक दास, जयकांत पासवान, अरविंद यादव, रमेश पासवान आदि शामिल थे। सोनूपुर शाखा के चुनाव में साहेब शर्मा पुनःशाखामंत्री चुने गए।

## आपदा प्रबंधन टीम ने 15 गोताखोरों को दिया प्रशिक्षण



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

आपदा प्रबंधन समस्तीपुर टीम के द्वारा बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर गोताखोरों को डूबने से बचाव एवं सुरक्षित स्थानों पर किस तरह पहुंचाया जाय का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिवाजीनगर प्रखंड के कारेह नदी के बरियाही घाट के समीप दिया गया। जिसमें 15 व्यक्तिओ ने प्रशिक्षण में शामिल हुए प्रशिक्षण के दौरान अंचल से सीआई कपिल देव झा एवं पदाधिकारी की मौजूदगी में एनडीआरएफ की टीम के द्वारा पानी में तैरने वाली जैकेट एवं नाव के साथ मौक पर ड्रील कराया गया। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थी के रूप में नंदकिशोर सहनी, प्रमोद कुमार, लालन मुखिया, संदीप कुमार, पवन मुखिया, रंजीत मुखिया, नीतीश कुमार, अभिषेक कुमार, रौशन कुमार, घनश्याम कुमार, सुरेश मुखिया, रविंद्र मुखिया, शंकर मुखिया, राजकुमार मुखिया, उपेंद्र मुखिया ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

## विधुत समस्या के निदान के लिए सौपा ज्ञापन



भागलपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिला कौमी तंजीम के अध्यक्ष मो. तकी अहमद जावेद ने भागलपुर के विभिन्न वार्ड में बिजली की समस्या एवं जर्जर तार और अधिक बिल आने से संबंधित बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति के संयोजक प्रकाश चंद्र गुप्ता को एक ज्ञापन दिया। लिखित ज्ञापन में भागलपुर 51 वार्ड के जनता का स्व हस्ताक्षर व मीटर नंबर साथ में मोबाइल नंबर दिया गया। समस्या को लेकर बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति से मांग किया है कि जल्द से जल्द भागलपुर के वार्डों की जनता को विधुत विभाग द्वारा होने वाले समस्याओं को दूर करवाएं। बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति अगर इस कमी दूर नहीं करवा पायेगी तो उग्र जनता खुद सड़क पर उतर जायेगी। जिला कौमी तंजीम मो. तकी अहमद जावेद अपने तमाम सदस्य के साथ यह मांग किया है कि इसे जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए। इस हस्ताक्षर अभियान में साथ देने वालों में मो. तकी अहमद जावेद, नैयर आजम, हीरो खान, मिंटू कलाकार, कैप अंसारी, लड्डू, गुड्डू मौजूद थे।

## मुखिया संघ की बैठक में भ्रष्टाचार को ले हुई चर्चा

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर मुखिया संघ की बैठक मनरेगा भवन कल्याणपुर के परिसर में संघ के अध्यक्ष अर्चना कुमारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। वहीं बैठक में मनरेगा की योजनाओं को इंट्री कर डिलीट कर देने चर्चा किया गया। वहीं रतवारा पंचायत के मुखिया अब्दुल्ल रहमान ने आवास सहायक पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। साथ ही गोपालपुर पंचायत के मुखिया पर पुलिस द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार की निंदा किया गया। साथ ही मुखिया संघ ने प्रखंड अंचल और मनरेगा के कर्मियों पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। सध के अध्यक्ष ने कहा है कि अविलंब अगर व्यवस्था पर सुधार नहीं किया गया तो प्रखंड मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा। मौके पर गोपालपुर मुखिया राजेश कुमार अजना मुख्य अनिता कुमारी विनोद दास गंगा देवी विद्यानंद राय राधा देवी सहित सभी पंचायत पंचायत के मुखिया मौजूद थे।

# लापता युवक की हत्या की जताई जा रही है आशंका, घटनास्थल पर मिले खून के छींटे

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता




विभूतिपुर थाना क्षेत्र के बोरिया डीह बांध पर रविवार की अहले सुबह खून के छींटे देखकर स्थानीय लोगों ने चौकीदार के माध्यम से इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई। धीरे-धीरे खबर आग की तरह फैल गई। इलाके में दहशत का माहौल बन गया। जांच में पहुंची पुलिस घटनास्थल पर खून के छींटे देखते हुए एक मोबाइल, एक गमछा एवं एक साइकिल बरामद किया।

वहीं ग्रामीणों ने किसी की हत्या की आशंका जता रहे थे। पुलिस बरामद मोबाइल से मोबाइल धारक को पहचान करने का प्रयास किया। उक्त मोबाइल महथी उत्तर पंचायत वार्ड नंबर 13 निवासी बबलू साहनी का बताया गया। जो घर से लापता बताया गया। परिजनों ने बताया कि बबलू साहनी शनिवार की शाम सब्जी लाकर घर में बनाने के लिए देकर टहलने के लिए बोरिया बांध पर गया। स्थानीय लोगों व परिजनों के द्वारा आशंका जताया जा रहा है कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा बबलू की हत्या कर साक्ष्य छुपाने हेतु नदी में फेंक दिया। वहीं लापता युवक के परिजन हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। वैसे जितनी मुंह उतने तरह की बात कही जा रही थी। तरह-तरह की चचाएं हो रहे हैं। वैसे अभी तक शव बरामद नहीं किया गया है। गोताखोर सुबह से प्रयास कर रहे थे लेकिन विफल रहे। गोताखोर के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के मौजूदगी में एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर शव को खोजने में जुटे हुए थे। वहीं घटना के संबंध में थाना अध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने बताया कि परिजनों से पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल से साइकिल मोबाइल और एक गमछा बरामद किया गया है। मोबाइल का सीडीआर लोकेशन लिया जा रहा है। वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए मामले की छानबीन की जा रही है। जल्द ही मामले का उद्भेदन किया जाएगा।

## गुब्बारा गैस सिलेंडर फटने से तीन व्यक्ति बुरी तरह झुलसे, स्थानीय लोगों में भय का माहौल

भागलपुर, प्रात : किरण संवाददाता



कोतवाली थाना चौक के समीप गुब्बारा फुलाने वाले गैस सिलेंडर फटने से तीन युवक बुरी तरह जख्मी हो गए थे। बताया जा रहा है कि उक्त घटना से आसपास के लोगों के रोंगटे खड़े कर दिये थे। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से इलाज के बाद छुट्टी कर दिया गया है। चिकित्सक के अनुसार तीनों मरीज की हालत बेहतर है। सभी को अस्पताल से छुट्टी कर दी गयी।

वहीं घटना को लेकर आसपास के आक्रोशित लोगों की पिटाई से घायल गुब्बारा व्यवसायी मो.राजू अंसारी को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि बिना अनुज्ञप्ति के गुब्बारा गैस सिलेंडर मो. राजू प्रयोग कर रहा था और उसकी लापरवाही से सिलेंडर विस्फोट कर गया। सनद रहे कि घटना के समय भीड़भाड़ नहीं थी। भीड़भाड़ होने की स्थिति में यह घटना मौत का तांता लगा देता। पुलिस के वरीय अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की घटना पुनः नहीं हो इसके लिए सख्ती बरतने के लिए सभी थानाध्यक्षों को कहा गया है।

## रोटरी क्लब ऑफ भागलपुर द्वारा वैक्सीनेशन कराया गया

**भागलपुर।** कचहरी चौक स्थित एक होटल के सभागार में रोटरी क्लब ऑफ भागलपुर के द्वारा 70 व्यक्तियों को कोविड वैक्सीन का टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से दी गई। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ भागलपुर के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार, सचिव अरविंद तिवारी, सत्यजीत सहाय, विनोद वैद्य, रूप कुमार, अमित केजरीवाल, अनुपमा कुमार, अशोक लोहिया, डोली केजरीवाल, नमिता सहाय, राम कुमार मिश्रा, मिथिलेश सिन्हा, दीपक सुल्तानिया आदि रोटेरियन उपस्थित थे। डायरेक्टर डॉ. नीरज गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ भागलपुर द्वारा समय-समय पर वैक्सीनेशन और हेल्थ कैंप किए जाते रहेंगे। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी एएनएम प्रियंका कुमारी और एएनएम सिंपी कुमारी ने सभी लोगों को बारी-बारी से वैक्सीन के टीके देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया है।

## पप्पू यादव पहुंचे दलित दुष्कर्म पीड़िता के घर कार्रवाई के लिए एसपी से की बात

रोसड़ा, प्रात : किरण संवाददाता



रोसड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते 3 तारीख को एक 13 वर्षीय दलित नाबालिग बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना के 5 दिन बीतने के बावजूद भी आज तक पुलिस के द्वारा आरोपी को नहीं पकड़ा गया। इस घटना को लेकर रोसड़ा थाना में रोसड़ा प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख कर ऊपर मामला भी दर्ज किया गया था। लेकिन 22 दिन बीतने के बाद भी रोसड़ा पुलिस अपराधी को धर दबोचे में नाकाम रही। जिससे स्थानीय लोगों में दलित समाज के लोगों में गुस्सा पनप रहा है। इस मामले को लेकर विभूतिपुर के विधायक अजय कुमार ने समस्तीपुर पुलिस अधीक्षक एवं रोसड़ा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से फोन से बात किया था लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ हाथ नहीं लगा। बताया जाता है कि अपराधी आज भी रोसड़ा में घूम रहा है। रोसड़ा में जन अधिकार पार्टी लोकतांत्रिक के पप्पू यादव ने बलात्कार कांड में सहीयार गांव में आकर पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की और पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर ह्रदय कांत तथा सिविल सर्जन समस्तीपुर से फोन से बात की। पीड़ित परिजनों को पप्पू यादव ने भरोसा दिलाया कि राजा सिंह को जेल के सलाखों के पीछे जाना तय है, उसे कोई बचा नहीं पाएगा। पप्पू यादव पूर्व सांसद ने बलात्कार कांड नाबालिक लड़की उनके माता-पिता को आर्थिक सहायता भी दी। मौके पर सुरेंद्र दास, सूरज दास, रामविलास दास, उपेंद्र दास एवं घनश्याम चौपाल आदि मौजूद थे।

# 9 लाख रुपए के साथ युवक गिरफ्तार, लुधियाना से चोरी किए गए थे 10 लाख रुपए

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के गांवपुर पंचायत में पंजाब पुलिस ने उजियारपुर थाना पुलिस के सहयोग से एक घर में छापामारी कर पंजाब के लुधियाना शहर से चोरी की गई 10 लाख रुपए में से नौ लाख एक हजार रुपए बरामद कर लिया। वहीं इस चोरी का मुख्य नामजद अभियुक्त अजय कुमार पासवान मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। इस बाबत पूछे जाने पर पंजाब के लुधियाना जिला अंतर्गत डिवीजन आठ की पुलिस पदाधिकारी स्वर्णचंद ने बताया कि, इसी माह 7 जुलाई 2022 को उजियारपुर थाना क्षेत्र के गांवपुर निवासी अजय कुमार पासवान व राज कुमार पासवान ने मिलकर, पंजाब के लुधियाना शहर स्थित माल रोड निवासी व्यवसायी हरकेश मित्तल के घर से 10 लाख रुपए की चोरी कर ली थी, तथा अजय कुमार पासवान उस पैसे को एक बैग में भरकर घर भाग आया था, तथा राजकुमार पासवान चोरी का शक उन दोनों भाइयों पर ना हो, इसलिए हरकेश मित्तल के घर पर ही रह गया था। जांच के क्रम में पता चला कि जिस रात पैसे की चोरी हुई है, उसी रात से अजय पासवान हरकेश मित्तल के घर से गायब है। संदेह होने पर राजकुमार पासवान से कड़ी पूछताछ की गई, लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। जिसके बाद राजकुमार पासवान को ही लेकर वह सदल बल, गांवपुर स्थित उसके घर पर गए। जहां अजय कुमार पासवान तो नहीं मिला लेकिन चोरी गए 10 लाख रुपए में से नौ लाख एक हजार रुपए घर के कोने में बोरे में बंद पड़ा हुआ मिला। जिसे बरामद कर मिलान कर लिया गया। आपको बता दें कि, अजय कुमार पासवान व राजकुमार पासवान पंजाब के लुधियाना निवासी व्यवसायी हरकेष मित्तल के घर में घरेलू नौकर के रूप में काम करता था। छापामारी दल में उजियारपुर थाना के थानाध्यक्ष अनिल कुमार व राजीव रंजन कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे। पुलिस के द्वारा रामविलास पासवान के पुत्र राजकुमार पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया।

## जन अधिकार पार्टी के अध्यक्ष पहुंचे विभूतिपुर, कार्यकताओं ने किया स्वागत



विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार की लड़ाई की जंग में डटे रहने वाले जन अधिकार पार्टी के अध्यक्ष सह चर्चित नेता राजीव कुमार रंजन उर्फ पप्पू यादव रविवार को विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत पट पारा गांव पहुंचे। जहां कार्यकताओं के साथ साथ आम लोगों के द्वारा जमकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वाले में विवेक कुमार, अर्जुन राय, रंजीत कुमार, अरविंद कुमार, कुंदन कुमार, अविनाश कुमार, उपेंद्र राय, विकास ठाकुर, रघुवंश मणि, मनीष, अभिषेक सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## शराबी पति ने बीवी और बच्चे को घर से निकाला

**दानापुर।** फुलवारी शरीफ जानीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को शादीशुदा महिला को उसके पति ने बुरी तरह पीटकर घर से बाहर निकाल दिया। साथ ही तीन छोटे बच्चों को भी घर से बाहर कर दिया है। इसके बाद पीड़ित महिला ने स्थानीय पुलिस थाना पहुंचकर अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज करवायी है।मामला पटना के सटे जानीपुर थाना का मामला है। यहां पति द्वारा अपनी पत्नी और बच्चों को मारपीट कर घर से बाहर निकालने का मामला सामने आया है। बाताया जा रहा है कि घायल महिला ने अपना उपचार नजदीक स्थित अस्पताल में करवाया है। साथ ही मामले की पुलिस से भी शिकायत की है। पीड़ित महिला आरती कुमारी ने बताया कि उनके पति राजकुमार सोनी बभनपुरा में ज्वेलरी का दुकान करते हैं। 2011 में उनकी शादी हुई थी। उनके तीन बच्चों में सौम्या कुमारी 10 वर्ष, उत्कर्ष कुमार 9 वर्ष एवं सृष्टि कुमारी 6 वर्ष है। 10 वर्ष की सौम्या अपने पिता के अत्याचारों को बताते हुए अचानक रो पड़ी। सौम्या ने बताया कि उनके पिता शराब के आदी हैं। प्रतिदिन शराब पीकर घर पर पहुंचते हैं और मम्मी व उसे और भाई-बहन के साथ मारपीट करते हैं।

## सावन के दूसरे सोमवार को लोखों कांवड़ियां जल भर बैधनाथ धाम के लिये हुए रवाना



सुलतानगंज, प्रात : किरण संवाददाता

अजगैबीनाथ धाम में सावन के दूसरी सोमवारी को लेकर रविवार को लोखों कांवड़ियों ने गंगा जल लेकर देवघर के लिये प्रस्थान किया। वहीं दोपहर में हजारों डाक कांवड़ियों ने जिला प्रशासन द्वारा जारी रशीद को कटाया । अजगैबीनाथ धाम के उत्तरवाहिनी गंगा मे स्नान कर बाबा भोलेनाथ कि पूजा अर्चना करते हुये देवघर बैधनाथ धाम के लिये रवाना हुये। ऐसी मान्यता हैं कि 24 घंटा के अंदर सोमवारी जल चढाने से बाबा भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं, उन सभी भक्तों कि सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इसलिए खासकर सावन मास में रविवार के दिन डाक बम अजगैबीनाथ से उत्तरवाहिनी गंगा जल लेकर बाबा बैधनाथ धाम में बाबा भोलेनाथ को जल चढाने के लिये निकल पड़े हैं। वहीं डाक कांवड़िया यूपी चंदोली के अमित कुमार ने बताया कि बाबा भोलेनाथ को जल चढने के लिये जाते हैं। हम सबों की बाबा भोलेनाथ सभी मनोकामनाएं पुर्ण करते हैं। जिला प्रशासन द्वारा कांवडिया शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराये जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मो, अदनान ने देव भाषा संस्कृत एवं समाज शास्त्र में प्राप्त किया उच्च स्थान



सासाराम। स्थानीय एक निजी स्कूल के छात्र एवं निवर्तमान जिला परिवहन पदाधिकारी मो, जियाउल्लाह एवं गजाला रहमान के पुत्र मो, अदनान ने देव भाषा संस्कृत एवं समाज शास्त्र में 100 में से 100 एवं 600 में 577 अंक लेकर अव्वल स्थान प्राप्त किया है। अपनी सफलता के बाद उसने कहा कि मैं अपनी सफलता का श्रेय अपनी माँ को देता हूं। मो, अदनान ने बताया कि मैं जब भी हाताश होता था मेरे पापा ने हमेशा उत्साहित किया है। मैं आज जो भी हूँ उसमे मेरे शिक्षकों का भी बहुत बड़ा योगदान हैं, उन सभी ने मुझे हमेशा सही रास्ता दिखाया। मो, अदनान की सफलता पर उसके एवं उसके पिता के रिश्तेदार, संबंधी, दोस्तों के साथ साथ उसके विद्यालय परिवार से भी लोगों ने उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### अनुग्रह नगर की अंजलि हुई सीबीएसई 12वीं बोर्ड के कॉमर्स संकाय की जिला टॉपर



औरंगाबाद। वाणिज्य विषय की शहर की प्रसिद्ध संस्था के निदेशक धीरज सिंह सचदेवा ने बताया कि जैसा कि हम लोग सभी को ज्ञात है कि कल सीबीएसई ट्वेल्थ का रिजल्ट घोषित किया गया था जिसमें कॉमर्स संकाय में रिशु सहाय को 445 अंक प्राप्त हुआ था, जिसे जिले में पहला स्थान माना जा रहा था। लेकिन काफी खोजबीन के बाद यह ज्ञात हुआ की एक और छात्रा है जिसका मार्क्स 446 है। जो रिशु सहाय से एक नंबर अधिक है। ऐसी स्थिति में उक्त छात्रा जिसने शहर के बी एल इंडो स्कूल से कॉमर्स परीक्षा में शामिल हुई वही जिले में इस संकाय की टॉप छात्रा है। उक्त छात्रा का नाम अंजली है और वह अनुग्रह नगर की रहने वाली है।अंजली अनुग्रह नगर निवासी डॉक्टर प्रभात रंजन एवं रूपा रंजन की पुत्री है अंजली के जिला टॉप होने से माता पिता एवं दादा दादी के साथ साथ पूरे मुहल्लेवादियों को गर्व है और सभी उसे शुभकामनाएं एवं बधाई दे रहे है। धीरज सचदेवा ने कहा कि सही लक्ष्य बनाकर एवं सही मार्गदर्शन में यदि कोई भी कार्य किया जाए तो सफलता अवश्य ही मिलता है।

# जिलाधिकारी ने कृषि पदाधिकारी व कृषि वैज्ञानिकों के साथ की बैठक

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



संभावित सुखाड़ और मौसम की स्थिति को लेकर जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के साथ आकस्मिक फसल योजना के संबंध में कार्ययोजना हेतु बैठक की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरिस में स्थापित मौसम यूनिट से प्राप्त तथ्यों पर विस्तृत चर्चा के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया कि सभी सेंसर के डाटा से जानकारी प्राप्त हो रही है कि अगले 4-5 दिन कम बारिश की संभावना है। ऐसे में आवश्यक है कि आकस्मिक फसल योजना बना ली जाय।

जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यदि यही स्थिति 15 अगस्त तक रहती है तो धान के स्थान पर अन्य फसल के बीज किसानों को उपलब्ध कराए जायेंगे और वैकल्पिक फसलों के माध्यम से खेती की जाएगी। इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार की आवश्यकता होगी। डॉ अनूप कुमार चौबे, कृषि मौसम वैज्ञानिक, ने भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वनुमान डेटा के बारे में जानकारी दी कि किस तरह से मौसम पूर्वनुमान डेटा भारत मौसम विज्ञान विभाग की वेबसाईट से प्राप्त हो रहा है जिसमे वर्षा, अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान, अधिकतम एवं न्यूनतम आद्रता, हवा की गति, हवा की दिशा एवं बादल छाए रहने की अवस्था आदि के बारे में जानकारी मिल रही है।

साथ ही ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन द्वारा वर्षा, अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान, अधिकतम एवं न्यूनतम आद्रता, हवा की गति, हवा की दिशा, मृदा में उपस्थित नमी, मृदा का तापमान आदि 15 -15 मिनट के अंतराल पर दर्ज हो रहा है तथा इसे वेबसाईट के माध्यम से भी देखा जा रहा है। अगले 5 दिन में वर्षा 10 एमएम से कम रहने की संभावना है किंतु बदल छाए रहेंगे जिसके मृदा में नमी बनी रहेगी। अधिकतम तापमान 33℃ सेल्सियस के आसपास रहेगा तथा न्यूनतम तापमान 23℃ सेल्सियस के आसपास रहेगा। हालांकि झारखंड में कुछ बारिश की संभावना है जिससे नहर में पानी मिलता रहेगा। इसके अतिरिक्त आद्रता 70% से अधिक रहेगी तथा हवाएं भी बंगाल की खाड़ी को ओर से ही चलेगी जिससे स्थिति के सुधार होने की संभावना है। अगले 15 दिन अत्यंत महत्वपूर्ण रहेंगे। अगले पाँच दिन के मौसम पूर्वनुमान के निष्कर्ष के अनुसार हल्की बारिश की संभावना है लेकिन इस बारिश से धान की रोपाई कर पाना कठिन है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल द्वारा कहा गया कि

**समीक्षा बैठक**

- संभावित सुखाड़ को देख आकस्मिक फसल योजना के बारे में की बैठक

जून एवं जुलाई माह में कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए आने वाले दिनों में धान की फसल की रोपाई पर पड़ने वाले प्रभाव की तत्काल गहन समीक्षा कर ली जाय।

साथ ही अगले 10 से 15 दिन में बारिश कम या नही होने पर जिला कृषि पदाधिकारी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरिस के वैज्ञानिक संयुक्त रूप से वैकल्पिक फसल की योजना भी पूर्ण कर लें। किसानों को कौन सी फसल एवं प्रजाति का चयन करना है, इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, रात्रि चौपाल इत्यादि का निर्धारण कर लें ताकि कम समय एवं कम वर्षा में भी उत्पादन किया जा सके और आर्थिक हानि को कम से कम किया जा सके। समीक्षा बैठक में केन्द्र के वैज्ञानिक श्री अनूप चौबे, श्री रविरंजन कुमार, श्री कुशले प्रभाकर, श्री दीपक कुमार और जिला कृषि कार्यालय से जिला कृषि पदाधिकारी के अतिरिक्त कर्मी मोहन कुमार एवं अभिनव कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

# बैकुंठपुर दियारा इलाके में चला सर्च अभियान, दो भट्टी ध्वस्त



गोपालगंज, प्रात : किरण संवादाता

- 3000 लीटर गुड का पाष एवं षराब बनाने का उपकरण विनिष्ट
- गोपालगंज व पूर्वी चंपारण उत्पाद विभाग की टीम ने की छापेमारी

जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के पकहा व सलेमपुर दियारा इलाके में रविवार को गोपालगंज व पूर्वी चंपारण उत्पाद विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाकर तैयार की जा रही शराब की खेप को बरामद करने के साथ ही उसे नष्ट कर दिया। इस दौरान दो शराब भट्ठी को भी ध्वस्त कर दिया। उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि गंडक नदी के किनारे स्थित पकहा व सलेमपुर के समीप नदी के किनारे उत्पाद विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाया।

सर्च अभियान के दौरान नदी के तट पर छुपाकर बनाई जा रही दो शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने 3000 केजी गुड़ के पाश को बरामद करने के साथ ही उसे विनिष्ट कर दिया। इसके साथ ही षराब बनाने के उपयोग में लायी जाने वाली गैस चूल्हा, मैटेलिक पाइप, ड्रम, 300 केजी गुड सहित अन्य उपकरण व 5 लीटर चुलाई श्रराब को बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम की छापेमारी को देखकर दियारा इलाके में सक्रिय शराब तस्कर फरार हो गए। हालांकि फरार हुए शराब तस्करों की पहचान करने के बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुरे दियारे इलाके में ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि दियारे इलाके में लगातार छापेमारी जारी है। किसी भी हाल में शराब का कारोबार नही होने दिया जाएगा।

### नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट के बैनर तले सैकड़ों पौधों का पौधारोपण किया गया



**गया।** नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट के मोहित रंजन जी की अध्यक्षता में आज मानपुर कईया डीएभी पब्लिक स्कूल के समीप सैकड़ो पौधों का पौधरोपण किया गया है। वहीं मुख्य सचिव गणेश सिंह ने कहा सम्पूर्ण विश्व के लिए पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में सकारात्मक प्रयास बेहद जरूरी है। वहीं पूरी टीम पौधारोपण करने पर जोर देते दिखी गयी है। इस मौके पर पंकज बरनवाल, कृष्णा कुमार, राजन पांडेय, आमिर खान, राजू कुमार, सुभाषिनी शिवम, किशु उर्फ.आर्या, मनोज कुमार, मनीष कुमार, विक्रम राज, वीरेंद्र कुमार सिंह, ज्योति कुमारी, अमरजीत सैनी, रौशन कुमार, उमा पांडेय एवं अन्य शामिल।

# गोपालगंज शहर में फल-फूल रहा जिस्मफरोशी का धंधा

विकास कुमार, गोपालगंज


- गेस्ट हाउस व होटल की आड में चलता है खेल
- गेस्ट हाउस, लॉज के संचालकों द्वारा लड़कियों से जबरन देह व्यापार कराया जाता है

गोपालगंज शहर के विभिन्न होटलों, गेस्ट हाउस और लॉजों में इनदिनों देह व्यापार का धंधा खूब फलफूल रहा है। प्रशासन की सक्रियता के बावजूद शहर के विभिन्न स्थानों पर जिस्मफरोशी का धंधा रुक नहीं रहा है। जिससे सभ्य समाज के लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। शहर में छोटे-बड़े होटलों,गेस्ट हाउस व लॉज की संख्या लगभग दो दर्जन के आसपास है।

इसमें आधा दर्जन गेस्ट हाउस और लॉज में इनके संचालकों द्वारा भोली-भाली लड़कियों से जबरन देह व्यापार कराया जाता है। जबकि कुछ गेस्ट हाउस में प्रेमी जोडो को रंगरलिया मनाने के लिए मोटी रकम वसूल की जाती है। ये सभी होटल, लॉज व गेस्ट हाउस पुलिस के निशाने पर हैं। बीते 22 जुलाई को एसडीपीओ संजीव कुमार के नेतृत्व में शहर के सिनेमा रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में गुप्त सूचना पर की गई छापेमारी में दो युवक व युवतियों के साथ गेस्ट हाउस के मैनेजर को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। बावजूद देह व्यापार का धंधा शहर के बीचोबीच जारी है। खास बात की पहली बार प्रशासन ने किसी गेस्ट हाउस में छापेमारी की है। इस मामले को लेकर महिला थानाध्यक्ष आफसा परवीन के बयान पर नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जबकी मैनेजर रोहित कुमार सिंह को जेल भेज दिया गया है। फिलहाल गेस्ट हाउस का मालिक फरार बताया जा रहा है। इस संबध में एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि शहर के विभिन्न होटलों, गेस्ट हाउस और लॉज आदि पर प्रशासन की पैनी नजर है। उन्होने बताया कि जिला मुख्यालय, थावे व कुचायकोट में सैक्स रैकेट के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। किसी भी सूरत में जिले में अनैतिक कार्य नहीं होने दिया जायेगा।

# गोपेश्वर कॉलेज में शांतिपूर्वक चल रही मानू की परीक्षा

गोपालगंज, प्रात : किरण संवादाता



मौलाना आजाद नेशनल उर्दू युनिवर्सिटी हैदराबाद द्वारा आयोजित विभिन्न विषयों की परीक्षा में सख्ती होने पर परीक्षार्थियों का पसीना छूटने लगा है। गोपेश्वर कॉलेज में आयोजित विभिन्न विषयों की परीक्षा में परीक्षा नियंत्रक सह प्राचार्य डॉ मोहम्मद जमालुद्दीन और प्रेक्षक डॉ मुबारक हुसैन के सख्ती के बाद कई परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ते नजर आए। कदाचार पर ब्रेक लगाते हुए विक्षको ने नकल पर पूर्णतः ब्रेक लगाया है। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के पूर्व परीक्षार्थियों की सघन जांच की जा रही है। साथ ही मोबाइल, कलकुलेटर सहित तमाम परीक्षा से वर्जित सामग्री को केंद्र के मुख्य गेट पर ही ले ली जा रही है। रविवार को भी परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें स्नातक, सनातकोत्तर और डिप्लोमा कोर्स से सम्बन्धित दोनों पालियों में परीक्षा ली गई। जिसमें स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की परीक्षा में ग्यारह में दस, अंग्रेजी में पन्द्रह में पन्द्रह और उर्दू आदि में परीक्षार्थी शामिल हुए। दोनों पालियों की परीक्षा शांति पूर्ण माहौल में चल रही है। इस सम्बन्ध में परीक्षा नियंत्रक

- परीक्षा में चली सख्ती से परेशान हुए परीक्षार्थी
- परीक्षा नियंत्रक और पर्वेक्षक ने नकलचियों पर कसा शिकंजा

डॉ मोहम्मद जमालुद्दीन ने बताया कि मानू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में पत्राचार माध्यम से नामांकन लेकर अध्ययन कर रहे वर्ष 2018-19, 2019-20, 2020-21 के छात्रों का परीक्षा सम्बन्धित विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा दोनों पालियों में चल रही है। प्रथम पाली पूर्वाह्न साढ़े नौ बजे से साढ़े बारह बजे तक। वहीं दूसरी पाली दो बजे से तीन बजे तक आयोजित की जा रही है। शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा का संचालन किया जा रहा है। नकल पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाया गया है। यदि नकल करते परीक्षार्थी पाए जाते है तो उस कमरा के वीक्षक पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक सवाल पर परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि नकल को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। छात्रों से अपील की जा रही है कि से शांति पूर्ण वातावरण में परीक्षा दे। इस मौके पर केंद्र प्रभारी हिरामन कुमार, वीक्षक डॉ सुबोध कुमार, डॉ संतोष कुमार, डॉ मनोज कुमार, नारद कुमार आदि सहित सभी वीक्षक आदि थे।

# वरीय अधिवक्ता मुख्यालाल बाबू की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

जिला विधिक संघ औरंगाबाद में जिला विधिक संघ औरंगाबाद के वरीय अधिवक्ता, पूर्व अध्यक्ष मुख्यालाल बाबू की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई जिसकी अध्यक्षता जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह और संचालन अधिवक्ता क्षीतिज रंजन ने किया।

सर्वप्रथम उनके तेलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया,मधुभाषी, व्यवहारिक, सादगी पसंद व्यक्ति थे, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के सक्रिय सदस्य थे, सदैव गरीबों के हित में कार्य करना पसंद करते थे, जिले के अधिकांश अपराधिक वादों के अधिवक्ताओं के सीनियर रहे थे, वकालत क्षेत्र में उन्होंने पांच दशक अपना योगदान दिया था। जिले सबसे अधिक चर्चित अपराधीक वादों के



वरीय अधिवक्ता मुख्यालाल बाबू की अधिवक्ता समाज को 2018 में छोड़ कर चले गए , उपस्थित महासचिव नागेंद्र सिंह,पुर्व अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, अमित कुमार,काली प्रसाद, अभिनन्दन मिश्रा, राधेश्याम प्रसाद, देवानंद सिंह, संतोष कुमार सिंह,मिनु खान, निजामुद्दीन औलिया, सियाराम पांडे, विश्वास प्रसाद चौधरी,अरूण सिंह, राजकुमार सिंह,अभय कुमार सिंह,शमीम, सतीश कुमार स्नेही, मुन्ना,कलीम अहमद, रामाकांत शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# सासाराम: शराब माफियाओं के खिलाफ एसपी ने चलाया अभियान, 88 गिरफ्तार

रोहतास ब्यूरो, प्रात : किरण



बिहार के सासाराम में उस वक्त हड़कंप मच गया जब आधी रात को रोहतास एसपी आशीष भारती अपराधियों तथा शराबियों की धरपकड़ के लिए खुद भी सड़क पर उतर गए धर्मशाला चौराहा से लेकर कई जगह चैकिंग आभियान चला दिया, जिसका नतीजा रहा एवं इस हड़कंप के बीच 82 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया।

रोहतास एसपी आशीष भारती की मौजूदगी में चले यह रात्रि विशेष अभियान में रोहतास जिला के विभिन्न जगहों से 88 अपराधियों शराब माफियाओं को गिरफ्तार किया गया है। शाहबाद प्रक्षेत्र सहीत आसपास के कई जिले के अलावे रोहतास में अबतक सबसे अधिक गिरफ्तारी हुई है जो रोहतास पुलिस के बेहतर अभियान के प्रमाण है कि पूरे बिहार में गिरफ्तारी के मामले में दूसरे रैंकिंग में रोहतास है। खनन अपराधी शराब माफिया हत्या सहित अन्य मामले में रोहतास में सबसे अधिक गिरफ्तारी हुई है। रोहतास एसपी आशीष भारती ने कहा कि अपराधियों शराब माफियाओं के खिलाफ रात्रि में विशेष अभियान रोहतास जिला के सभी थाना क्षेत्रों में चलाया गया। इस विशेष अभियान में 500 से अधिक पुलिस पदाधिकारी समेत पुलिस जवान लगाए गए थे तो रोहतास पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी, जहां 82 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। रोहतास एसपी आशीष भारती की मौजूदगी में रात्रि विशेष अभियान के बाद जिले में हड़कंप मचा हुआ था। अचानक सड़क पर आधी रात को एसपी आशीष भारती को विशेष अभियान में देखकर कई थाना की पुलिस के होश उड़ गए जो चर्चा का विषय बना हुआ है। रोहतास एसपी आशीष भारती के रात्रि इस विशेष अभियान में सासाराम डीएसपी संतोष राय नगर थाना इंस्पेक्टर एसके सिन्हा भी मौजूद थे।

# गोपालगंज में 4 दिनों से लापता युवक की हाथ पैर बांधकर हत्या

गोपालगंज, प्रात :किरण संवाददाता

- रेलवे स्टेशन के पास से झाडियों में मिला शव
- पुलिस ने दो आरोपियो को किया गिरफ्तार

जिले के मांझा थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेश्न के समीप झाडी से 4 दिनों से लापता युवक का श्व बरामद किया गया है। घटना की सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने श्व को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान कोइनी गांव के रवि महतो के रूप में की गई है।

युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों के मुताबिक 21 जुलाई को रवि महतो दोपहर 12 बजे घर से बाइक से निकला था। लेकिन, वापस नहीं लौटने पर 22 जुलाई को परिजनों ने गांव के ही दो लोगो के खिलाफ अपहरण करने की आंश्का जताते हुए थानेमें आवेदन देकर बरामदगी की गुहार लगायी। लेकिन, पुलिस ने समय रहते त्वरित कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण अपराधियों ने उनकी हत्या कर श्व को रेलवे स्टेश्न के समीप झाडियों में फेंक दिया। वहीं वारदात के बाद से गांव में दो पक्षों के बीच तनाव का माहौल व्याप्त है।

मृतक के पिता का आरोप है कि एक माह पूर्व दोनों युवकों ने रवि महतो को जान से मारने की धमकी दी थी। इस बीच उसका अपहरण कर लिया गया। परिजन रवि महतो की खोजबीन कर रहे थे। तब तक पुलिस को सूचना मिली कि मांझागढ़ रेलवे स्टेशन के पास रवि महतो की हाथ पैर बांधकर हत्या कर दी गई है। वहीं बाइक को भी काटकर स्क्रेप में बेच दिया गया है। वहीं, इस मामले में पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### किटनाशक दवा खाने से बच्चे की स्थिति नाजुक, गोरखपुर रेफर

**गोपालगंज।** जिले के कुचायकोट थाना के मतेया खास गांव में एक दिव्यांग बच्चे ने कीटनाशक दवा खा लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। आनन- फानन में परिजनों द्वारा तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जंहा चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया। फिलहाल बच्चे की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। बताया जाता है कि मतेया खास गांव निवासी दो वर्षीय लक्की कुमार घर मे खेल रहा था तभी घर मे रखे कीटनाशक दवा को वह खा लिया। जब उसकी स्थिति गंभीर होती गई जिसके बाद परिजनों ने ईलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां बच्चे की स्थिति नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में चकित्सको ने बच्चे की हालत गंभीर देखते हुए गोरखपुर रेफर कर दिया। जहां बच्चे का इलाज चल रहा है। फिलहाल उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है बताया जाता है कि बच्चा 2 वर्षीय लक्की कुमार जन्म से ही मूक बधिर है।

# एक व्यापक जिला पर्यावरण योजना बनाने हेतु सहमति बनी

गया, प्रात : किरण संवाददाता

जिला में पर्यावरण संबंधित समस्याओं के निदान हेतु गठित जिला पर्यावरण समिति की पहली बैठक का आयोजन जिला पदाधिकारी की गोपनीय शाखा में नगर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।इस बैठक में गया जिला के पर्यावरण से संबंधित सभी बिंदुओं पर व्यापक चर्चा की गई है।

गया जिले के लिए एक व्यापक जिला पर्यावरण योजना बनाने हेतु सहमति बनी है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा अपने अपने विभाग के आंकडे जिनकी जरूरत जिला पर्यावरण योजना हेतु है उसे एक सप्ताह के भीतर समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। पर्यावरण



योजना बनाने हेतु राज्य प्रदूषण नियंत्रक परिषद के द्वारा एजेंसी RSP GreenDevelopment and Laboratories Pvt Ltd. का चयन किया गया है।इस एजेंसी के प्रतिनिधि ने योजना बनाने की चरणबद्ध प्रक्रिया से समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया है। हर एक जिले में जिला पर्यावरण योजना बनाने का निर्देश राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा दिया गया है।

जिला पर्यावरण समिति की बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री राजीव रंजन, अपर समाहर्ता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता उपस्थित थे।

# सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता व से मिले विधायक

औरंगाबाद, प्रात :किरण संवाददाता

ओबरा क्षेत्र के छपरा उप वितरणी के बेल माइनर में सिंचाई व्यवस्था को ले स्थानीय विधायक ऋषी कुमार एवं ओबरा के किसानों ने शनिवार को औरंगाबाद में सिंचाई सृजन जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता शाहिद इकबाल, कार्यपालक अभियंता उमेश कुमार, अधीक्षण अभियंता सुजीत कुमार के साथ एक बैठक की।

बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि माइनर में उपयुक्त पानी मुहैय्या कराया जाए ताकि किसानों को समय पर पानी मिल सके और उनकी फसल प्रभावित न हो। उन्होनें बेल माइनर को 1 आरडी से 2.5 आरडी को लेकर तत्कालीन साफ सफाई कराने को लेकर बातचीत की।



अधिकारियों ने विधायक को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द से जल्द समास्या का समाधान हो जाएगा। विधायक ऋषि ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारी किसान के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करें ताकि किसान भाइयों को पर्याप्त पानी मिल सके जिससे अच्छी उपज हो सके। इस मौके पर किसान महेंद्र सिंह, रामप्रवेश सिंह, शंकर सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस कप्तान ने किया मुरलीगंज थाने का वार्षिक निरीक्षण

चंचल कुमार/ मुरलीगंज(मधेपुरा)

मधेपुरा जिले के मुरलीगंज थाना का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस अधीक्षक मधेपुरा राजेश कुमार। निरीक्षण को लेकर सुबह से थाना परिसर में चहलकदमी देखने को मिला,वार्षिक निरीक्षण को लेकर थाना परिसर का रंगरोहन एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा गया।

निरीक्षण उपरांत करीब दो घंटे पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना के पंजियों का अवलोकन कर दिशानिर्देशित करते नजर आए।अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश भी दिया। न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। एसपी ने



समय से गश्ती व वाहन चेकिंग करने का आदेश दिया। निरीक्षण के बाद एसपी ने शराब माफियाओं पर नकेल कसने व फरार आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने का भी आदेश दिया। इससे पूर्व पुलिस बल द्वारा एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना के विभिन्न मामलों की जांच के बाद पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए। जानकारी देते हुए पुलिस कप्तान राजेश कुमार ने बताया कि मुरैना थाने के निरीक्षण को लेकर थानाध्यक्ष को सूचना दे दी गई थी एवं आज निरीक्षण किया गया निरीक्षण उपरांत सभी चीजें संतोषजनक पाया गया।साथ ही उन्होंने पुलिस कर्मियों को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष राजकिशोर मंडल,एसआई धनेश्वर मंडल सिद्धेश्वर कुमार पाठक,भरत सिंह, एसआई राकेश प्रेमचंद पासवान, अब्बास हुसैन, पतरिंग पासवान, दफादार व चौकीदार समेत सभी कर्मी मौजूद दिखें।

पुलिस अधीक्षक के आने की खबर को लेकर प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों के फरियादी थाने द्वार पर अपनी फरियाद को लेकर खड़े दिखे।

सम्पादकीय

## आर्थिक मंदी, महंगाई, बैंकों के खिलाफ जनता सड़कों पर

चीन में सरकार के खिलाफ 24 प्रांतों में विद्रोह शुरू हो गया है। महंगाई, मंदी और बेरोजगारी के कारण कई प्रांतों में हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। आम जनता की पुलिस से झड़पें होने लगी है। बैंकों के सामने जमा पैसा लेने के लिए लंबी लंबी लाइनें लग गई है। बैंकों के सामने सरकार को टैंकों को खडा करके विद्रोह को दबाने का काम करना पड़ रहा है। आर्थिक गड़बड़ियों के कारण 4000 बैंक दिवालिया होने की कगार पर पहुंच गए हैं। बैंकों में जमा चार लाख से ज्यादा खाताधारकों के हजारों करोड़ रुपए वापस नहीं मिल रहे हैं। निम्न और मध्यम वर्ग के नागरिक आर्थिक संकट के चलते सड़कों पर सरकार का विरोध करने उतर गए हैं। कई स्थानों में हिंसक प्रदर्शन भी हुए। कोविड-19 संकट के बाद चीन के लगभग 31 लाख उद्योग और कारोबार बंद हो चुके हैं। एक करोड़ से ज्यादा छात्र स्नातक की परीक्षा पास करके बेरोजगार घूम रहे हैं। लाखों की संख्या में उद्योग और कारोबार बंद होने से करोड़ों लोग बेरोजगार हो गए हैं। महंगाई बेरोजगारी और आर्थिक संकट के कारण लोगों को अपनी नियमित जरूरतें पूरी कर पाना संभव नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण विद्रोह अब सड़कों पर आकर हिंसक प्रदर्शन करने पर उतारू हो गया है। बैंक ओर प्रॉपर्टी की लोन किस्तें जमा करना मुश्किल भारत की तरह चीन में भी मध्यमवर्ग प्रॉपर्टी में निवेश करना सुरक्षित मानता था। प्रॉपर्टी के प्रोजेक्ट में करोड़ों लोगों ने निवेश किया था। प्रॉपर्टी के लिए लोन लिया था, समय पर कब्जा नहीं मिलने के कारण लोगों को ब्याज भी भरना पड़ रहा है, और किराया भी देना पड़ रहा है। बिल्डरों ने जमा पैसा निकालकर दूसरे प्रोजेक्टों में लगा दिया। इससे लोग आर्थिक संकट में फंस गए हैं। प्रॉपर्टी सेक्टर में मंदी आ जाने से अन्य सेक्टर भी प्रभावित हुए हैं। लॉकडाउन से फैली आर्थिक मंदी जीरो कोविड-19 की पॉलिसी और लंबे समय तक लॉकडाउन के कारण चीन की आर्थिक स्थिति बद से बदतर हो गई है। चीन को आंतरिक और बाह्य मोर्चे पर जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उसके कारण आर्थिक स्थिति को संभाल पाना सरकार के लिए संभव नहीं हो पा रहा है। चीन के नागरिक भी श्रीलंका की तरह रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण नाराज होकर लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। चीन के लिए अर्थ-व्यवस्था को बनाए रखना बड़ी चुनौती बन गया है। जिनपिंग के लिए बड़ी चुनौती

नवंबर माह में कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में वर्तमान राष्ट्रपति जिनपिंग तीसरी बार अपनी दावेदारी पेश करेंगे। मिडिल और निम्न वर्ग का विद्रोह उनकी सत्ता के लिए सबसे बड़ा चुनौती बन गया है। उल्लेखनीय है, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के लगभग 10 करोड़ सदस्य प्रत्यक्ष रूप से मतदान करते हैं। आम जनता के बीच वर्तमान राष्ट्रपति और सरकार को लेकर जो विद्रोह सड़कों पर जनमानस का आया है। बैंकों के लगभग दिवालिया हो जाने और सरकारी इमदाद नहीं मिलने से महंगाई और बेरोजगारी से परेशान युवा सड़कों पर उतरकर सरकार का विरोध कर रहे हैं। निश्चित रूप से इसका असर नवंबर माह में जिनपिंग की उम्मीदवारी पर पड़ने से कम्युनिस्ट पार्टी में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ गई है। कर्ज के बोझ से जनता परेशान

पिछले वर्षों में चीन के नागरिकों पर कर्ज को बोझ बढ़ा है। इसी बीच लाखों की संख्या में उद्योग धंधे बंद होने के कारण बेरोजगारी बढ़ गई है। आम आदमी को अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। परिवार के सदस्यों की जरूरतें पूरी नहीं होने के कारण, अब लोग आर पार की लड़ाई लड़ने सड़कों पर उतर रहे हैं। चीन में पहली बार इस अनोखे विरोध और हिंसक प्रदर्शन ने सरकार की मुसीबतें बढ़ा दी है। चीन की यह हालत सारी दुनिया के देशों के लिए एक सबक भी है। आर्थिक मंदी, महंगाई और बेरोजगारी से जनता को राहत नहीं मिली, तो अधिकांश देशों में जनता बेहाल होकर सड़कों पर उतर रही है। चीन जैसे कम्युनिस्ट देश में ऐसी हालत, पूंजीवादी देशों के लिए सबसे बड़ी चिंता का कारण बन गई है। भारत की स्थिति भी चिंताजनक यूरोप के कई देशों में आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। 2008 में अमेरिका की आर्थिक मंदी से ज्यादा खराब हालात दुनिया के अधिकांश देशों में बन गए है। 2008 में लेहमेन ब्रदर्स की आर्थिक गड़बड़ियों से अमेरिका के सैकड़ों बैंक, कम्पनियां, नगरीय संस्थान दिवालिया हो गए थे। 2008 की तुलना में 2022 में आर्थिक मंदी एवं कर्ज के बोझ से सारे दुनिया के देश प्रभावित हुए है। चीन, श्रीलंका, नेपाल, भारत सहित लगभग 50 देशों में आर्थिक संकट गहरा गया है। पूंजीवाद और साम्यवाद जैसे हालात 100 साल के बाद एक बार फिर देखने को मिलने लगे है। भारत भी इससे आछूता नहीं है। विदेशी मुद्रा एवं स्वर्ण भंडार लगातार कम हो रहा है। 15 जुलाई को समाप्त हुए सप्ताह में 7.54 अरब डॉलर का मुद्रा भंडार कम होकर 511.6 अरब डॉलर हो गया है।

## 200 करोड़ टीका उभरते और सशक्त होते भारत की तस्वीर

विनय कुमार

कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में भारत ने एक नया मुकाम हासिल किया है। महज डेढ़ साल के सफर में देश ने 200 करोड़ वैक्सीनेशन का आंकड़ा छू लिया है। टीकाकरण के इस अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 जनवरी 2021 को की थी। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में शुरूआती दौर से ही भारत ने पूरी दुनिया के सामने एक मिसाल भी पेश की है। चाहे हम बात करें कोरोना के शुरूआती दौर की जब इसके इलाज के लिए कहीं कोई ठोस उपाय नहीं था तब भी भारत ने दुनिया को रास्ता दिखाया। जहां पूरी दुनिया इस महामारी से निपटने में त्रस्त नजर आई वहीं भारत ने वसुधैव कुटुंबकम को चरितार्थ करते हुए इस विषम परिस्थिति में हर किसी के लिए मदद का हांथ बढ़ाया। चाहे दवा की कमी का मामला हो या फिर सस्ते टीकाकरण के निर्माण का भारत ने विश्व गुरु की तरह पूरे कोरोना काल में अपनी छवि दर्ज कराई। विकसित से लेकर विकासशील मुल्कों तक भारत ने दवा की खेप पहुंचाई और फिर जब टीके का इजाद हुआ तो पड़ोसी देशों से लेकर दुनिया के दर्जनों मुल्कों तक इस कोरोना से बचाव के फरिस्ते को पहुंचाया। 3 जनवरी 2021 को भारत में कोरोना के खिलाफ लड़ाई के लिए दो वैक्सीन कोवैक्सीन और कोविशील्ड हम सबों के सामने आया और फिर सबसे पहले स्वास्थ्य कर्मियों पर टीकाकरण की शुरूआत हुई। जिस चरणबद्ध तरीके से अब पूरे टीकाकरण अभियान को चलाया गया है और जा रहा है उसने भी हमारे 200 करोड़ टीके के लक्ष्य को आसानी से हासिल करने में मदद भी की है। भारत में टीकाकरण अभियान काफी प्लानिंग के जरिए सुचारु रुप से चलाया गया। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र ने समय समय पर लोगों के बीच आकर अपनी बात रखी। देश में टीके के प्रति विश्वास और भरोसा कायम करने के प्रयासों और हर किसी को मुफ्त टीका देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एलान का ही यह नतीजा है कि आज हम इतने बड़े लक्ष्य को हासिल करने में सफल हुए हैं। देश में पहले स्वास्थ्य कर्मियों और फिर बुजुर्गों को टीका का कवच प्रदान किया गया जिन पर इस वायसर का सबसे ज्यादा खतरा मंडरा रहा था। बाद में टीके की उपलब्धता बढ़ने के साथ पहले 45 साल से ऊपर और फिर 18 साल से ऊपर के हर आयुवर्ग के लोगों को यह कवच प्रदान किया जाने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में यह पूरा अभियान एक तरीके से मुफ्त चलाया गया जिससे टीके को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद मिली। टीकाकरण का यह अभियान अब कई पड़ाव तय करते हुए बच्चों तक पहुंचने लगा है। 18 वर्ष से उपर के सभी लोगों को जहां अब बुस्टर डोज दी जा रही है वहीं स्कूली बच्चों को कोविड से बचाव के लिए टीके का कवच देने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। हाल ही में देश के आजादी के 75 साल के जश्न की तरह टीकाकरण के बूस्टर डोज के 75 दिनों का विशेष कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है ताकि कोरोना के खिलाफ जंग को देश फतह कर सके। 75 सालों में भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कैसे अपना दमखम बढ़ाया है यह भी हमारी इस सफलता का परिचायक है। हमारे स्वास्थ्य कर्मियों ने महज 277 दिनों में 100 करोड़ टीके का आंकड़ा हासिल किया और फिर अगला 100 करोड़ यानि 200 करोड़ का आंकड़ा 548 दिनों में तय किया। यह छलांग और इतने कम समय में इतनी बड़ी उपलब्धि हमारे आजादी का अमृत महतोत्सव को और संबल प्रदान करता है। टीकाकरण अभियान के दौरान कई दिन ऐसा हुआ जब हमने एक एक दिन में एक करोड़ से ज्यादा टीके के डोजेज लगाए यह सशक्त और उभरते भारत की एक तस्वीर है। ताजा जारी आंकड़े के मुताबिक देश की दो तिहाई जनता को पहली खुराक दी जा चुकी है वहीं दूसरी डोज का आंकड़ा भी 93 करोड़ के आसपास है। अब बुस्टर डोज के नये अभियान से टीकाकरण को और गति मिली है और हम कह सकते हैं कि कोरोना के खिलाफ जंग में अगर देश को जीत मिली है और मिल रही है तो उसकी सबसे बड़ी वजह टीकाकरण है।

# द्रौपदी मुर्मू : समाज के अंतिम छोर की प्रतिभा

**राष्ट्रपति के रूप में उनका चयन निश्चित ही एक ऐसा संदेश प्रवाहित कर रहा है, जिसमें एक उम्मीद है, एक विश्वास है। जो उस समाज में आगे बढें का हौसला प्रदान कर रहा है, जिसको अभी तक वंचित माना जाता रहा है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनवाकर स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव को सार्थकता प्रदान की है। यहां उल्लेखनीय तथ्य यह है कि द्रौपदी मुर्मू उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन से निकले शब्दों में समाज का अंतिम छोर है। केंद्र की मोदी सरकार ने आज पंडित दीनदयाल जी के सपने को साकार करने की अभिनव पहल की है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी कहते थे कि जिस दिन समाज के अंतिम छोर पर रहने वाला व्यक्ति मुख्य धारा में नहीं आएगा, तब तक राष्ट्र विकसित नहीं कहा जा सकता। वर्तमान केंद्र सरकार की अवधारणा ही सबका साथ सबका विकास वाली है।**





**सुरेश हिन्दुस्थानी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

राष्ट्रपति के चुनाव की मतगणना के पश्चात देश ने नए राष्ट्रपति के रूप में जनजातीय समाज की प्रतिभा द्रौपदी मुर्मू को चुन लिया गया है। राष्ट्रपति के रूप में उनका चयन निश्चित ही एक ऐसा संदेश प्रवाहित कर रहा है, जिसमें एक उम्मीद है, एक विश्वास है। जो उस समाज में आगे बढें का हौसला प्रदान कर रहा है, जिसको अभी तक वंचित माना जाता रहा है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनवाकर स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव को सार्थकता प्रदान की है। यहां उल्लेखनीय तथ्य यह है कि द्रौपदी मुर्मू उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन से निकले शब्दों में समाज का अंतिम छोर है। केंद्र की मोदी सरकार ने आज पंडित दीनदयाल जी के सपने को साकार करने की अभिनव पहल की है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी कहते थे कि जिस दिन समाज के अंतिम छोर पर रहने वाला व्यक्ति मुख्य धारा में नहीं आएगा, तब तक राष्ट्र विकसित नहीं कहा जा सकता। वर्तमान केंद्र सरकार की अवधारणा ही सबका साथ सबका विकास वाली है।

भारतीय जनता पार्टी ने समर्थन देकर अभी तक तीन राष्ट्रपति बनाने में सफलता प्राप्त की है। जिसमें भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के शासन काल में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और वर्तमान केन्द्र सरकार के समय पहले रामनाथ कोविंद और अब द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। राजनीतिक गुणा भाग कैसे लगाए जाते हैं, यह भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से अच्छा शायद की कोई जानता हो। भाजपा ने पहले राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए जनजातीय समाज की द्रौपदी मुर्मू का नाम चयन करके देश के राजनीतिक दलों को चौंकाया, वहीं कई राजनीतिक दलों के लिए एक ऐसी विवशता पैदा कर दी, जिससे उन्हें यह तय करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा कि अब क्या किया जाए। अब भाजपा ने उपराष्ट्रपति पद के लिए भी पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ के नाम का चयन करके फिर से चौंकाने वाला कार्य किया है। उल्लेखनीय है कि अभी तक जिन नामों पर कयास लगाए जा रहे थे उनमें से कोई भी नाम नहीं आया। अगर इसे सामाजिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यही कहा जाएगा कि अभी तक जनजातीय वर्ग से कोई भी व्यक्ति या महिला राष्ट्रपति पद तक नहीं पहुंचा है, इसी प्रकार से जाट समुदाय का व्यक्ति उपराष्ट्रपति पद तक नहीं पहुंचा। भली भांति जानते हैं कि स्वतंत्रता के बाद देश का चित्र ऐसा ही दिखाई देता था कि प्रधानमंत्री का बेटा प्रधानमंत्री, कलेक्टर का बेटा कलेक्टर और शासकीय बड़े पदों पर बैठे अधिकारियों का बेटा उसी लाइन पर चलता था, यह उसकी व्यक्तिगत योग्यता न होकर पारिवारिक पृष्ठभूमि से मिली विरासत के आधार पर ही तय किया जाता था। इससे देश में उन प्रतिभाओं को बहुत पीछे किया गया जो वास्तव में कुछ पाने का अधिकार रखती थी। यह बात सही है कि जनजातीय समाज की कोई राजनीतिक पहुंच नहीं थी, इसका आशय यही है कि पूर्व में राजनीतिक पहुंच वाले व्यक्ति ही उच्च पदों पर पहुंच पाते थे और यही व्यक्ति सरकारी सम्मानों को प्राप्त करने में सफल हो जाते थे, लेकिन केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद इसमें व्यापक परिवर्तन दिखने लगा है। हम यह भी जानते हैं कि विगत कुछ वर्षों से सरकार की ओर से दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान में अब वह व्यक्ति नहीं आते जो सरकारी कृपा पर जीवित रहते थे या फिर जिनकी राजनीतिक पहुंची थी, बल्कि यह सम्मान वहां तक पहुंचे हैं, जिन्होंने धरातल पर काम किया है, जो समाज के हित के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे समाज की ओर सरकार की दृष्टि जाना निश्चित रूप से यह सिद्ध करता है कि देश उचित दिशा की ओर कदम बढ़ा रहा है।

देश की 70 वर्षों की राजनीति का अध्ययन किया जाए तो यही कहा जाना समुचित है कि स्वतंत्रता के बाद समाज के अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्तियों का जो विकास होना चाहिए था, वह इससे वंचित रहा। स्वतंत्रता केवल राजनीतिक शक्तियों और पैसों वालों के यहां कैद होकर रह गई थी। वास्तव में देखा जाए तो आजादी केवल उन्हीं को मिली थी जो सरकार के आसपास था। ग्रामीण परिवेश में और वनवासी अंचलों में निवास करने वाला समाज इस आजादी की किरण से बहुत पीछे रहा, उसे पता ही नहीं था कि आजादी क्या होती है। आज केंद्र की सरकार ने आजादी की पोस्ट किरण को समाज के अंतिम छोर पर पहुंचाने का कार्य किया है जो निश्चित ही स्वागत योग्य है।

इसी प्रकार एक बात और मेरे मन में आ रही है। एक बार राष्ट्रपति चुनाव को लेकर एक प्रसिद्ध समाचार चैनल पर बहस चल रही थी। उसमें एक पक्ष द्वारा यह प्रश्न किया गया कि दोनों व्यक्ति यानी कि द्रोपदी मुर्मू और यशवंत सिन्हा में से योग्यता के आधार पर किस को राष्ट्रपति होना चाहिए? यहां पर किया गया यह प्रश्न प्रथम दृष्टया इसलिए भी गलत है, क्योंकि योग्यता केवल कागजों के आधार पर नहीं आती, उसे अनुभव द्वारा भी प्राप्त किया जा सकता है। एक अनपढ़ व्यक्ति भी कुशल प्रबंधक हो सकता है और एक पढ़ा-लिखा व्यक्ति भी गलत दिशा की ओर भी जा सकता है। इसलिए यह प्रश्न किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। आप केवल आदिवासी समाज की महिला के नाते उसे अयोग्य करार दे दें, यह सोच का तरीका ठीक नहीं है। वनवासी समाज में भी कई प्रतिभाएं हैं। वह पूरे मन से भारत की रीति-रिवाजों का पालन भी करते हैं।

# एमएसपी समिति - तू डाल -डाल मैं पात -पात?

**कुल 29 सदस्यीय इस समिति में चेयरमैन संजय अग्रवाल के अतिरिक्त नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद, कृषि अर्थशास्त्री डॉ. एस. सी. शेखर और डॉ. सुखपाल सिंह सहित भारत भूषण त्यागी, गुणवंत पाटिल, कृष्णवीर चौधरी, प्रमोद कुमार चौधरी, गुणी प्रकाश, सैयद पाशा पटेल, इफको के चेयरमैन दिलीप संघानी और विनोद आनंद को भी सम्मिलित किया गया है। इन सदस्यों के अलावा, राज्य और केंद्र सरकार की ओर से कई वरिष्ठ अधिकारी भी कमेटी में शामिल होंगे। केंद्र सरकार की तरफ से कमेटी में कृषि सचिव, आइसीएआर के महानिदेशक, खाद्य सचिव, सहकारिता सचिव, वस्त्र सचिव चार राज्य सरकारों कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और ओडिशा के कृषि विभाग के अपर मुख्य सचिवों को भी इसमें रखा गया है।**






**तनवीर जाफरी**
**लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है**

केंद्र सरकार द्वारा पिछले दिनों एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) व किसानों व कृषि से जुड़े अन्य कई मुद्दों पर बनाई गई समिति की घोषणा की गयी। पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल को इस समिति का चेयरमैन बनाया गया है। कुल 29 सदस्यीय इस समिति में चेयरमैन संजय अग्रवाल के अतिरिक्त नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद, कृषि अर्थशास्त्री डॉ. एस. सी. शेखर और डॉ. सुखपाल सिंह सहित भारत भूषण त्यागी, गुणवंत पाटिल, कृष्णवीर चौधरी, प्रमोद कुमार चौधरी, गुणी प्रकाश, सैयद पाशा पटेल, इफको के चेयरमैन दिलीप संघानी और विनोद आनंद को भी सम्मिलित किया गया है। इन सदस्यों के अलावा, राज्य और केंद्र सरकार की ओर से कई वरिष्ठ अधिकारी भी कमेटी में शामिल होंगे। केंद्र सरकार की तरफ से कमेटी में कृषि सचिव, आइसीएआर के महानिदेशक, खाद्य सचिव, सहकारिता सचिव, वस्त्र सचिव चार राज्य सरकारों कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और ओडिशा के कृषि विभाग के अपर मुख्य सचिवों को भी इसमें रखा गया है। केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार जीरो-बजट फार्मिंग को बढ़ावा देने, फसलों के पैटर्न में बदलाव करने और एमएसपी को ज्यादा प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए इस कमेटी का गठन किया गया है। समिति में तीन सदस्यों के स्थान संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा सुझाये गए नामों को समिति में शामिल करने के उद्देश्य से रिक्त छोड़े गये हैं।

कहने को तो किसानों की मांग पर भारत सरकार ने एमसपी पर एक कमेटी का गठन कर दिया है। सरकार ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले ही इस समिति का गठन कर इस विषय को लेकर संसद में पैदा होने वाले किसी गतिरोध से बचने की भी कोशिश की है। साथ ही किसानों को यह संदेश देने की भी कोशिश की है कि गत वर्ष किसान आंदोलन की समाप्ति के समय सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य व किसानों व कृषि से जुड़े अन्य कई विषयों पर जिस कमेटी को गठित करने का वादा किया गया था वह पूरा किया जा चुका है। परन्तु इस समिति के गठन के बाद इसके स्वरूप को लेकर उठ रहे सवालों ने फिर से नये विवादों को जन्म दे दिया है। उदाहरण के तौर पर सरकार की ओर से इसमें पंजाब के किसी कृषि विशेषज्ञ,किसान नेता अथवा राज्य के अधिकारी को शामिल नहीं किया गया है। भले ही पंजाब राजनीतिज्ञों की नजरों में लोकसभा में 13 और राज्य सभा में मात्र 7 सदस्य भेजकर देश में कम राजनैतिक हैसियत रखने वाला राज्य क्यों न नजर आता हो परन्तु यह भी सच है कि राष्ट्रीय अन्न भंडार में सबसे अधिक योगदान इसी पंजाब राज्य का है। आज यदि पूरे विश्व को गर्व से यह बताया जाता है कि ह्यभारत पूरी दुनिया को अन्न खिला सकता हैह्न तो ऐसे दावे पंजाब और हरियाणा के बल पर ही किये जाते हैं। लिहाजा पंजाब के किसानों की तरफ से यह संदेह जताना मुनासिब ही है कि केंद्र सरकार द्वारा गठित एमएसपी समिति से पंजाब प्रतिनिधित्व का नदारद रहना कहीं गत वर्ष चले किसान आंदोलन में पंजाब के किसानों की अत्यधिक भागीदारी की सजा तो नहीं?

दूसरी तरफ संयुक्त किसान मोर्चा के नेता भी सरकार द्वारा गठित इस समिति से पूर्णतयः असहमत हैं। एस के एम (संयुक्त किसान मोर्चा) के नेताओं का साफ आरोप है कि सरकार द्वारा गठित समिति के सभी नामित सदस्य भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की विचारधारा रखने वाले तथा गत वर्ष हुए किसान आंदोलन के विरोधी,कार्पोरेट घरानों के हित साधक तथा सत्ता समर्थक हैं लिहाजा इस समिति में एस के एम नेताओं के सदस्य के रूप में शामिल होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। किसान मोर्चा नेताओं का कहना है कि कमेटी के इस स्वरूप से सरकार की बदनीयती साफ नजर आती है, क्योंकि ये सभी लोग या तो सीधे भाजपा-आरएसएस से जुड़े हैं या उनकी नीति की हिमायत करते हैं और किसान आंदोलन के समय आंदोलन के विरुद्ध जहर उगलने का काम करते रहे हैं। उदाहरणर्थ कमेटी के अध्यक्ष पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल हैं। यह वही हैं जिन्होंने तीनों किसान विरोधी कानून की ड्राफ़्टिंग की थी। दूसरे सदस्य नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद हैं जो इन तीनों विवादित किसान विरोधी कानूनों के मुख्य पैरोकार थे। समिति में विशेषज्ञ के नाते वे अर्थशास्त्री रखे गये हैं, जो एमएसपी को कानूनी दर्जा देने के खिलाफ रह चुके हैं। इसी प्रकार कृष्णा वीर चौधरी भारतीय कृषक समाज से जुड़े भाजपा के नेता हैं तो सैयद पाशा पटेल महाराष्ट्र से भाजपा के एमएलसी रह चुके हैं। प्रमोद कुमार चौधरी आरएसएस से जुड़े भारतीय किसान संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हैं तो गुणवंत पाटिल शेतकरी संगठन से जुड़े, डब्ल्यूटीओ के पक्षधर व भारतीय स्वतंत्र पक्ष पार्टी के महामंत्री हैं जबकि गुणी प्रकाश का नाम किसान आंदोलन का विरोध करने वालों में अग्रणी था। सरकार द्वारा एमएसपी पर गठित इस समिति को संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा इन्हीं कारणों से खारिज कर दिया गया है और स्पष्ट रूप से सरकार को यह भी बता दिया गया है कि संयुक्त किसान मोर्चा, किसान विरोधी कमेटी में किसी तरह की हिस्सेदारी नहीं करेगा।

सरकार व किसानों के बीच एमएसपी पर गठित इस समिति को लेकर पैदा हुए गतिरोध के बीच एक बार फिर यह सवाल पैदा होता है कि क्या वास्तव में सरकार की नीयत किसानों को उनकी फसल का वह न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के लिये साफ है जोकि किसानों का अधिकार भी है? और यदि वास्तव में ऐसा है फिर आखिर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा यह आरोप क्यों लगाया जा रहा है कि -इस समिति में ऐसे सरकारी पिट्ठुओं की भरमार है, जिन्होंने किसान विरोधी कानूनों का समर्थन किया था और न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने के खिलाफ उनका रूख सार्वजनिक है? और इसी आधार पर एस के एम नेता यह कहने के लिये भी मजबूर हैं कि -ऐसी किसी कमेटी से किसानों के पक्ष में किसी तर्कसंगत रिपोर्ट और न्याय की आशा नहीं की जा सकती? संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं का यह भी कहना है कि यह समिति सरकार की इच्छा अनुसार फैसला करने व एमएसपी पर खानापूर्ति करने मात्र के लिए बनाई गई है। इसलिए मोर्चा इस कमेटी में शामिल नहीं होने का ऐलान करता है। स्वामीनाथन आयोग के सी 2प्लस50 फीसदी फामूर्ले के अनुसार एमएसपी की गारंटी का कानून बनवाने के लिए आंदोलन ही हमारे पास एकमात्र रास्ता बचा है। तो क्या संयुक्त किसान मोर्चा नेता एक बार फिर किसी बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार करेंगे?

या वह मोदी सरकार जिसने किसानों की आमदनी दो गुनी करने का वादा किया था और स्वयं को किसानों का हितैषी बताते नहीं थकती, वह एमएसपी समिति को लेकर राजनीति करने,डब्ल्यू टी ओ व कारपोरेट्स का हित साधने का प्रयास करने के बजाये वास्तव में किसान हितैषी कदम उठाते हुए पूरी नेकनीयती,ईमानदारी व पारदर्शिता से समिति में किसान हितैषी सदस्यों का समावेश करेगी। जब तक किसानों को इस बात का विश्वास नहीं हो जाता तब तक एमएसपी समिति को लेकर सरकार व किसान नेताओं के बीच तू डाल डाल मैं पात पात का खेल जारी रहेगा। और ऐसा वातावरण न तो सरकार के हित में है न किसानों के और न ही देश और देशवासियों के।

# मातृ मृत्यु दर कम करने की चुनौती

अरविंद जयतिलक

यह बेहद चिंताजनक है कि भारत के 640 जिलों में से 448 जिलों में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के तहत निर्धारित लक्ष्य से बहुत अधिक है। यह खुलासा जर्नल पीएलओस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित एक अध्ययन से हुआ है। अध्ययन के मुताबिक शोधकताओं ने 2017-2019 के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) में दर्ज 61,982,623 जीवित बच्चों की संख्या और 61,169 माताओं की मृत्यु के आंकड़ों के विश्लेषण के जरिए यह निष्कर्ष निकाला है। गौरतलब है कि स्वाथ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली एक वेब आधारित निगरानी प्रणाली है जिसे स्वाथ्य परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लगाया गया है। इस अध्ययन में विश्लेषण का निष्कर्ष हासिल करने के लिए 2011 की जनसंख्या को आधार बनाया गया है। संभवतः यहीं वजह है कि 2022 के 773 जिलों के बजाए सिर्फ 640 जिलों के आंकड़ों को ही इस्तेमाल किया गया है। जिला स्तर पर मातृ मृत्यु दर के अध्ययन से उद्घाटित हुआ है कि देश के 70 फीसद यानी 448 जिलों में मातृ मृत्यु दर 70 से अधिक उल्लेखनीय है कि मातृ मृत्यु दर प्रति एक लाख जन्म पर प्रजनन या गर्भावस्था की जटिलताओं के चलते होने वाली माताओं की मृत्यु को कहा जाता है। सतत विकास लक्ष्यों के तहत संयुक्त राष्ट्र ने 2030 के लिए मातृ मृत्यु दर 70 निर्धारित किया है जबकि भारत में मातृ मृत्यु दर 113 है। शोधकताओं के अध्ययन पर दृष्टिपात करें तो मातृ मृत्यु दर के मामले में विश्व में 15 प्रतिशत माताओं की मौत भारत में हुई है। इस मामले में नाइजीरिया के बाद भारत दूसरे स्थान पर है। नाइजीरिया में मातृ मृत्यु दर 19 प्रतिशत है। मुंबई स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउस ब्रिटेन और यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्टेजलिया के शोधकताओं ने पाया है कि सर्वाधिक मातृ मृत्यु दर अरुणाचल प्रदेश में 284 और सबसे कम महाराष्ट्र में 40 है। इसी तरह पंजाब में मातृ मृत्यु दर 143, मध्यप्रदेश में 179, उत्तर प्रदेश में 208, दिल्ली में 162, जम्मू-कश्मीर में 151, राजस्थान में 162, छत्तीसगढ़ में 144, बिहार में 164, लक्षद्वीप में 208 और असम में 209 है। हालांकि अध्ययन में शोधकताओं ने यह भी पाया है कि भारत में प्रति एक लाख शिशु के जन्म पर मातृ मृत्यु दर 130 से घटकर 113 हो गयी है। शोधकताओं के अध्ययन के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिले में मातृ मृत्यु दर सबसे कम है। इसी तरह 115 जिलों में मातृ मृत्यु दर 210 से अधिक या समान है। 125 जिलों में 140-209 है। जबकि 210 जिलों में 70 से 139 है। वहीं सिर्फ 190 जिलों में में ही मातृ मृत्यु दर अनुपात 70 से कम है। गौर करें तो यह पहली बार नहीं कि जब किसी शोध के जरिए प्रसव व गर्भावस्था में जान गंवा रही माताओं के विचलित करने वाले आंकड़े उजागर हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट से उजागर हो चुका है कि भारत में प्रत्येक वर्ष गर्भधारण संबंधी जटिलताओं के कारण और प्रसव के दौरान तकरीबन 5 लाख से अधिक माताएं दम तोड़ती हैं। चिकित्सकों की मानें तो मातृ मृत्यु दर का सबसे प्रमुख कारण महिलाओं में 30 प्रतिशत रक्तस्राव, 19 प्रतिशत एनीमिया, 16 प्रतिशत संक्रमण, 10 प्रतिशत जटिल व जोखिम वाले प्रसव एवं 8 प्रतिशत मृत्यु दर उच्च रक्तचाप संबंधी विकारों से होती है। गर्भवती महिलाओं में कुपोषण के कारण कभी-कभार उन्हें गर्भपात भी कराना पड़ता है जिससे उनकी जान जाने का खतरा बना रहता है। मेटरनल मॉर्टेलिटी रेशियो (एमएमआर) और इंटरनेशनल प्रेग्नेंसी एडवाइजरी सर्विसेज की रिपोर्ट की मानें तो भारत में असुरक्षित गर्भपात से हर दो घंटे में तकरीबन एक स्त्री की जान चली जाती है। दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि स्वास्थ्य जागरुकता के बावजूद आज भी गांवों में 40 प्रतिशत से अधिक प्रसव बेहद खतरनाक स्थिति में घरों में कराए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की पापुलेशन फंड-इंडिया की रिपोर्ट में पहले ही उजागर हो चुका है कि उत्तर प्रदेश और बिहार में 50 प्रतिशत और राजस्थान में 41 प्रतिशत से ज्यादा महिलाओं ने अपने घरों में शिशुओं को जन्म दिया। देश के अन्य राज्यों की हालात भी कमोवेश ऐसी ही है। इससे न सिर्फ गर्भवती महिलाओं की जान जोखिम में पड़ रही है बल्कि वे खतरनाक बीमारियों की चपेट में आ रही हैं। यहां यह भी ध्यान देना होगा कि भारत में गर्भवती महिलाओं की मौत का तीसरा सबसे बड़ा कारण गर्भपात है। गत वर्ष पहले सरकारी संस्था नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) की एक रिपोर्ट से उद्घाटित हुअ था कि शहरों में 20 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों में हर सातवें गर्भधारण का अंत गर्भपात के रुप में होता है। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश भर में ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भपात का प्रतिशत 2 तथा शहरी क्षेत्रों में 3 है। गौर करें तो भारत में गर्भपात की इजाजत कुछ विशेष परिस्थितियों में दी गयी है। मसलन अगर गर्भ के कारण किसी महिला की जान खतरे में है या गर्भ में पल रहे बच्चे की विकलांगता की आशंका बढ़ गयी है अथवा महिला के साथ बलात्कार हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### 31 को जेपी नड्डा पीएम के मन। की बात कंगन घाट में सुनेंगे

पटना सिटी। 31 जुलाई रविवार को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सिटी में सुनेंगे। स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव इसकी तैयारी में संगठन के नेता व कार्यकताओं के साथ तैयारी में जुटे हैं। कंगन घाट स्थित पर्यटक भवन में सुनेंगे। इस लेकर सोमवार को सुबह 9.30 बजे पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव, विधान पार्षद दिलीप जायसवाल एवं पर्यटन विभाग के अधिकारी कार्यक्रम स्थल का मुआयना करेंगे।

### दुसरे सोमवार पर शिवालयों में जलाभिषेक व श्रृंगार आज

पटना सिटी। सावन माह की दूसरी सोमवारी को लेकर गायघाट स्थित गौरीशंकर मंदिर, महराजगंज के माल्य महादेव मंदिर, बाबा मुक्तेश्वरनाथ मंदिर तारणी प्रसाद लेन, सादिकपुर के बाबा पटनेश्वरनाथ मंदिर, झाऊगंज के पीतल के महादेव मंदिर, तिलकेश्वरनाथ मंदिर, खाजेकलां थानेश्वरनाथ शिव मंदिर, शिव मंदिर पातो की बाग, पश्चिम दरवाजा शिव मंदिर, अलखिया बाबा के मंदिर, हमाम स्थित श्री श्री विश्वनाथ हनुमान साई मंदिर, घघा घाट शिव मंदिर, सूर्य नारायण मंदिर बालू घाट, रानीघाट के भूतेश्वरनाथ के साथ अन्य शिव मंदिरों में दर्शन एयर पूजन की तैयारी की गयी है। इसके अलावा लगने वाले सावन मेला की भी तैयारी है। एसडीओ मुकेश रंजन ने बताया कि मेला के दौरान विधि-व्यवस्था कायम रखने को थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिया गया है। खुशरूपुर प्रखंड के बैकठपुर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों का जत्था अशोक राजपथ के रास्ते, सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर में भी जलाभिषेक को निकले टोली से महात्मा गांधी सेतु से गुजर रहा था। मारवाड़ी सेवा समिति की ओर से संजीव देवड़ा की अध्यक्षता में सेवा शिविर चौक पर लगाया गया। इसमें सुभाष पोद्दार, अशोक बंका, राजेश देवड़ा, राजकुमार गोयनका आदि सेवा में लगे थे।

### पानी के अभाव मे दूर, धान की रोपनी

गडहनी। कृषि विभाग द्वारा गडहनी प्रखण्ड के आठ पंचायतो सहित नगर पंचायत मे 8270 हेक्टेयर मे धान की रोपनी कराई जाने का लक्ष्य प्राप्त है। वहीं 22 हेक्टेयर मे मक्का की खेती की जानी है। प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि 23 जुलाई तक मात्र 589 हेक्टेयर मे धान की रोपनी हो पाने की सूचना प्राप्त है जबकि 22 मे से 18 हेक्टेयर मक्का की खेती अभी तक होने की सूचना प्राप्त है।

# जत्थेदार व पदाधिकारी पर असली सोना गायब करने या दानदाता पर धोखाधड़ी का आरोप

## डॉ सामरा का चढ़ाया श्रीसाहिब व पंगुड़ा साहिब में सोना ना के बराबर

**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**



जालंधर के करतारपुर के रहने वाले डॉ गुरुबिंदर सिंह सामरा तख्तश्री पटना साहिब में सोने का बड़ी कलगी, श्री साहिब और पंगुड़ा साहिब सहित अन्य सामान करोड़ों का भेंट किया था। यह भेंटा तब से लेकर अब तक विवादों में घिरा हुआ है। तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष अवतार सिंह हित के द्वारा बनाए गए तीन सदस्यीय जांच समिति ने तीन सामान की जांच की, जिसमें एक में एक हद तक सही सोना पाया गया, जबकि दो में बताए गए कीमत और सोना न के बराबर पाया गया है।

इसे लेकर रविवार प्रेस कॉन्फ्रेंस में तख्तश्री कमेटी के पूर्व महासचिव व सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, राजा सिंह एवं हरपाल सिंह जौहल ने प्रधान से असली सोना गायब करके नकली सोना रखने के एवज में एफआईआर दर्ज कराने और उक्त दोषी पर सख्त कानूनी, प्रबंधकीय एवं धार्मिक कार्यवाही करने की मांग की है। श्री ढिल्लन ने कहा कि 18 जुलाई की रविंद्रपाल सिंह, महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, महासचिव इंद्रजीत सिंह, अधीक्षक दलजीत सिंह एवं कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह के साथ सभी चौक स्थित जगमोहन लाल शिवरतन लाल की दुकान पा जांच कराने को ले गए।

बड़ी कलगी का वजन 2 किलो 144 ग्राम स्टोन के साथ है। मोती साधारण है, नग अमेरिकन और सोना 22 कैरेट का है। इसकी कीमत एक करोड़ 30 लाख बताई गई थी। श्री साहिब (कृपाण) में तांबे की प्लेट चढ़ा कर सोने का वर्क लगा है। सोनार के मुताबिक 60-70 ग्राम सोना चढ़ा होना चाहिए। इसमें डेढ़ किलो सोना बताया गया था। पंगुड़ा साहिब के चारों पौवा लकड़ी का बना है। उसके ऊपर तांबे की प्लेट चढ़ी है। प्लेट पर सोने का वर्क लगा है। सोनार के अनुसार अंदाजन करीब 60-70 ग्राम सोना चढ़ा होगा। पंगुड़ा साहिब के चारों ओर से लकड़ी के ऊपर चांदी की चादर चढ़ी है। अंदाजतन तीन से साढ़े तीन किलो चांदी होगी। तख्तश्री कमेटी के सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, राजा सिंह और हरपाल सिंह जौहल ने कहा कि इसके पहले एक करोड़ 30 लाख की कलगी दिए जाने का भी जिक्र किया गया था। इसकी पुष्टि तख्त साहिब के महासचिव इंद्रजीत सिंह द्वारा डॉ सामरा का धन्यवाद करते हुए जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह द्वारा डॉ सामरा, उनके परिवार और साथ आए साथियों को भी सरोपा भेंट किया गया था। जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह लगातार यह दावा कर रहे हैं कि उनके द्वारा समय-समय पर स्वयं जाकर बनते सामान का मुआयना कर उसे अपनी देखरेख में तैयार करवाया गया है। उन सबों को इस पर संदेह हुआ और तब शिकायत की और प्रधान ने इस पर कार्रवाई करते हुए जांच कमेटी बनाकर जांच करने को कहा। जांच समिति में श्री ढिल्लन के अलावा रविंद्रपाल सिंह और मेजर चावला थे। जांच के दौरान पाया गया कि जिस पंगुड़ा साहिब पर 5 किलो सोना लगा होने की बात डॉ सामरा और बाद में महासचिव इंद्रजीत सिंह द्वारा स्टेज से कही गई। उसमें सोनार के मुताबिक मात्र 60 से 70 ग्राम सोना लगा है। उसी प्रकार कृपाण में भी सोना नाम मात्र है। जांच के बाद अनेक सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या डॉ सामरा ने किसी साजिश के तहत नकली सोने का सामान भेंट किया या फिर जत्थेदार साहिब एवं अन्य किसी पदाधिकारी द्वारा असली सोना गायब कर नकली सामान तैयार कराया गया या फिर डॉ सामरा और जत्थेदार एवं अन्य किसी ने मिलकर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया है।

इसका जवाब या तो जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह या डॉ सामरा ही बेहतर ढंग से दे सकते हैं। इन सबने मांग की है कि जिस पलंग को भी सोने का बताते हुए 15 से 20 करोड़ की लागत का बताया गया है, उसकी भी जांच होनी चाहिए। डॉ सामरा के द्वारा दिए गए सामान में अब तक जिसकी जांच हो गई है और जिसका विवरण दिया गया है। इस संबंध में असली सोना गायब कर नकली सोना रखने के एवज में एफआईआर दर्ज कराई जानी चाहिए। उक्त दोषी पर सख्त कानूनी, प्रबंधकीय एवं धार्मिक कार्रवाई होनी चाहिए। संवाददाता सम्मेलन के दौरान अमरजीत सिंह शम्मी एवं त्रिलोक सिंह निषाद भी मौजूद थे।

**क्या कहते हैं महासचिव:** इस इस संबंध में जब कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि दानदाता के द्वारा जो बताया गया, उसी को उन्होंने स्टेज से घोषणा करने का काम किया था। अब जांच के दौरान उसमें गलत पाया गया है, तो निश्चित तौर पर अध्यक्ष अवतार सिंह हित के द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कमेटी के प्रधान जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह और अन्य पदाधिकारी मिलकर विमर्श कर कोई निर्णय लेंगे। फिलहाल अभी बहुत कुछ कहना संभव नहीं है। वैसे भी दरबार साहिब में कोई भी सोना, चांदी या अन्य कीमती सामान भेंट करता है, तब उसकी जांच स्वर्णकार से कराने के बाद ही उसे इसकी पावती रसीद दी जाती है। अब तक डॉ गुरुबिंदर सिंह सामरा के द्वारा दी गई भेंटा की कोई रसीद उन्हें प्रदान नहीं की गई है।

# सद्गुरु कबीर ने पढ़ाया सत्य, अहिंसा और एकता का पाठ : महंत ब्रजेश मुनि

## आचार्य गद्दी कबीर पीठ फतुहा में साप्ताहिक सत्संग

**फतुहा, प्रात : किरण संवाददाता**



शहर में दरियापुर स्थित कबीर मठ फतुहा में रविवारीय साप्ताहिक सत्संग का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कबीर मठ के संरक्षक महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने सद्गुरु कबीर साहेब का उपदेश बताते हुए कहा कि जीव मति मारो बापुरा, सबका एकै प्राण। हत्या कबहूँ न छूटिहैं, जो कोटिन सुनो पुराण। सम्पूर्ण समाज को सत्य, अहिंसा, एकता और अध्यात्मिकता का पाठ पढ़ाया।

उन्होंने कहा यदि तू उद्धार चाहता है तो जीवों दया कर आत्मा पूजा को आत्मा में धारण करने का मार्ग बताया। सद्गुरु भक्ति के समान कोई दूसरी भक्ति नहीं है। इसी कड़ी में न्यास समिति के सदस्य संत विवेक मुनि ने कहा परमात्मा को बनाये हुए चीजों को बिगाड़ने से कठोर दण्ड मिलता है। सभी शास्त्रों में जीव हत्या पाप कहा गया है। सद्गुरु साहेब कबीर की वाणी जीव हिंसा नहीं करने का संकल्प दिलाता है। इस अवसर पर काशी के संत अशोक दास न्यास समिति के सदस्य शारदा देवी, संत महेश जी, दर्शन बाबा, कौशल मुनि, ने भी साधु संगति की। सत्य नाम साहेब, खोबी लाल साहेब, भक्ति मति राधा ने कबीर साहेब के भजन गाकर भक्ति भाव का अलख जगाया।

## महारुद्राभिषेक के आयोजन पर हर हर महादेव की गूंज

**फतुहा।** रविवार को नगर में मस्ताना घाट स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गयो जिसमे हर तरफ हर-हर बम-बम की गूंज रही मस्तक पर चन्दन और मुंह में जय शिव का जाप कर रहे श्रद्धालुओं नें शिव को प्रसाद अर्पण किया। रविवार सुबह से ही महादेव का अद्भुत श्रंगार किया और बाबा का महा रूद्र अभिषेक का आयोजन कियो महा रुद्राभिषेक आयोजन में बनारस से पधारे विद्वान पंडित मनीष जी महाराज और अरविन्द शास्त्री ने पूरे विधि-विधान से पूजन और मंत्रों से मंत्रोच्चारण कर रुद्राभिषेक संपन्न कराया। भक्तों ने गंगा मैया और भोले बाबा के जमकर जयकारे लगाए। यहां रुद्राभिषेक में गोपाल कुमार शर्मा, अजीत कपूर, मनीष कुमार, राहुल शर्मा, छोटू कुमार सहित यजमान ने यहां रुद्राभिषेक पूजा को सफल बनाया।

# कथावाचक मनजिंदर सिंह को दी गई वैराग्यमयी श्रद्धांजलि

## गुरुद्वारा बाललीला के दरबार साहिब में हुआ कीर्तन व कथा

**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**



गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में कथावाचक रहे बाबा मनजिंदर सिंह के आकस्मिक निधन के बाद दरबार साहिब में आयोजित समारोह में उन्हें वैराग्यमयी श्रद्धांजलि दी गई। गुरुद्वारा बाललीला में श्री अखंड पाठ रखा गया था। उनकी आत्मा की शांति और गुरु चरण में वास को लेकर शुक्रवार को बाबा चमकौर सिंह एवं बाबा मिंटा सिंह की देखरेख में शुरू श्री अखंड पाठ का समापन हुआ। इसके बाद गुरुद्वारा बाललीला के रागी जत्था भाई ओंकार सिंह और तख्तश्री पटना साहिब के रागी जत्था भाई जगत सिंह ने कीर्तन पेश किया। कथावाचक ज्ञानी दलजीत सिंह, ज्ञानी गगनदीप सिंह एवं ज्ञानी सुखदेव सिंह ने उनके जीवन और दुनिया में आना और जाने के बारे में विस्तार से कहा। अंत में तख्तश्री पटना साहिब के वरीय मीत ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने अरदास किया। इस दौरान तख्तश्री पटना साहिब के पंच प्यारों में शामिल गुरदयाल सिंह के अलावा गुरुद्वारा बाललीला के बाबा गुरुबिंदर सिंह एवं राजन सिंह ने आगतों का स्वागत करते हुए लोगों को सिरोपा प्रदान किया। इस दौरान गुरु का अटूट लंगर भी चला। मौके पर तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, सदस्य राजा सिंह, गुरुबिंदर सिंह, जसपाल सिंह, मनोहर सिंह बग्गा, अवतार सिंह, इंद्रजीत सिंह बग्गा, परमजीत सिंह पम्मा, सतनाम लांबा, अजय सिंह चप्पू आदि मौजूद थे।

# दियारा की समस्याओं को लेकर बीजेपी नेता यादव ने कराया अवगत



**दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता**

दानापुर नगर के भाजपा नेता सनोज यादव पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी से मिलकर दियारा की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने दानापुर दियारा के तीन पंचायत को पटना में शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दानापुर दियारा के कासिमचक, पानापुर और मानस पंचायत को छपरा से जोड़ दिया गया है। इस कारण यहां के लोगों को छपरा जाने में काफी परेशानी होती है। विकास का काम भी ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है। भाई सनोज यादव ने पक्की पुल के निर्माण के लिए भी आग्रह किए कहा कि हजारों की संख्या में शहर जाने के लिए आवागमन प्रत्येक दिन दियारा के लोग करते हैं जिनको आने जाने में कठिनाई होती है बारिश ज्यादा होने के लोगों को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है इसको लेकर पूर्व उप मुख्यमंत्री से आग्रह किए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने इस दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया।

# हत्याकांड में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर किया रोड जाम, हंगामा

## पुलिस से भी हुई तीखी झड़प, गुस्से का किया इजहार

**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**



खाजेकलां थाना क्षेत्र के सदर गली स्थित बांके राय कूंचा मुहल्ला के रहने वाले देवी चौधरी का बेटा राहुल की हत्या में शामिल आरोपित अमित कुमार पांडेय उर्फ गोलू तथा लल्लू कुमार की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों व मुहल्ला के लोगों ने रविवार की दोपहर सदर गली काली मंदिर के पास रोड जाम किया। इस दौरान आगजनी करते हुए बांस-बल्ला से घेर कर सड़क जाम कर दिया गया। सड़क जाम किये लोगों का कहना था कि हत्या को पांच दिन बीतने के बाद भी पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। थाना पर जब महिलाएं शिकायत करने जाती हैं, तब डांट कर पुलिस भगा देती है। सड़क जाम व हंगामा की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस से भी लोगों की तीखी झड़प हुई। मशक्कत के बाद पुलिस ने सड़क जाम हटवाने में सफल रही। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर का कहना है कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। आरोपी घर छोड़ कर फरार है। पुलिस जल्द ही हत्याकांड की गुत्थी सुलझा लेगी। विदित हो कि गोली से जख्मी राहुल को परिजनों ने पहले एनएमसीएच और बाद में निजी उपचार केंद्र में भर्ती कराया था। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी थी।

# योजना का लाभ पा खुश दिखे लाभार्थी



**पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददता**

नगर निगम के वार्ड नंबर 70 के वार्ड कार्यालय (जन सुविधा केंद्र) में प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना के लाभार्थियों के बीच गैस व चूल्हा का वितरण किया गया।

करीब सौ महिलाओं को तत्कालीन वार्ड पार्षद विनोद कुमार ने गैस सिलेंडर, चूल्हा, रेगुलेटर और पाइप का वितरण किया। इस कार्यक्रम में गंगा सागर शास्त्री संतोष पांडेय, पवन कुमार ज्ञानी, सुनील कुमार, रेखा देवी, अनिता पांडेय आदि शामिल थे। अंत में तत्कालीन पार्षद विनोद कुमार ने कहा कि वे सरकार की सभी योजनाओं को जमीन पर उतारने में कोई कसर न छोड़े हैं और न छोड़ेंगे।

सभी सरकारी योजना जैसे प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना, वृद्धा, लक्ष्मीबाई, दिव्यांग पेंशन योजना, सड़क, नाला, पानी, स्ट्रीट लाइटनी जैसी योजनाओं पर खासा काम किया और बची योजनाओं पर कार्य को संपन्न कराने के लिए प्रयासरत हैं।

# भागीदारी पार्टी पी ने किया बैठक

**दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता**



दानापुर फुलवारीशरीफः नगर के रविवार को फुलवारीशरीफ के राष्ट्रीयगाज में भागीदारी पार्टी पी ने बैठक किया। इस बैठक में जिला से आए अध्यक्ष और कार्यकताओं ने अपनी बात रखें। भागीदारी पार्टी पी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं पूर्व सह राज्य मंत्री महेश चंद्र प्रजापति ने कहा प्रदेश स्तरीय कार्यकताओं की बैठक थी 24 जिले के जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी जिला कार्यकारिणी विधानसभा कार्यकारिणी और बूथ स्तर कार्यकारिणी को लेकर कैसे लोगो को जोड़ना है कैसे लोगो को खड़ा करना है इस तमाम बिंदु पर चर्चा किया गया। जिस तरह से महाराज उत्तर प्रदेश गुजरात में इस सभी जगह जमीनी स्तर पर भागीदारी पार्टी अपना काम कर रही है। इस तरह से बिहार ने भी अपने संगठन को धरातल पर बूथ का स्तर पर इतना मजबूत करने जा रहे हैं। यहां पर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर परचम लहराने का काम कर रहे हैं। भागीदारी पार्टी बिहार में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी।यह देखना चाहते है कि भागीदारी पार्टी सभी की पार्टी है। भागीदारी पार्टी का बिगुल आज बाज चुका है।यह पार्टी दलित अति पिछड़ा सभी की आवाज उठा ने की पार्टी है। लोगों ने भागीदारी पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया वही इस बैठक में पटना जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति, प्रदेश महासचिव मृत्युंजय पंडित, पाटलिपुत्र लोकसभा प्रभारी गोधन पंडित, भीम पंडित,मोहन पंडित, देवीलाल पंडित, मुकेश पंडित,अशोक पंडित, राम विनोद पंडित जवाहर पंडित दीनानाथ पंडित ,कुमारी सरोज सिन्हा ,नरेश पंडित ,जवाहर पंडित आदि लोग मौजूद रहे।

## 4 नामजद और एक अज्ञात के ऊपर दर्ज कराई प्राथमिकी

**विभूतिपुर।** विभूतिपुर थाना क्षेत्र के महथी उत्तर पंचायत वार्ड नंबर 13 निवासी बबलू सहनी की पत्नी बिंदा देवी ने अपने पति का हत्या का आरोप लगाते हुए एक ही परिवार के चार लोग बोरिया वार्ड 10 निवासी रामभरोस पासवान एवं उनके पत्नी तथा उनके 2 पुत्र सहित अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें पीड़ित महिला ने बताई की मेरे पति 24 जुलाई 2022 को संध्या 8 बजे नरहन बाजार से सब्जी खरीद कर आए। उनके साथ बोरिया डीह के रामभरोस पासवान भी थे। उन्होंने बोल कर गए की हम लोग आधे घंटे में आते हैं। 1 घंटे तक घर नहीं आने पर मेरी पुत्री ने उनके मोबाइल पर फोन किया तो उन्होंने बताया कि कुछ देर में आ रहे हैं परंतु सुबह तक नहीं आए। सुबह सूचना मिली की बांध पर खून का धब्बा, मोबाइल एवं साइकिल है। मैं बांध पर गई। तब तक पुलिस मोबाइल, साइकिल एवं गमछा बरामद कर थाने ले आई।

# पटना साहिब में आप का चला सदस्यता अभियान



**पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता**

यहां के चौकशिकारपुर नाला पर विधानभा प्रभारी अभिषेक यादव के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी का सदस्यता अभियान जन संवाद के माध्यम से चलाया गया। मौके पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और जोनल प्रभारी मनोज कुमार मुख्य अतिथि थे। इसे संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि देश में आम आदमी पार्टी की लहर चल रही है। बिहार में भी लोग दिल्ली और पंजाब जैसी मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा देने वाली सरकार चाहते हैं। ईमानदार राजनीति से प्रभावित होकर बदलाव के लिए बिहार के हर जिले प्रतिदिन आम आदमी पार्टी की लोग सदस्यता ले रहे हैं। पटना साहिब विधान सभा क्षेत्र के हर चौक-चौराहे पर पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत चौकशिकारपुर में दर्जनों लोगों ने पार्टी की निःशुल्क सदस्यता ग्रहण की। जन संवाद को संबोधित करने वाले नेताओं में साधु शरण चौधरी, धमेंद्र सिन्हा, प्रकाश सिन्हा और ममता कुमारी प्रमुख थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

# लोक शिकायतों का निपटारा जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीएम

## शिकायतों की कुल 9500 प्राप्त हुए आवेदन में 3200 आवेदनों का ऑन स्पॉट किया गया निष्पादन

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



**उदघाटन**

● स्थानीय स्तर पर शिकायतों का त्वरित समाधान के लिए 'अपना पंचायत- अपना प्रशासन' का किया जा रहा आयोजन : डीएम

वैशाली डीएम यशपाल मीणा के द्वारा महुआ प्रखंड के मिर्जानगर पंचायत में अपना पंचायत - अपना प्रशासन कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक शिकायतों का निपटारा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। स्थानीय स्तर पर हीं लोक शिकायतों का निष्पादन त्वरित रूप से हो ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी ना हो और यात्रा व्यय भी नहीं लगे इसके लिए वैशाली जिला के सभी पंचायतों में यह कार्यक्रम एक मुहिम के रूप में चलाया जा रहा है। डीएम ने कहा कि अभी तक 150 से अधिक पंचायतों में इस तरह का आयोजन किया जा चुका है जहां शिकायतों की कुल 9500 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 3200 आवेदनों का निष्पादन ऑन स्पॉट किया गया तथा ऐसे आवेदन जिसमें जांच की जरूरत थी उस पर जांच कराकर उसे भी शीघ्र निष्पादित किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि इस आयोजन में प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित रहते हैं और आपसी समन्वय के साथ प्राप्त शिकायतों का निष्पादन करते हैं। डीएम ने कहा कि आप सभी से अनुरोध रहेगा पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में जाएं और अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराएं। इसके अतिरिक्त प्रखंड स्तर पर भी प्रशासन आपके द्वार का कार्यक्रम शुरू किया गया है और ऐसा पहला आयोजन भगवानपुर प्रखंड से किया गया है जहां 600 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से अधिकाधिक का निष्पादन कर दिया गया है। जिला अधिकारी के द्वारा यहां पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि सात निश्चय फेज 2 के तहत हर खेत को पानी उपलब्ध कराने का कार्य चल रहा है। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता भत्ता और कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में बता कर वहां उपस्थित युवाओं को प्रेरित किया गया और इसका लाभ उठाने की बात कही गई। डीएम ने अपना मोबाइल नंबर भी लोगों को नोट करवाया और कहा कि कहीं परेशानी हो तो मेरे से सीधा संपर्क किया जाए। डीएम ने कहा कि जमीन विवाद के विरुद्ध भी मुहिम छेड़ा गया है इसके लिए जिला में त्रुटिपूर्ण 990000 जमाबन्दी में से 700000 की सुधार की गई है और इसमें से 345000 जमाबन्दी को भौतिक सत्यापन के पश्चात पोर्टल पर ऑनलाइन किया गया है। आने वाले समय में भी सभी जमाबंदी को ऑनलाइन कराया जाएगा। इसके लिए तेजी से कार्य चल रही है और प्रतिदिन इसका अनुसरण किया जा रहा है।

डीएम ने कहा कि सभी अंचलों की सरकारी जमीन चिन्हित की गई है और उसका भौतिक सत्यापन कराकर उसकी निर्देशिका बनवाई गई है। यह सब नवाचार के रूप में लिया गया है। जिला अधिकारी के द्वारा कार्यक्रम स्थल राजकीयकृत आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जा नगर के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया और यहीं पर छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय लोगों के लिए एक पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। आज विद्यालय के प्रांगण में बालक और बालिका वर्ग में अलग-अलग खो-खो प्रतियोगिता कराई गई और सभी प्रतिभागियों को उनका उत्साहवर्धन करते हुए मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्या बिहार कोचिंग के छात्रों ने शत-प्रतिशत हासिल की सफलता

जहानाबाद। सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में पूर्वी गांधी मैदान में संचालित विद्या बिहार कोचिंग के छात्र-छात्राओं ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की। जिसमे साक्षी कुमारी, साहिल कुमार, आयुष, प्रीति, सुंदरम, प्रगति, रिचा, रुनझुन प्रिया तथा दीपांशु आदि ने 96 प्रतिषत से अधिक अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वही कई छात्रों ने 90 प्रतिषत से अधिक अंक प्राप्त किए। कोचिंग के शिक्षक रवि रंजन एवं शशि रंजन ने सभी को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही आगे भी इसी तरह से श्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना किया। उन्होंने बताया कि मेरे मार्गदर्शन एवं छात्रों के मेहनत का ही परिणाम है कि सभी विद्यार्थी गणित एवं विज्ञान में शत प्रतिशत अंक पाए।

### घर में सो रहे आठ वर्षीय छात्र को सांप ने डसा, मौत

बड़हरा। प्रखंड क्षेत्र के रामशहर गांव में अपने घर में सो रहे एक छात्र को सांप ने डंस दिया। इस दौरान आनन-फानन में स्वजन छात्र को सदर अस्पताल आरा लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों की टीम ने छात्र को मृत घोषित कर दिया।

# बसहा बैल के साथ भीख मांग रहे 6 संदिग्ध गिरफ्तार

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



जिले की पुलिस ने छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जो बसहा बैल (नंदी, शिवजी की सवारी) के साथ साधु का वेश धारण करके भिक्षाटन कर रहे थे। पकड़े गए युवक मुस्लिम समुदाए के बताए गए हैं। इन युवकों को हाजीपुर नगर थाना के कदमाघाट से पकड़ा गया है। पकड़े गए 6 युवकों को बसहा के साथ पुलिस ने नगर थाने में लाया जहां सभी से पुलिस पूछताछ की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरंग दल के कार्यकर्ता को इन सभी युवकों के व्यवहार से शक हुआ फिर उनके पीछे गुप्तचर लगाए जिससे पता चला कि ये युवक हिन्दू नहीं हैं। उसके बाद गंडक नदी के कदमाघाट पर उन्हें पकड़ लिया गया।सभी युवक साधु बनकर कई दिनों से हाजीपुर शहरी इलाके में भीख मांगते थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ कर रही है। थाने पर सभी संदिग्धों से नगर थानाध्यक्ष ने पूछताछ किया तो संदिग्धों ने बताया कि जहां मेला लगता है वहां हम लोग जाते हैं और मांग कर रोजी रोटी की व्यवस्था करते हैं। हिन्दू बनकर और सावन में बसहा लेकर भीख मांगने के सवाल पर सभी खामोश हो गए। इनमें से दो संदिग्धों के आधार कार्ड मिले हैं। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि जो आधार कार्ड में पता दर्ज हैं, उनका वेरिफिकेशन किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान 38 वर्षीय करीम अहमद, 40 वर्षीय सैयद अली, 30 वर्षीय हसन, 32 वर्षीय महबूब, 35 वर्षीय हलीम अहमद, और 30 वर्षीय सुबराती के रूप में हुई है। बजरंग दल के कार्यकताओं ने आरोप लगाया है कि ये सभी भीख मांगने वाले नहीं लगते बल्कि इनका मकसद संदिग्ध है।

# ओपीडी में गिरा छत का चट्ट बाल बाल बचे कर्मी



गडहनी, प्रात : किरण संवाददाता

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गडहनी के दवा वितरण केन्द्र मे अचानक छत का चट्ट गिर पडा। दवा वितरण केन्द्र मे ड्यूटी कर रहे कर्मी दुर्घटना के शिकार होने से बाल बाल बचे। बताया जा रहे है कि प्रखण्ड स्थित पीएचसी जर्जरता को प्राप्त हो चुकी है। जर्जर भवन मे ही पीएचसी का संचालन किया जाता है।

भवन की स्थिति ऐसी ही कि कब हादसा हो जायेगा कोई नही जानता। प्रसव भवन महिला वार्ड डॉक्टर कक्ष सहित अन्य भवनो की स्थिति काफी दयनीय है।बरसात के दिनो मे बैठने को कौन कहे खडे होने की भो जगह नही रहती। इन भवनो को लेकर कई बार सीएस डीएम को भी अवगत कराया गया सीएस द्वारा भवन का निरीक्षण भी किया गया।

डीएम भोजपुर राज कुमार द्वारा पीएचसी को बीआरसी भवन मे शिफ्ट करने को ले गडहनी बिडिओ को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया है।लेकिन अभी तक इसे गम्भीरता से नही लिया गया। वहीं स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार ने घटना की बस्तु स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डीएम के आदेश के आलोक मे बीआरसी भवन मे पीएचसी को सिफ्ट कराई जाने की क्वायद की जा रही है।

### बोचहा में एक साल से रोगी कल्याण समिति की बैठक नहीं

**बोचहां ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में रोगी कल्याण समिति की अवधारणा को लागू किया गया है। परंतु विभागीय अफसरों की मनमर्जी व उदासीन रवैये के कारण प्रखंड के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इसका बिल्कुल ही अनुपालन नहीं हो पा रहा है। जिससे आमजनों को समुचित स्वास्थ्य सेवा मयस्सर नहीं हो रही है। स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि तक रीबन साल भर से रोगी कल्याण समिति की बैठक नहीं हुई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रबंधन में अपेक्षित सहयोग हेतु रोगी कल्याण समिति का गठन किये जाने का प्रावधान है। परंतु वस्तुस्थिति यह है कि यहां रोगी कल्याण समिति का गठन तो किया गया है, परंतु वह सिर्फ खानापूर्ति के लिये। नतीजतन यह समिति निष्क्रिय बनी हुई है। जिससे आमजनों को समुचित स्वास्थ्य सेवा मयस्सर नहीं हो रही है। जानकारी के अभाव में आज भी आमजनों को प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज कराने पर विवश है जहां पर उनके साथ इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है।

# प्राथमिक विद्यालय भवन का शिलान्यास

अरवल, प्रात :किरण संवाददाता



जिले के सोनभद्र बंशी सूर्यपुर प्रखंड क्षेत्र के मुन्ना गंज गांव में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय का शिलान्यास स्थानीय विधायक बागी कुमार वर्मा एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष यादव कुसुम गणेश ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाया जाना चाहिए।

विद्यालय नहीं रहने के कारण बच्चों को पढ़ाई करने दूर जाना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए इस गांव में विद्यालय भवन के लिए मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से दस लाख रुपए की राशि अनुशंसित की गई है। विद्यालय भवन बनने के बाद यहां इस गांव के बच्चों को काफी सुविधा मिलेगी। इन्होंने कहा कि बिहार सरकार शिक्षा को पूरी तरह चौपट कर दिया है। सरकार की गलत नीतियों के कारण शिक्षा के क्षेत्र में काफी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में गांव के विकास के लिए और भी कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा प्रसाद यादव ने किया। इस मौके पर युवा राजद के प्रखंड अध्यक्ष डॉ दयानंद कुमार यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष महाराणा यादव, बैजनाथ सिंह ,विनोद कुमार राय, वीरेंद्र कुमार निराला, विक्रम कुमार, मुकेश कुमार, अजीत कुमार ,राकेश मुस्कान, गुड्डू कुमार, घनश्याम वर्मा समेत कई लोगों ने अपनी बातें रखी।

# पूर्व मुखिया की हत्या के लिए होटल में जुटे चार बदमाश हथियार संग धराए

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

**गिरफ्तारी**

● गांधी सेतु रोड में आवासीय होटल की छापेमारी में हथियार बरामद

● बदमाशों के अनुसार दस लाख में तय हुई बात में दो लाख एडवांस

महात्मा गांधी सेतु रोड स्थित एक आवासीय होटल में छापेमारी कर गंगा ब्रिज थाने की पुलिस ने अपराध एवं हत्या की साजिश रचते तीन बदमाशों को पकड़ लिया, जबकि चार अन्य पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गए। हालांकि होटल से भाग निकले एक को पुलिस ने सैफपुर दियारा स्थित उसके घर से छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है जबकि दो अन्य की तलाश में छापेमारी जारी है। पुलिस के अनुसार पकड़ें बदमाशों के पास से दो लोडेड कट्टा, छह जिंदा कारतूस, चाकू, मोबाइल और एक बाइक बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आवासीय होटल में किए गए छापेमारी के क्रम में गिरफ्तार गंगा ब्रिज थाने के तेरसिया निवासी आर्यन राज के पास लोडेड कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। वहीं नगर थाना क्षेत्र के संत कबीर नगर जढ़आ निवासी सोनू राजपूत उर्फ डीएम के पास से लोडेड कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल तथा पातेपुर थाने के बाइस माइल डढुआ निवासी आदित्य प्रकाश के पास से दो जिंदा कारतूस एवं एक चाकू बरामद किया गया है। वहीं इनके निशानदेही पर गंगा ब्रिज थाने के सैफपुर दियारे से हरेंद्र राय को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। पकडे गए बदमाशों ने होटल से भाग निकले तीन बदमाशों के नाम पता भी बताए हैं, जिसमें गंगा ब्रिज थाने के तेरसिया के चंदन कुमार, नगर थाने के चौहट्टा निवासी अजय पासवान और एसडीओ रोड नखास चौक निवासी आशुतोष कुमार उर्फ बैला बताया गया है। पुलिस ने बताया कि पकड़ाए बदमाशों से पूछताछ के दौरान इस बात का खुलासा किया कि यह सभी एक पूर्व मुखिया की हत्या के इरादे से यहां जुटे थे। चंदन कुमार ने इस काम के लिए सैफपुर दियारे के हरेंद्र राय से दीवान टोक के पूर्व मुखिया शमानंद राय की हत्या के लिए दस लाख रुपये में बात तय की थी।

इसमें दो लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया गया था। शेष रकम घटना को अंजाम देने के बाद भुगतान करने के वादा किया था। इसके लिए सभी आवासीय होटल में जुटे थे इसी दौरान पुलिस ने छापेमारी कर उन्हें हथियारों के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने बदमाशों की स्वीकारोक्ति पर सैफपुर से हरेंद्र राय को भी पकड़ लिया है, चंदन कुमार अभी फरार बताया गया है। पुलिस फरार हुए बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### उदवंतनगर में 160 यूनिट होगा पौधरोपण



**उदवंतनगर।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन में पीओ तृप्ति लाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया जिसमें सभी नवपदस्थापित कर्मी मौजूद थे। बैठक में मनरेगा की चल रहे योजनाओं पर चर्चा की गई।पीओ ने बताया कि पौधरोपण कार्य कराया जा रहा है। प्रखण्ड के सभी 16 पंचायतों में 160 यूनिट पौधरोपण का लक्ष्य जिला से प्राप्त हुआ है। इच्छुक लाभुकों का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है। विभिन्न पंचायतों में पौधरोपण रोपण कराया जा रहा है। बैठक में मौजूद प्रमुख प्रतिनिधि गुड्डू सिंह व उपप्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन सिंह ने पीओ से पौधरोपण के लक्ष्य की जानकारी मांगी। मनरेगा पदाधिकारी ने बताया कि अभी तक 25 यूनिट पौधरोपण किया जा चुका है। मौके पर मनरेगा जेई प्रभाष कुमार सहित पीटीए, पीआरएस मौजूद थे।

# महान क्रांतिकारी के नाम पर रेल लाइन संघर्ष समिति का गठन

बड़हरा, प्रात : किरण संवाददाता




प्रखंड क्षेत्र के सरैयां बाजार स्थित भीखमदास के मठिया के प्रांगण में बड़हरा प्रखंड के प्रबुद्ध समाजसेवियों की एक बैठक की गई। इस दौरान महान गणितज्ञ वशिष्ठ नारायण सिंह तथा महान क्रांतिकारी जय प्रकाश नारायण रेल लाइन संघर्ष समिति का गठन किया गया। इस बैठक में भोजपुर बलिया रूट का दोबारा सर्वे कराने तथा सर्वे रूट में भोजपुर के महुली गंगा घाट तथा बलिया के सिताबदियारा को जोड़ने से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही आरा बलिया रेलवे लाइन रूट सर्वे को रद्द करने से संबंधित पत्र भेजने तथा इलाके में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सुग्रीम शाह तथा संचालन समाजसेवी देवानंद उपाध्याय ने किया। इस दौरान संघर्ष समिति के संयोजक दयाशंकर सिंह ने बताया कि 26 जुलाई को डीआरएम के माध्यम से रेलवे के जीएम, रेलवे के चेयरमैन, रेल मंत्री भारत सरकार मुख्यमंत्री बिहार तथा आरा सांसद को एक पत्र भेजकर रेलवे लाइन की दोबारा सर्वे कराने की मांग की जाएगी। इसके साथ ही 27 जुलाई को खवासपुर व सिन्हा में जनसभा का आयोजन किया होगा। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से धरना, प्रदर्शन तथा आंदोलन किया जाएगा। इस बैठक में राजेश शाह, रामसुंदर प्रसाद, राम अवतार सिंह तथा रामाकांत सिंह समेत सैकड़ों समाजसेवी शामिल थे।

# श्रम संसाधन मंत्री ने वृक्षारोपण कर किया शिशिर इंजीकॉन का उद्घाटन

जहानाबाद, प्रात :किरण संवाददाता

शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 60वें रविवासरीय साप्ताहिक वृक्षारोपण का कार्यक्रम मोदनगंज प्रखंड के गंधार गांव में स्थित शिशिर इंजीकॉन प्रा. लिमिटेड के उद्घाटन समारोह के अवसर पर 24 वृक्षों के रोपण तथा यज्ञ हवन के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री जीवेश कुमार, जिला परिषद अध्यक्षा रानी कुमारी, पूर्व विधायक मनोज शर्मा तथा शिशिर इंजीकॉन प्रा.लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर अर्चना कुमारी एवं राकेश कुमार ने पौधों के पूजन एवं रक्षासूत्र बांधकर मंत्रोच्चारण के साथ चौबीस फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया।

मौके पर उपस्थित मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अब विकराल रूप धारण करता जा रहा है। जलवायु को संतुलित रखने का एक मात्र उपाय अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करना है। वृक्षारोपण करके ही पर्यावरण को संतुलित बनाया जा सकता है। गायत्री परिवार के द्वारा किया जा रहा वृक्षारोपण अभियान प्रकृति की सुरक्षा के लिए अनमोल एवं अनुपम प्रयास है। इस अवसर पर गायत्री परिवार वृक्षारोपण कार्यक्रम के जिला प्रभारी रंगेश कुमार, जिला मीडिया प्रभारी बचनदेव कुमार, मुख्य ट्रस्टी शारदानंदन सिंह, जिला संयोजक कुमार श्रीकांत, श्यामनारायण कुमार, हरीजी, अंकित कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार, कौशल कुमार, रंगनाथ शर्मा, सुबोध कुमार, दीपु कुमार, पंकज कुमार, पावस कुमार, गौतम कुमार, गोपीकृष्ण, भारती जी, जितेन्द्र गोस्वामी, कन्हैया कुमार एवं सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मृतक के आश्रित को सरकारी योजना की लाभ दिलाने की प्रक्रिया की गई

**आरा।** महानगर जदयू जिलाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में वार्ड नम्बर -05 बिन्दटोली मुहल्ला में विगत दिनों पानी मे डुबने से मृतक दयानंद बिन्द की आश्रित से मिलकर उन्हें सरकारी योजना की लाभ दिलाने की प्रक्रिया की गई। जदयू आरा नगर कमिटी से देव शर्मा, सियाराम मिश्रा, अखिलेश बिन्द वार्ड पार्षद सह जदयू वार्ड अध्यक्ष, ओमप्रकाश बिन्द,वार्ड पार्षद हिरालाल प्रसाद, कमलेश राय, रणजीत बिन्द साथ ही नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष जदयू शैलेंद्र बिन्द सक्रिय रहे।

# विधायक ने पॉवर ट्रांसमिशन लाइन का किया उद्घाटन




कैमूर, प्रात :किरण संवाददाता

रामगढ़ विधायक सुधाकर सिंह के द्वारा पॉवर ट्रांसमिशन लाइन का उद्घाटन किया गया। जिसके तहत खामिदौरा 220 kva पॉवर ग्रिड से रामगढ़ 133kva पॉवर ग्रिड को जोड़ा गया। जिससे रामगढ़ में लोडिंग एवं लोड सीडिंग से छुटकारा मिलेगा। मिली जानकारी के अनुसार रामगढ़ विधायक सुधाकर सिंह के द्वारा बिजली कटौती की समस्या से लोगो को हो रही परेशानी को देखते हुए रविवार को पॉवर ट्रांसमिशन लाइन का उद्घाटन किया गया। जिसके तहत खामिदौरा 220 kva पॉवर ग्रिड से रामगढ़ 133kva पॉवर ग्रिड को जोड़ा गया। जिससे रामगढ़ में लोडिंग एवं लोड सीडिंग से छुटकारा मिलेगा। इस पहल से लोगो में काफी उत्साह है लोगो को अब निर्बाध बिजली सप्लाई मिलेगी। क्योंकि एक तरफ जहां क्षेत्र में अकाल की स्थिति बनी हुई है वहीं दूसरी तरफ बिजली कटौती से किसान एवं आम जनजीवन और अस्त व्यस्त था जिसे देखते हुए विधायक के द्वारा पहल करके पावर ट्रांसमिशन का उद्घाटन किया गया।

# स्कूल का निरीक्षण करने गई विधायक बनी टीचर, बच्चों के साथ खाना भी खाया

कैमूर , प्रात :किरण संवाददाता



कैमूर के स्कूलों की बदहाली हालांकि किसी से छुपी नहीं है लेकिन कागजों पर चाक-चौबंद और दुरुस्त पोषण से भरपूर खानपान की पोल तब खुल गई जब मोहनिया विधायक संगीता कुमारी अचानक ही कैमूर के मोहनिया प्रखंड के चौरसिया स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय में अचानक निरीक्षण करने पहुंच गई कक्षा 6 में जाने के बाद उन्हें क्लास में टीचर जब दिखाई नहीं दी तो उन्होंने बच्चों से पूछा कि किस सब्जेक्ट की क्लास है बच्चों द्वारा जब यह बताया गया कि अंग्रेजी की क्लास है और हमें टेंस पढ़ाया जा रहा है तो उन्होंने बच्चों को खुद ही टेंस पढ़ाना शुरू कर दिया थोड़ी देर बाद जब अध्यापिका क्लास में आई तो विधायक ने उनकी क्लास लगा दी इसके बाद बच्चों की शिक्षण गुणवत्ता को जांचने के बाद उन्होंने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन भी बैठकर खाया जिसमें उन्हें कई खामियां नजर आई उन्होंने बताया कि बच्चों की प्लेटें काफी गंदी हैं और चावल के साथ दिए जाने वाले छोले में सिर्फ पानी ही पानी था चावल में भी कंकड़ की मात्रा ज्यादा थी बच्चों को खाना परोसने वाले एनजीओ की शिकायत वह खुद करेंगी साथ ही सदन में भी बच्चों के इस गुणवत्ता विहीन खाने के मुद्दे को उठाएंगी इसके बाद उन्होंने शिक्षकों से ही बच्चों का भविष्य से खिलवाड़ ना करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की नसीहत दी।

### श्रावणी मेला के अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन वैशाली द्वारा लोकगीत, भजन व लोकनृत्य की दी गई प्रस्तुति

**हाजीपुर।** श्रावणी मेला के अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन वैशाली द्वारा आयोजित भगवानपुर अड्डा चौक, शिव मंदिर के प्रांगण में लोकगीत, भजन व लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम लोक गायिका सरस्वती मिश्रा के गणेश वंदना से शुरू हुई। तत्पश्चात शिव भजन एवं लोक गीतों की प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इसके बाद आदर्श चेतना सेवा संस्थान, हाजीपुर के कलाकारों द्वारा भजन, लोकगीत एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी उमेश कुमार निराला ने किया। लोकगीत गायक नवल सिंह द्वारा घर में पधारो गजानंद जी मेरे घर में पधारो से कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसके बाद इन्होंने लोकगीत एवं भजन की प्रस्तुति कर दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। तत्पश्चात दीपशिखा एवं श्वेता कुमारी द्वारा प्रस्तुत गीत हम न करव जमईया शिव जोगिया बनके न, काले के शिव के मनाईव हो शिव मानत नाहीं। इसके बाद प्रियंका कुमारी उर्फ लवली ने भजन की प्रस्तुति की । प्रसिद्ध नृत्यांगना श्रुति प्रसाद द्वारा मन मेरा मंदिर शिव मेरी पूजा, राधा कैसे न जले तथा कैसे खेले जइबू सावन में कजरिया जैसे गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

### 300 बोतल विदेशी शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**गोराडीह (भागलपुर)।** बरिय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गोराडीह मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने भागलपुर कोतवाली सड़क पर गोराडीह बाजार स्थित यूको बैंक के समीप शराब के साथ 3 युवक को पुलिस ने धरदबोचा है। बताया जा रहा है कि पुलिस द्वारा चलाई जा रही वाहन चेकिंग के दौरान कोतवाली की तरफ से आ रही पिकअप वेन को रोक कर तलाशी ली गई। पुलिस को इस दौरान वेन में लदी मुहरी के बोरे के नीचे से 25 कार्टून इंपीरियल ब्लू ब्रांड के 750 एमएल के 300 बोतल विदेशी शराब मिली है। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही के तहत मौके पर ही चालक सहित दो युवक को गिरफ्तार कर शराब और पिकअप को जप्त कर लिया। शराब तस्करी करने वाले युवकों की पहचान झारखंड के साहिबगंज थाना क्षेत्र के सकरी गली निवासी राजकुमार रविदास के पुत्र अंगत रविदास, मुफस्सिल थाना साहिबगंज निवासी रविंद्र चौधरी के पुत्र राहुल चौधरी व मुंगेर जिला अंतर्गत आदर्श थाना क्षेत्र के जमालपुर निवासी राजकुमार चौधरी के पुत्र शिवानंद चौधरी के रूप में की गई है।

# मच्छरों से होने वाली बीमारियों को लेकर किया गया जागरूक

कैमूर, प्रात : किरण संवाददाता



● स्वास्थ्य कर्मी सहित भाजपा के कई नेता कार्यकर्ता एवं अन्य लोग भी रहे मौजूद

जिले के रामगढ़ प्रखंड के रेफरल अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह के निर्देश पर मच्छरों से होने वाली बीमारियों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत सभी आशा एएनएम को आम जनता को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। वही चिकित्सा प्रभारी डॉ सुरेंद्र सिंह ने कहा की मानसून आने के साथ ही बारिश होने लगी है।

एक ओर जहां बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं जलजमाव की समस्या से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने लगा है। शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र मच्छरों से लोग परेशान हैं। ऐसे में मच्छरों के कारण डेंगू और मलेरिया के मरीजों के बढ़ने की संभावना अधिक हो चुकी है। जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग लोगों को मच्छरों से बचाव करने और सचेत रहने की सलाह दे रहा है। ताकि, लोग जागरूक हो क्योंकि मच्छरों से होने वाली बीमारियों में मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, जापानी इन्सेफेलाइटिस, जीका वायरस, चिकनगुनिया, हेपेटाइटिस ए आदि प्रमुख बीमारियां हैं। इसके अलावा बहुत सारी बीमारियां हैं जो मच्छरों के काटने से होती हैं। हालांकि, ये सभी बीमारियां अलग- अलग मच्छरों के काटने से होते हैं। लेकिन, सबसे अधिक मामले मलेरिया और डेंगू के ही आते हैं।मलेरिया का तेज बुखार दिमाग पर भी चढ़ जाता है इस मौके पर कृपाशंकर चौबे जिला निगरानी समिति सदस्य कैमूर, वंशलोचन राम एससी एसटी मोर्चा उपाध्यक्ष जिला कैमूर ,अभय कुमार तिवारी भाजपा नेता, रेफरल अस्पताल मैनेजर सर्वेश कुमार सिंह रेफरल अस्पताल बीसीएम,विकास कुमार पांडेय भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री, प्रमोद कुमार सिंह भाजपा युवा मोर्चा ,अमित सिंह भाजपा युवा मोर्चा,सुधाकर तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 25 जुलाई, 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### उचकागांव अस्पताल में हंगामा करते एक गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के उचकागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रविवार की सुबह शराब के नशे में हंगामा करते एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जिसे अल्कोहल एनलाइजर से शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के महैचा गांव के सुमित कुमार सिंह के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपित अपने किसी परिजन को दिखाने के लिए उचकागांव अस्पताल आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर अस्पताल परिसर में हल्ला हंगामा करने लगा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया। वही शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### चोरी मामले में एक गिरफ्तार

मुंगेर। बरियारपुर रेलवे स्टेशन मार्ग में यूको बैंक के समीप चोरी गई बाइक में संलिप्त एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि कांड संख्या 117/22 के ताहत चोरी गई बाइक संख्या पी आर 10/एम/6497 सहित पोस्ट ऑफिस टोला निवासी लक्ष्मी साहन के पुत्र रोशन कुमार को गिरफ्तार कर पूर्व में ही जेल भेज दिया गया था।

# अलग-अलग जगह से अपहरणकर्ता मारपीट के आरोपित व शराबी गिरफ्तार




गिरफ्तारी

● पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में हाजीपुर जेल भेज दिया

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

रुस्तमपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुलिस ने अलग-अलग जगहों से अपहरण कांड के फरार अभियुक्त, मारपीट के आरोपित तथा एक शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रूस्तमपुर ओपी थाना के प्रभारी थाना अध्यक्ष कपिल देव यादव ने बताया कि महुआ थाना क्षेत्र के सुपौल तारिया निवासी रोशन कुमार पिता चंदेश्वर सिंह रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के लिटियाही गांव से एक शादीशुदा महिला का अपहरण कर लिया था। जिसकी तलाश पुलिस काफी दिनों से कर रही थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि महुआ थाना क्षेत्र के सुपौल तारिया निवासी रोशन कुमार अपने गांव पर मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस ने महुआ थाना क्षेत्र के सुपौल तारिया गांव में रोशन कुमार के घर पर छापामारी की। छापामारी की भनक लगते ही रोशन कुमार भागने लगा जिसे पुलिस ने खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया और रुस्तमपुर ओपी थाना लाया जिससे पूछताछ किया गया।

रुस्तमपुर ओपीके प्रभारी ओपी अध्यक्ष कपिल देव यादव ने बताया कि बहरामपुर निवासी लालिंद्र राय पिता महेश्वर राय अपने हीं गांव के गणेश कुमार पिता उपेंद्र राय को आपसी विवाद में घर पर चढ़कर गाली गलौज तथा लाठी-डंडे से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया तथा घातक हथियार के प्रहार से उसका सिर फोड़ दिया। इस संबंध में गणेश कुमार ने लालिंद्र राय के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। तब से पुलिस उसे काफी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि लालिंद्र राय अपने घर पर मौजूद है। सूचना मिलते हीं पुलिस ने बहरामपुर गांव में छापेमारी की। छापामारी की भनक लगते हीं लालिंद्रा राय भागने लगा जिसे पुलिस ने खदेड़ कर गिरफ्तार कर थाना लाया। रुस्तमपुर ओपी थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष कपिल देव यादव ने बताया कि रुस्तमपुर पचपैरिया गांव में शराब पीकर एक शराबी हंगामा कर रहा है तथा आने जाने वाले राहगीरों के साथ मारपीट कर रहा है। रुस्तमपुर ओपी के प्रभारी थाना अध्यक्ष कपिल देव यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की रुस्तमपुर पचपैरिया निवासी विलास महतो पिता जवाहर महतो गांव में शराब पीकर हंगामा कर रहा है तथा आने जाने वाले राहगीरों के साथ गाली गलौज तथा मारपीट कर रहा है। सूचना मिलते हीं पुलिस ने रुस्तमपुर पचपैरिया गांव में छापामारी की। छापामारी की भनक मिलते हीं विलास महतो भागने लगा जिसे पुलिस ने खदेड़ कर गिरफ्तार कर थाना लाया। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में हाजीपुर जेल भेज दिया।

### तीन शराबियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हाजीपुर। राघोपुर थाना क्षेत्र के कन्हाई चौक पर शराब पीकर हंगामा कर रहे तथा आने जाने वाले राहगीरों के साथ गाली गलौज तथा मारपीट कर रहे तीन शराबियों को राघोपुर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। राघोपुर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार पुष्पेंद्र ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की फतेहपुर निवासी मनोज सिंह, राजेश्वर सिंह तथा मोहनपुर निवासी पंकज दास कन्हाई चौक पर शराब पीकर हंगामा कर रहे हैं तथा आने जाने वाले राहगीरों के साथ गाली गलौज तथा मारपीट कर रहे हैं। सूचना मिलते हीं राघोपुर थाने की पुलिस ने कन्हाई चौक पर छापेमारी की। छापेमारी की भनक लगते हीं फतेहपुर निवासी मनोज सिंह, राजेश्वर सिंह तथा मोहनपुर निवासी पंकज दास भागने लगे। जिसे पुलिस ने खदेड़ कर गिरफ्तार किया और थाना लाया। जांच के दौरान तीनों शराब पिए हुए पाए गए। जिसे पुलिस ने तीनों शराबियों को न्यायिक हिरासत में हाजीपुर जेल भेज दिया।

# हम सेक्युलर पार्टी का 7वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न



● दबे कुचलों की आवाज है पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझीः किशुन

बगहा, प्रात :किरण संवाददाता

दबे कुचलों की आवाज है पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी। उक्त बातें हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर के जिलाध्यक्ष किशुन महतों ने कहीं। वे रविवार को बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा एक के हरदी-नादवा पंचायत के महादलित बस्ती कौलाची गांव में हम पार्टी के 7 वां स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर प चम्पारण जिला के कार्यकताओं के साथ बर्थडे केक काटकर धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मना रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी की स्थापना 24 जुलाई 2015 को हुई थी। तभी से पूर्व सीएम जीतन राम मांझी की जनाधार प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बढी।

तथा संगठन सशक्त एवं मजबूत हुआ। कहा कि हम पार्टी शोषितों, पीडितों, गरीबों, व असहायों की आवाज है। तथा हमेशा हक व अधिकारो की लडाई लडती है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री को गरीबों की मसीहा बताते हुए कहा कि महादलित, दलित व गरीबों की उत्थान के साथ ही विकास जरूरी है। तथा रोटी, कपडा व मकान सबको जरूरी है। इसके लिए सभी लोगों को एकजुट होने का आह्वान पार्टी कार्यकताओं से की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब तक पार्टी की संगढात्मिक ढांचे मजबूत नही होगी, तब तक संगठन सशक्त मजबूत नही होगा। इस दौरान पार्टी की सदस्यता अभियान पर जोर देते हुए कहा कि संगठन से महिला, पुरुषों व नवयुवकों को जुडने के लिए अपील किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एससी एसटी के जिलाध्यक्ष संजय धांगड ने की। संचालन रामप्रसाद शर्मा ने किया। कार्यक्रम को हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राकेश चैबे, अनंत सिंह, सुग्रीव राम, यमुना पटेल, खगेश्वर पटवारी, सुरेंद्र महतों, जिला प्रवक्ता धनीलाल रौनियार, गौदी देवी, विधावती देवी, पन्ना दवी, सुलेखा देवी, कौशिला देवी, प्रभु यादव समेत दर्जनों की संख्या में कार्यकताओं ने संबोधित किया।

# दो वर्ष से फर्जी प्रमाण पत्र पर कर रही नौकरी

● प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश वेतन सहित अन्य भत्ते की वसूली का निर्देशर

हवेली खड़गपुर, प्रात : किरण संवाददाता

खड़पुर अनुमंडल अस्पताल में पदस्थापित फर्जी प्रमाणपत्र जीएनएम दो वर्षों से कार्यरत का भंडाफोड़ बिहार के परिचायका निबंधन परिषद पटना द्वारा प्रमाण पत्रों के जांच के बाद 22 जीएनएम का फर्जी प्रमाण पत्र का भंडाफोड़ किया गया है। परिषद के निर्देशक के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

वेतन की राशि वसूल करने का निर्देश सिविल सर्जन मुंगेर को दिया गया है। सिविल सर्जन डॉक्टर पीएम सहाय ने बताया कि जीएनएम का जांच होने के बाद जिला अलॉट किया गया है जिस आधार पर योगदान देने वाले को स्वास्थ्य केंद्र पर नियुक्त किया जाता है उसके बाद दस्तावेजों की सेवा संपुष्टि के लिए विभाग को भेजा जाता है जिसमें जानकारी मिली है कि हवेली खड़कपुर सात जी एन एम का निबंधन प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया है इसे लेकर सभी स्वास्थ्य संस्थानों के चिकित्सा पदाधिकारी को उनके यहां पर नियुक्त जीएनएम रचना कुमारी लाली कुमारी राजकुमार पुजासिंह नीलू कुमारी शाहिद हुसैन उपर्युक्त जीएनएम पर प्राथमिकी दर्ज कराने और सरकार से लिए गए वेतन सहित अन्य मध्य का एकमुश्त राशि वसूल करने का निर्देश दिया गया है प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने टाटा 407 वाहन में मारी जोरदार टक्कर

**हवेली खड़गपुर।** खड़गपुर-बरियारपुर मार्ग के बनारसीवाशा के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने खडी टाटा 407 वाहन में पीछे से टक्कर मार दिया जिसके बाद टाटा 470 में सवार यात्री चालक सहित आधा दर्जन यात्री घायल हो गया और घोड़ा खुड निवासी सुखदेव टूडू की मौत घटनास्थल पर हो गई मृतक जमालपुर कारखाना में सीनियर टेक्नीशियन के पद पर तैनात थे इस दुर्घटना में चालक श्रवण यादव गंभीर रूप से घायल हो गया ऑल विजय शंकर त्रिपाठी विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं वह अन्य यात्रियों का इलाज प्राइवेट मेडिकल अस्पताल में चल रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों नेएन एच 333 खड़गपुर बरियारपुर मुख्य मार्ग को बनारसी बाशा के समीप जाम कर दिया शामपुर पुलिस के समझाने बुझाने पर जाम हटाया गया शामपुर सहायक थाना प्रभारी ओम प्रकाश दुबे ने बताया कि एक ट्रक और टाटा 407वाहन को जब्त कर लिया और मृतक सुखदेव टुड्डू को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर भेज दिया गया है।

# नवनिर्वाचित राष्ट्रपति से मिले वाल्मीकि नगर सांसद



भितहा, प्रात :किरण संवाददाता

वाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार कुशवाहा देश के सर्वोच्च पद पर नवनिर्वाचित महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। वही सांसद ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि देश के सर्वोच्च शिखर पर विराजमान महामहिम को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। हम अपने बाल्मीकि नगर संसदीय क्षेत्र के सभी जनता के तरफ से महामहिम को बहुत बहुत बधाई और धन्यवाद देते हैं। वहीं इसकी जानकारी देते हुए सांसद मीडिया प्रभारी बृज किशोर यादव ने कहा कि सांसद कुशवाहा द्वारा बाल्मीकि नगर के जनता के तरफ से महामहिम को सम्मान भेंट कर इस पिछड़े हुए क्षेत्र की याद दिलाई गई है। जिसको लेकर जदयू के कार्यकताओं में काफी खुशी का माहौल है। और इसके लिए जदयू कार्यकताओं ने सांसद को बधाई दिया है।

# लखीसराय सीपीआई कार्यालय में किसान सभा का आठवां जिला सम्मेलन आयोजित



● 3 सदस्य अध्यक्ष मंडल राम पदारथ, शंभू, राजेंद्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरूआत हुई

लखीसराय, प्रात :किरण संवाददाता

सर्वप्रथम किसान सभा ने वामपंथी प्रगतिशील लोगों के आकस्मिक निधन पर 1 मिनट का मौन रखकर प्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। किसान सभा के राज्य महासचिव अशोक प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य के किसानों कि दिन व दिन बदतर स्थिति होते जा रही है। राज्य एवं केंद्र सरकार किसानों के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुई है। किसानों को उचित फसल का दाम नहीं मिल पा रहा है। सैकड़ों की संख्या में किसान आत्महत्या कर रहे हैं, इस पर सरकार की कोई चिंता नहीं है। देश के किसानों ने दिल्ली में हुए किसान आंदोलन के माध्यम से बता दिया है कि शांति पूर्वक और संगठित आंदोलन करकर भी लड़ाई को जीत सकते हैं। बिहार में भी एक बड़ा किसान आंदोलन की आवश्यकता है। भाषण के बाद जिला सचिव का प्रतिवेदन पेश किया गया जिसमें प्रतिनिधियों ने बहस के बाद सर्वसम्मति से पारित किया। अंत में सर्वसम्मति से 15 सदस्य संयोजन कमेटी का गठन किया गया। जिसमें राम नरेश यादव जिला संयोजक तथा हर्षित यादव, जनार्दन सिंह, महेश्वरी सिंह सहसंयोजक चुने गए। नवनिर्वाचित संयोजन कमेटी ने आगामी 19 नवंबर को विभिन्न अंचलों के सम्मेलन करने के पश्चात किसान नेता पंडित कायार्नंद शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके जन्म स्थान सहूर में जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया। नवंबर तक 5000 किसानों को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। कार्यक्रम में किसान नेता राम पदारथ सिंह, सीपीआई के जिला कार्यकारिणी सदस्य रवि विलोचन वर्मा, खेत मजदूर के नेता प्रमोद शर्मा, ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव रौशन कुमार सिन्हा एटक नेता जनार्दन सिंह, अरुण सिंह सहित कई किसान नेता व किसान मौजूद थे।

### एक दिया जनजाति गौरव के नाम



**औरंगाबाद।** सांसद सुशील कुमार सिंह लोकसभा क्षेत्र और जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि आजादी अमृत महोत्सव काल में भारतीय गणतंत्र में पहली बार हमारे जनजाति समाज से महामहीम द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनने से संपूर्ण जनजाति समाज अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का स्वप्न प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा हुआ है। जनजातीय गौरव व नारी सशक्तिकरण की प्रतीक द्रौपदी मुर्मू को निर्वाचित होने पर सभी देशवासियों में उत्साह है। इस गौरव के प्रदर्शन के लिए आप सभी से निवेदन है कि 25 जुलाई को शाम को 7 बजे अपने अपने घर में हर घर दीया अभियान के भागीरथ कार्य में अपना योगदान दें और अपने घर पर दीया जलाए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगे हुए है। यह पल हम सभी लोगो के लिए ऐतिहासिक और गौरव का पल है। यह लोकतंत्र की जीत है।

# बोल बम के जयकारे से गुंजा करपी का इलाका



करपी, प्रात :किरण संवाददाता

जिले के करपी क्षेत्र का इलाका बोल बम के जयकारे से रविवार को गूंजता रहा। बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवरिया पटना गायघाट से कांवर में पवित्र गंगाजल लेकर करपी प्रखंड की सीमा में प्रवेश किए जहां शिवभक्त कांवरियों का भव्य स्वागत किया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र की सीमा में प्रवेश करते ही यहां के शिव भक्तों के उत्साह को देखते हुए कांवरियों में भी नई ऊर्जा का संचार होता है और बोल बम के जयकारे भी खूब लगते हैं।

शांतिपुरम के उपरांत इमामगंज, खजूरी तथा करपी में कावरिया विश्राम शिविर का आयोजन किया गया है। नवयुवक संघ के द्वारा आयोजित शिविर में चिकित्सा, विश्राम, भोजन, नाश्ता, शुद्ध पेयजल तथा मनोरंजन की भी व्यवस्था की गई है। बाहर से आए गायक कलाकारों के द्वारा शिव भक्ति गीत प्रस्तुत की जा रही है। ईन शिव भक्ति गीतों पर शिवभक्त कांवरिया नाचते झुमते नजर आ रहे हैं। इसके अतिरिक्त कई ऐसे कांवरिया संघ है जो डीजे के साथ चल रहे हैं। डीजे की धुन पर शिवभक्त कांवरियों को थकान का पता नहीं चल पा रहा है। कई महिला कांवरिया भी शामिल है। जिनकी शिव भक्ति देखते ही बन रही है। चिलचिलाती धूप के बावजूद शिव भक्तों का उत्साह चरम पर है। 2 वर्ष के बाद कावड़ यात्रा की शुरूआत हुई है। ईनका उमंग देखने को मिल रहा है। शिवभक्त कांवरियों का जत्था सोमवार को अहले सुबह देवकुंड पहुंचकर बाबा दूधेश्वर नाथ का जलाभिषेक करेंगे।

# वनमाली उपाधि से सम्मानित हुए पर्यावरणविद् डॉ सत्य प्रकाश



● पर्यावरण क्षेत्र में अप्रतिम योगदान के लिए मिलता है वनमाली उपाधि का ताज

गोपालगंज, प्रात :किरण संवाददाता

पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए जिले के पर्यावरणविद् डॉ सत्य प्रकाश को वनमाली उपाधि से सम्मानित किया गया है। हैदराबाद इगनेटिंग माइंड्स राष्ट्रीय स्तर की स्वयं सेवी संस्थान ने पर्यावरणविद् को ईमेल के माध्यम से डिजिटल प्रशस्ति पत्र भेजकर सम्मानित किया है।

पत्र मिलने के बाद जैसे ही लोगों को इसकी जानकारी हुई वैसे ही पर्यावरणविद् को बधाई देने वालों का तांता लग गया। भारत सरकार से संबद्धता प्राप्त देश में पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा पर कार्य करने वाली संस्थाओं में से एक है। राज्य सभा के सांसद जोगीना पल्ली संतोष कुमार द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र में डॉ सत्य प्रकाश को पर्यावरण के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान दिए जाने को लेकर इस संस्था ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले के पर्यावरणविद् का नाम चयनित किया है। प्रशस्ति पत्र मिलने के बाद पर्यावरणविद् डॉ प्रकाश ने बताया कि पौधा लगाओ और पर्यावरण बचाओ अभियान को मूर्त देने के उद्देश्य से मेरे द्वारा पौधरोपण किया जाता रहा है।

जिसकी सभी फोटोग्राफ्स एवं वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किया जाता रहा है। सोशल मीडिया पर कार्यप्रणाली का अवलोकन कर इगनेटिग माइंड्स के चयन बोर्ड ने राष्ट्रीय स्तर पर मेरे नाम का चयन किया है। जो मेरे लिए गौरव की बात है। यह विदित हो कि जिले के हथुआ प्रखंड के बरवा गांव निवासी डॉ सत्य प्रकाश पिछले बीस वर्षों से पर्यावरण क्षेत्र में अनवरत रूप से कार्य करते रहे है। किसी शादी, जन्मोत्सव, पुण्य तिथि सहित सभी उत्सवी कार्यक्रमों में इनके द्वारा पौधा लगाए जाते है और दूसरों को लगाने के लिए भी प्रेरित करते रहे है।

इनके नेतृत्व में कई गावों के लोग भी पौधा लगाने और पर्यावरण बचाने के लिए आगे आने लगे है। इनको अबतक सरकारी व गैर सरकारी कई संस्थाएं सम्मानित कर चुकी है। धीरे धीरे लोग इन्होंने पर्यावरण प्रेमी के रूप में जानने लगे है। इनकी प्रेरणा से ही लोग शादी विवाहों में वर वधू का स्वागत पौधा देकर करने लगे है। इनको बधाई देने वालों में डॉ संजीव कुमार, डॉ राम विष्णु प्रसाद, शैलेन्द्र प्रताप शाही, दिलीप कुमार, डॉ मुस्ताक अहमद, डॉ सीपी सिंह, डॉ ब्रह्मदेव मण्डल, दिवाकर प्रसाद, चिरंजीवी प्रसाद, सुबोध कुमार सहित सैकड़ों लोग शमिल थे।

# यादव महासभा की बैठक में राजनीतिक चिंतन पर चर्चा



बगहा, प्रात :किरण संवाददाता

बगहा अनुमंडल अंतर्गत बगहा एक प्रखंड के चैतरवा चैक स्थित कोर्ट माई परिसर में यादव महासभा की एक बैठक रविवार को संपन्न की गई। बैठक की अध्यक्षता यादव महासंघ के अध्यक्ष परमेश्वर यादव ने की। संचालन मजिस्टर यादव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दशरथ यादव पहलवान ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य यादव समाज को संगठित करने, राजनीतिक, सामाजिक चिंतन की क्षमता बढ़ाने के साथ यादव समाज की उत्थान व उत्पन्न कुरीतियों को दूर करना मुख्य उद्देश्य है। वैसे लोग जो समाज की मुख्यधारा से भटक गये है उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़ने गरीब असहाय बच्चों को सहयोग एवं शिक्षित करना जरूरी है। देवीलाल यादव ने कहा यादव समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उच्चे पद पर जा सके। मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव ने समाज के विकास और समाज के बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने को लेकर विस्तार से चर्चा की। संघ के द्वारा पूरे जिला में संगठन बनाकर वैसे यादव समाज की बच्चे जो पैसे के अभाव में शिक्षण कार्य नहीं कर रहे हैं उनकी मदद करने के साथ ही गरीब परिवार के बच्चियों के शादी में सहयोग की बात कही। संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक पंचायत में संगठन बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर रामनगर के पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र यादव, राजेंद्र यादव पूर्व मुखिया शत्रुघ्न यादव, चन्द्र प्रताप यादव, अधिवक्ता प्रकाश यादव, राजेश यादव, भरत यादव, दर्जनों की संख्या में यादव समाज के लोग शामिल रहे।

# त्रिलोकपुर से स्कॉर्पियो में लदे 1485 बोतल शराब बरामद, आरोपित फरार



● वाहन जांच के दौरान पुलिस को मिली सफलता

गोपालगंज, प्रात :किरण संवाददाता

जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव में पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी कर शराब से भरी एक स्कॉर्पियो बरामद किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार और कृष्ण कुमार सिंह पुलिस बल के साथ रात्रि गश्ती में निकले हुए थे।

इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि कुछ धंधेबाज चार पहिया वाहन से शराब की बड़ी खेप लेकर शराब का धंधा करने वाले लोगों से बिक्री कर रहे है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने त्रिलोकपुर गांव से बालाहाता जाने वाले पथ पर स्कॉर्पियो को देखकर उसकी तलाशी लेनी शुरू की। इस दौरान पुलिस को देखकर आरोपित मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस के तलाशी में स्कॉर्पियो के डिक्की और बीच की सीट पर रखे 33 पेटी में 1485 बोतल शराब बरामद किया गया है। जिसके बाद पुलिस ने बरामद शराब और स्कॉर्पियो को जप्त कर लिया। मामले को लेकर पुलिस पदाधिकारी छोटेलाल पासवान के आवेदन पर थाना क्षेत्र के जमसड गांव के बुलेट सिंह, मनु पटेल, बलेसरा जहरुले हाता टोला के पारस यादव, उनके बेटे दीपक यादव और बंकीखाल गांव के सूरज सिंह के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में तीन आरोपित पूर्व के शराब कांड में भी आरोपित बताए जा रहे हैं। पुलिस शराब बरामदगी मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल कर रही है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में बांटे जाएंगे डस्टबिन : मुखिया

करपी, प्रात :किरण संवाददाता

करपी प्रखंड क्षेत्र के करवा गांव में खजूरी पंचायत के मुखिया ललिता देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोहिया स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ठोस तरल एवं अपशिष्ट प्रबंधन को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित प्रखंड समन्वयक झलकदेव पासवान ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत सरकार के द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सभी लोगों को ठोस एवं तरल कचरा डालने के लिए अलग-अलग डस्टबिन दिए जाएंगे। इन डस्टबिन में ठोस एवं तरल कचरा को अलग-अलग रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा इस कचरा को ले जाकर एक स्थान पर एकत्रित कर इसका उचित प्रबंधन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की यह काफी महत्वपूर्ण योजना है जिससे गांव को स्वच्छ बनाने में काफी सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर उपस्थित मुखिया ने सभी वार्ड सदस्यों से अपील किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयास करें तथा पंचायत के स्तर से जो भी सहयोग होगा किया जाएगा। ईन्होंने इस कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन मे अभी तक हुए प्रगति की समीक्षा भी की तथा पूरा सहयोग का आश्वासन दिया।

# विकास व जनकल्याण के कामों को जन-जन तक पहुंचाएं पार्टी कार्यकर्ता: प्रमोद



● मुख्यमंत्री नीतीष कुमार सभी वर्गो के लिए कर रहे काम

गोपालगंज, प्रात :किरण संवाददाता

गोपालगंज जनता दल यूनाइटेड के मुख्य प्रवक्ता सह पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने रविवार को एक कार्यक्रम में कार्यकताओं से कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पिछले 18 वर्षो से लगातार हर क्षेत्र में समाज के सभी वर्गो के लिए काम कर रहे हैं। अब विकास एवं जनकल्याण के इन कामों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

अगर पार्टी की नीतियों और सरकार के विकास योजनाओं जन कल्याणकारी कामों को आम लोगों तक पहुंचाने में सफल हो जाते हैं तो लोकसभा चुनाव 2024 व विधानसभा चुनाव 2025 में इसका षत प्रतिषत लाभ मिलेगा। और बिहार में फिर से नीतीष कुमार के नेतृत्व में सरकार बनेगी। मुख्य प्रवक्ता सह पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने कहा कि पूरे देश में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जो साफ सुथरी छवि है वे मुख्यमंत्री क्या देश के किसी भी पद के योग्य हैं। उन्होने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो बिहार में विकास कार्य की जो लकीर खींच दी है उसकी बराबरी कोई नही कर सकता। मुख्यमंत्री की जल जीवन हरियाली योजना बिहार में लागू होने के बाद इस अभियान को पूरे देश में चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जदयू पार्टी और पार्टी के कार्यकताओं ने भी पेड़ लगाएं जिससे पर्यावरण संरक्षण में सफलता मिली। जीवन रक्षा के लिए पर्यावरण एवं जलवायु संरक्षण बहुत जरूरी है हम मानव जाति से अपील करते हैं प्रतिवर्ष हर व्यक्ति एक पेड़ लगाएं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लॉग ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### कीमती धातुओं में तेजी

मुंबई। विदेशी बाजार की तेजी से समर्थन पाकर बीते सप्ताह घरेलू सराफा बाजार में सप्ताहांत पर सोना 667 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी में 40 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली बढ़त रही। समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में तेजी का रुख रहा। सोना हाजिर 31.79 डॉलर प्रति औंस चढ़कर सप्ताहांत पर 1734.21 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा भी 25.3 डॉलर प्रति औंस की तेजी लेकर 1735 डॉलर प्रति औंस हो गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर 0.33 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 18.89 डॉलर प्रति औंस रही। बीते सप्ताह विदेशी बाजार की तेजी का असर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स पर भी देखा गया। सप्ताहांत पर सोना 667 रुपये की भारी बढ़त लेकर 50729 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इस दौरान सोना मिनी 149 रुपये चढ़कर 50340 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। इसी तरह समीक्षाधीन अवधि में वैश्विक तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से चांदी 40 रुपये की मामूली बढ़त लेकर 55532 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। साथ ही चांदी मिनी 119 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 56167 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

### विदेशी मुद्रा भंडार 7.54 अरब घटकर 572.7 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में कमी आने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 7.54 अरब डॉलर कम होकर 872.7 अरब डॉलर पर आ गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 8.06 अरब डॉलर घटकर 580.3 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 15 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.53 अरब डॉलर कम होकर 511.6 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 83 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 38.4 अरब डॉलर पर रहा। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 15.5 करोड़ डॉलर गिरकर 17.9 अरब डॉलर पर रहा। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी हुई है और यह 2.9 करोड़ डॉलर घटकर 4.9 अरब डॉलर रह गया।

### सैमसंग फोल्डेबल्स की 1,103 और वाच5 सीरीज की 264 डॉलर से शुरूआत संभव

लंदन। दक्षिण कोरियाई टेक दिग्गज सैमसंग के आगामी फोल्डेबल स्मार्टफोन, जो 10 अगस्त को रिलीज होने के लिए तैयार हैं, यूरोपीय बाजार में 1,080 यूरो से शुरू हो सकते हैं। सैमसंग गैलेक्सी फ्लिप4 तीन इंटरनल स्टोरेज वेरिएंट्स-128जीबी, 256जीबी और 512जीबी - क्रमशः 1,080.90 यूरो, 1,158.89 यूरो और 1,275.89 यूरो में आ सकता है। इस बीच, सैमसंग की अगली पीढ़ी की स्मार्टवॉच गैलेक्सी वॉच 540 मिमी 259 यूरो में जाएगी, जबकि 44 मिमी मॉडल 286 यूरो में आ सकता है। वॉच 5 प्रो का मूल्य टैग 45 मिमी बीटी-केवल विकल्प के लिए 430 यूरो होगा, जो कि पिछले साल की तुलना में मामूली कीमत है।

# रिलायंस को अक्टूबर में गैस कीमतों में और बढ़ोतरी की उम्मीद, मूल्य सीमा हटाने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी




रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को देश में प्राकृतिक गैस की कीमतें अक्टूबर में फिर बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, इसके साथ ही कंपनी कीमतों पर लगाई गई अधिकतम सीमा (सीलिंग) को हटाने के पक्ष में भी है। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (खोज एवं उत्पादन) संजय रॉय ने तिमाही नतीजों की घोषणा के बाद एक निवेशक चर्चा में कहा कि केजी-डी6 बेसिन से उत्पादित गैस की मूल्य सीमा 9.92 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) के मौजूद स्तर से अधिक हो जाएगी। सरकार हर छह महीने में अंतरराष्ट्रीय कीमतों के आधार पर गैस का दाम तय करती है। कई तिमाहियों तक घाटे में रहने के बाद रिलायंस का गैस खोज कारोबार ऊर्जा की कीमतों में वैश्विक स्तर पर आए उछाल से लाभ में आना शुरू हुआ है। एक अप्रैल से पुराने या विनियमित क्षेत्रों से गैस की कीमत दोगुनी से भी अधिक 6.1 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू या प्रति इकाई हो गई है। वहीं गहरे समुद्र में स्थित गैस क्षेत्रों से निकलने वाली गैस के लिए कीमत 9.92 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू रखी गई है। इस तरह अक्टूबर के महीने में नई दरों को जारी किया जाना है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि सरकारी तेल एवं गैस कंपनी ओएनजीसी के पुराने क्षेत्रों से निकली गैस की कीमत लगभग नौ डॉलर प्रति एमएमबीटीयू तक बढ़ जाएगी और मुश्किल क्षेत्रों वाली गैस के लिए मूल्य सीमा दहाई अंक तक पहुंच जाएगी। रिलायंस ने अप्रैल-जून तिमाही में पूर्वी तट पर स्थित केजी-डी6 ब्लॉक में अपने नए क्षेत्रों से प्रतिदिन लगभग 1.9 करोड़ घन मीटर गैस का उत्पादन किया। यह ब्लॉक गहरे समुद्र में स्थित है। लिहाजा यहां से निकलने वाली गैस मुश्किल इलाकों वाली कीमतों पर बिकती है।

रिलायंस के वरिष्ठ अधिकारी रॉय ने कहा, केजी-डी6 के लिए मूल्य सीमा को अप्रैल-सितंबर, 2022 के लिए 9.92 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू किया गया है और अक्टूबर 2022-मार्च 2023 के लिए इसमें और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। हालांकि, रॉय ने कहा कि घरेलू कीमतों का वैश्विक कीमतों से तारतम्य नहीं है। उन्होंने कहा, घरेलू कीमतें असंबद्ध ही रहती हैं, चाहे वैश्विक कीमतें चढ़ी हों या गिरी हुई हों। हम गैस कीमतों की सीलिंग को हटाने की मांग जारी रखेंगे। हमें आने वाली तिमाहियों में ऊंची गैस कीमतों की उम्मीद है। रिलायंस को मध्य प्रदेश के ब्लॉकों से कोयला सीम (सीबीएम) से पैदा होने वाली 0.7 एमएमएससीएमडी गैस के लिए 22.48 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की कीमत मिली। वैसे सीबीएम गैस की कीमत पर कोई सीमा नहीं रहती है।

## एनआईआरएफ रैंकिंग में एक स्थान चढ़कर 24वें स्थान पर पहुंचा आईआईएफटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा की प्रबंधन श्रेणी में वाणिज्य मंत्रालय के भारतीय विदेशी व्यापार संस्थान को एक पायदान का फायदा हुआ है और यह 24वें स्थान पर पहुंच गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हाल ही में एनआईआरएफ के तहत रैंकिंग जारी की थी। पिछले वर्ष की रैंकिंग में आईआईएफटी 25वें स्थान पर था। इससे पहले, 2020 में यह 26वें स्थान पर, 2019 में 31वें स्थान पर, 2018 में 23वें स्थान पर, 2017 में 30वें स्थान पर और 2016 में 81वें स्थान पर था। संस्थानों में प्रतिस्पर्धा उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए देश में उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए रैंकिंग एनआईआरएफ की शुरूआत 2015 में की गई थी। आईआईएफटी में कॉरपोरेट संपर्क प्रभाग के प्रमुख रोहित मेहतानी ने कहा कि संस्थान ने उन सभी कारकों पर ध्यान दिया जो एनआईआरएफ की ह्यप्रबंधनह्न श्रेणी में संपूर्ण रैंकिंग को प्रभावित करते हैं। इन सभी काराकों पर काम किया जा रहा है ताकि आने वाले वर्षों में बेहतर अंक पाए जा सकें।

## अलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स को बिक्री, आमदनी में सुधार की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी



ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की की विनिमार्ता अलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स का मानना है कि उपभोक्ताओं का भरोसा अब बढ़ा है जिसके बूते उसकी बिक्री और आमदनी बेहतर होने का अनुमान है। कंपनी के डिप्टी चेयरमैन शेखर राममूर्ति ने रविवार को कहा कि कोविड-19 के कारण लगे लॉकडाउन और कुछ नीतिगत बदलावों की वजह से अल्कोहलयुक्त पेय पदार्थों की बिक्री बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई।

हालांकि, अब भारत में अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों की खपत बढ़ रही है। 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त नौ माह की अवधि में कंपनी ने भारत में निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) के 2.066 करोड़ केस की बिक्री की है।

राममूर्ति ने कहा, लोग बार में जा रहे हैं और शराब का सेवन कर रहे हैं, इस तरह हमें बिक्री और राजस्व में ठीक-ठाक वृद्धि का अनुमान है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था का पुनरुद्धार हो रहा है और उपभोक्ता भरोसा भी कायम हो रहा है। ऐसे में कंपनी अपने ब्रांड के प्रचार में निवेश कर रही है जिससे व्यापार को और मदद मिलेगी। अलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स भारत और विदेशों में अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों के विनिर्माण, विपणन और बिक्री का काम करती है। कंपनी के कुछ प्रमुख ब्रांड हैं ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की, स्टर्लिंग रिजर्व व्हिस्की, जॉली रॉजर रम और क्लास 21 वोदका। कंपनी ने 2018-19 में आईएमएफएल के 3.732 करोड़ केस की बिक्री की थी जो 2019-20 में घटकर 3.323 करोड़ और 2020-21 में और घटकर 2.552 करोड़ केस रह गई। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिये 2,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पिछले ही महीने सेबी के पास दस्तावेज जमा करवाए थे। वित्त वर्ष 2018-19 में कंपनी का परिचालन से राजस्व 8,934.6 करोड़ रुपये था जो वित्त वर्ष 2019-20 में गिरकर 8,119 करोड़ रुपये और 2020-21 में और घटकर 6,379 करोड़ रुपये रह गया।

## सरकार के सुधारों ने विश्वास आधारित कर प्रणाली सुनिश्चित की : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामले मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि सरकार के हाल के सुधारों ने देश में विश्वास आधारित कर प्रणाली सुनिश्चित की है। श्रीमती सीतारमण ने रविवार को 163वें आयकर दिवस के अवसर पर आयकर विभाग को अपने संदेश में कहा कि हाल के वर्षों में सरकार द्वारा शुरू किए गए सुधारों ने विश्वास-आधारित कर प्रणाली सुनिश्चित की है।

बेहतर कर संग्रह की प्रवृत्ति और दायर आयकर रिटर्न की संख्या में वृद्धि से स्पष्ट है कि करदाताओं ने भी इस विश्वास-आधारित दृष्टिकोण की पुष्टि की है। उन्होंने पिछले वित्त वर्ष में 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रह हासिल करने के लिए विभाग की सराहना की और उम्मीद जताई कि विभाग चालू वित्त वर्ष में भी इस गति को बनाए रखेगा। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने अपने संदेश में कहा कि कर विभाग की जिम्मेदारी केवल कुशल और प्रभावी कर प्रशासन तक ही सीमित नहीं है बल्कि ईमानदार करदाताओं को सम्मानित करने और बेहतर करदाता सुविधा प्रदान करने की भी है। उन्होंने आज के समय में लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं के अनुरूप खुद को अनुकूलित करने और अपने कामकाज में पारदर्शी, गैर-दखल देने वाला और करदाता अनुकूल बनने के लिए विभाग की सराहना की।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत किशनराव कराद ने अपने संदेश में कहा कि आयकर विभाग ने राष्ट्र के विकास और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कई दूरगामी सुधारों को लागू करने के लिए विभाग की सराहना की। राजस्व सचिव तरुण बजाज ने सकारात्मक बदलाव को अपनाकर करदाताओं को समयबद्ध सेवाएं देने के लिए खुद को एक सक्षम संगठन साबित करने के लिए विभाग की सराहना की।

## सीबीडीटी के प्रमुख नितिन गुप्ता ने कहा, करदाताओं की शिकायतों का तेजी से समाधान शीर्ष प्राथमिकता

नई दिल्ली, एजेंसी




केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के नवनियुक्त चेयरमैन नितिन गुप्ता ने कहा है कि कर विभाग की शीर्ष प्राथमिकता करदाताओं की शिकायतों का तेजी से समाधान है। गुप्ता ने रविवार को आयकर दिवस पर अपने संदेश में कहा कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में कर विभाग ने 14.09 लाख करोड़ रुपये का कर संग्रह किया है। यह कर संग्रह का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि नीतियों और प्रक्रियाओं को सुसंगत करने से करदाताओं से अनुपालन का बोझ कम हुआ है, जिससे हम कर संग्रह का यह आंकड़ा हासिल कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी इस उपलब्धि पर शांत होकर नहीं बैठ सकते, हमें इस रफ्तार को कायम रखने के लिए लगातार मेहनत करनी होगी। करदाताओं की शिकायतों का तेजी से समाधान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सीबीडीटी करदाताओं तथा अन्य अंशधारकों के साथ लगातार संपर्क में रहेगा और उनसे मिले विचारों के अनुरूप प्रक्रियाओं में सुधार जारी रखेगा।

गुप्ता ने कहा कि पिछले कुछ साल के दौरान अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। डिजिटल का इस्तेमाल बढ़ा है, कारोबार की नई श्रेणियों बनी हैं और नए संपत्ति वर्ग का सृजन हुआ है। उन्होंने कहा, आज करदाता अनुपालन के बोझ में कमी और अपने मुद्दों का तेजी से समाधान चाहते हैं। इन्हीं बदलावों के मद्देनजर विभाग ने अपनी नीतियों और प्रक्रियाओं को नए सिरे से तैयार किया है। इसके पीछे एकमात्र मकसद करदाताओं की सुविधाओं को बढ़ाना और अपने कामकाज में अधिक पारदर्शिता लाना है। उन्होंने कहा कि सीडीबीटी इन चीजों को सुगम करने वाला और सेवाप्रदाता है। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग कोई अखंड इकाई नहीं है। तकनीकी विशेषज्ञता के कई क्षेत्र हैं जिनका प्रशासन प्रतिबद्ध कैडर के अधिकारियों के पास है।

उन्होंने कहा कि कर आकलन, शिकायत निपटान और करदाताओं को सेवाएं प्रदान करने वाले अग्रिम मोर्चे के कर्मचारियों के पीछे ऐसे प्रतिबद्ध कर्मचारी हैं जो नीतियां बनाने, अंशधारकों की जरूरतों के अनुरूप नया कौशल हासिल करने के साथ तकनीकी ढांचे का रखरखाव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग ने पिछले कुछ साल के दौरान इन बदलावों के अनुरूप खुद को ढाला है, इस सफलता के पीछे यही कर्मचारी हैं। गुप्ता ने पिछले महीने के आखिर में सीबीडीटी के प्रमुख का पद संभाला था।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का कारोबार में दोगुना का लक्ष्य

मुंबई, एजेंसी




निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने कहा है कि वह चालू वित्त वर्ष में अपने नए कारोबार का मूल्य 2,560 करोड़ रुपये यानी दोगुना करने के अपने लक्ष्य को पूरा की दिशा में बढ़ रही है। कंपनी ने 2018-19 में यह लक्ष्य तय किया था जब नए कारोबार का मूल्य (वीएनबी) 1,328 करोड़ रुपये था। लक्ष्य प्राप्ति को लेकर प्रबंधन का भरोसा इस बात से मजूबत होता है कि पहली तिमाही में वीएनबी वृद्धि अनुमान से कहीं अधिक 471 करोड़ रुपये रही है। यह एक साल पहले के 358 करोड़ रुपये की तुलना में 31.7 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के प्रबंधन के अनुसार, पहली तिमाही में अच्छी वृद्धि के चलते अब कंपनी को अपना लक्ष्य पाने के लिए सिर्फ 22.5 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करनी है। बीमा कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एन एस कन्नन ने कहा, हम वीएनबी को 2018-19 के 1,328 करोड़ रुपये से दोगुना करके चालू वित्त वर्ष में 2,650 करोड़ रुपये करने की आकांक्षा को पूरा करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहली तिमाही शानदार रही है क्योंकि इस दौरान कोविड के दावे घटकर महज 16 करोड़ रुपये के रह गए जो एक साल पहले 500 करोड़ रुपये के थे।

## दो दशक बाद एनएसई में वापसी को तैयार आशीष कुमार चौहान को जूझना होगा कई चुनौतियों से

नई दिल्ली, एजेंसी

लगभग दो दशक बाद आशीष कुमार चौहान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में लौटने के लिए तैयार हैं। अभी वह बीएसई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि चौहान के लिए एनएसई में काफी चुनौतियां रहेंगी। वह ऐसे समय एनएसई से जुड़ने जा रहे हैं जबकि यह एक्सचेंज कामकाज के संचालन में खामी, को-लोकेशन घोटाले, तकनीकी गडबड़ियों से लेकर फोन-टैपिंग जांच का सामना कर रहा है। चौहान एनएसई की संस्थापक टीम के सदस्य रहे हैं। उन्होंने 2000 में इस एक्सचेंज को छोड़ दिया था। वह रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह में कई पदों पर रहने के बाद 2009 में एक बार फिर शेयर बाजार में बीएसई के उप-सीईओ बन कर लौटे थे। 2012 से वह बीएसई के सीईओ हैं। उनके समक्ष एक और बड़ी चुनौती एनएसई का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की होगी, जो काफी समय से लटका है। को-लोकेशन घोटाले के बाद एनएसई का सार्वजनिक निर्गम पटरी से उतर गया था। चौहान के नाम को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्डं (सेबी) की हरी झंडी मिल गई है, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह एक्सचेंज से कब जुड़ेंगे। बीएसई में उनका मौजूदा कार्यकाल नवंबर तक है। वह वहां से इस्तीफा देकर भी एनएसई से जुड़ सकते हैं। कई विशेषज्ञों का कहना है कि चौहान के समक्ष तात्कालिक चुनौती कई तरह के कामकाज के संचालन में खामी और पुराने मुद्दों से निपटने की होगी। अनिल सुरेंद्र मोदी स्कूल ऑफ कॉमर्स, एनएमआईएमएस-मुंबई के सहायक प्रोफेसर दिवाहर नादर ने कहा कि एनएसई के समक्ष फिलहाल जो चुनौतियां हैं वे बुनियादी हैं और उनसे संरचनात्मक सुधारों से निपटा जा सकता है। 2021 में एक्सचेंज में आई तकनीकी गड़बड़ियां प्रौद्योगिकी में स्थिरता की कमी की वजह से थीं।

कमोडिटी पार्टिसिपेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीपीएआई) के अध्यक्ष नरेंद्र वाधवा ने कहा कि एनएसई के समक्ष जो मुद्दे हैं उनकी प्रकृति रणनीतिक है। उन्होंने कहा कि चौहान के समक्ष अन्य चुनौतियों में नकदी खंड में मात्रा बढ़ाने और एसजीएक्स निफ्टी के गिफ्ट सिटी में सुगमता से स्थानांतरण की होगी। नादर ने कहा कि चौहान के पास बीएसई का सार्वजनिक निर्गम लाने का अनुभव है। वह एनएसई की सूचीबद्धता के लक्ष्य को पूरा कर सकते हैं। चौहान एनएसई के संस्थापक सदस्यों में रहे हैं। वह 1992 से 2000 तक एनएसई के साथ रहे। 2000 में एनएसई को छोड़ने के बाद वह रिलायंस इंडस्ट्रीज में विभिन्न पदों पर रहे। वह रिलायंस इन्फोकॉम के मुख्य सूचना अधिकारी और मुंबई इंडियंस की आईपीएल टीम के सीईओ भी रह चुके हैं।

## वाहन विनिर्माण क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं महिलाएं, कई कंपनियां दे रही हैं प्रोत्साहन

नई दिल्ली, एजेंसी




पुरुषों के वर्चस्व वाले वाहन विनिर्माण के क्षेत्र में अब महिलाएं भी अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं और इसमें उनकी मदद कर रही हैं देश की प्रमुख वाहन कंपनियां। दरअसल टाटा मोटर्स, एमजी मोटर, हीरो मोटोकॉर्प और बजाज ऑटो अपने विनिर्माण संयंत्रों में लैंगिक विविधता की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। भारत में टाटा मोटर्स के छह संयंत्रों में शॉप फ्लोर में 3,000 से अधिक महिलाएं उत्पादन के क्षेत्र में विभिन्न भूमिकाओं में काम कर रही हैं। वे छोटे यात्री वाहनों से लेकर भारी वाणिज्यिक वाहनों तक के उत्पादन के लिए काम कर रही हैं। कंपनी की अपने कारखानों में और महिलाओं को शामिल करने की योजना है। वहीं, एमजी मोटर इंडिया की दिसंबर, 2023 तक लैंगिक रूप से संतुलित कार्यबल बनाने की योजना है जहां उसके कुल कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत हो। कंपनी के गुजरात के हलोल संयंत्र में कारखाने में काम करने वाले 2,000 लोगों में से 34 फीसदी महिलाएं हैं। हीरो मोटोकॉर्प में 2021-22 के अंत तक 1,500 महिला कर्मचारी काम कर रही थीं और निकट भविष्य में इनकी संख्या और बढ़ाने की योजना है। बजाज ऑटो के पुणे स्थित चाकन संयंत्र में डोमिनार 400 और पल्सर आरएस 200 जैसी महंगी बाइकों का विनिर्माण का जिम्मा पूरी तरह से महिलाओं के हाथों में है। यहां 2013-14 की तुलना में 2021-22 में महिला कर्मियों की संख्या 148 से चार गुना बढ़कर 667 हो गई है।

कंपनी की 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि विनिर्माण संयंत्रों और इंजीनियरिंग में काम करने वाले कर्मियों में करीब 64 महिलाएं हैं। टाटा मोटर्स के अध्यक्ष एवं मुख्य मानव संसाधन अधिकारी रवींद्र कुमार कंपनियों ने महिलाओं को अहम पदों पर लाने के लिए व्यापक रूपरेखा बनाई है लेकिन आंकड़े बताते हैं कि आदर्श स्थिति और वास्तविकता में बड़ा अंतर है। इसी अंतर को पाटने के लिए टाटा मोटर्स अपने तरीके से प्रयास कर रही है। बीते दो साल में कंपनी के पुणे में यात्री वाहन संयंत्र में महिलाओं की संख्या करीब 10 गुना बढ़ी है। इस कारखाने में अप्रैल, 2020 में 178 महिला कर्मी थीं जो अब बढ़कर 1,600 हो गई है। एमजी मोटर इंडिया में निदेशक-एचआर यशविंदर पटियाल ने कहा, हमारा प्रयास है 50:50 का अनुपात हासिल करना।

## फेड रिजर्व के रुख और तिमाही परिणाम का शेयर बाजार पर रहेगा असर

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजार की तेजी के बीच आईटी और टेक समेत अन्य समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह चार प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह ब्याज दर को लेकर अमेरिकी फेड रिजर्व की होने वाली बैठक और दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के परिणाम का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2311.45 अंक की तूफानी तेजी के साथ सप्ताहांत पर दस सप्ताह बाद 56 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 56072.23 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 670.25 अंक की छलांग लगाकर 16719.45 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मझौली कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 805.75 अंक मजबूत होकर 23 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 23660.37 अंक और स्मॉलकैप 993.85 अंक उछलकर 26 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 26773.41 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह 26-27 जुलाई को अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल ऑपिन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक होने वाली है। इस बैठक में ब्याज दरों में वृद्धि करने या घटाने पर निर्णय होगा।

हालांकि फेड रिजर्व के कई अर्थशास्त्रियों ने संकेत दिया है कि वे आगामी बैठक में ब्याज दरों में 0.75 प्रतिशत की एक और वृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं। यदि ऐसा हुआ तो निवेशक शेयर बाजार से पूंजी निकालकर निवेश के सुरक्षित गंतव्य की ओर बढ़ेंगे। इसका असर विदेशी और घरेलू दोनों शेयर बाजारों पर देखा जा सकेगा। बीते सप्ताह शुक्रवार को उद्योगपति मुकेश अंबानी की पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड (आरआईएल) की वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-जून तिमाही का परिणाम आया है। इसमें आरआईएल के सकल शुद्ध मुनाफे में 43.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका असर अगले सप्ताह बाजार पर दिख सकता है।

इसके अलावा अगले सप्ताह इंफोसिस, एक्सिस बैंक, कैनरा बैंक, सेंट्रल बैंक, टाटा स्टील, एशियन पेंट, बजाज ऑटो, एलटी, यूनियन बैंक, मारुति, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, पीएनबी, टीवीएस मोटर, सिप्ला, एचडीएफसी, आईओसी, एनटीपीसी और सन फार्मा जैसी दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणाम जारी होने वाले हैं। अगले सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी को दिशा देने में इन कारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

## नौ माह बाद एफपीआई की बिकवाली थमी

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली के सिलसिले पर जुलाई में कई माह बाद ब्रेक लगता दिख रहा है। इस महीने एफपीआई अबतक शुद्ध रूप से 1,100 करोड़ रुपये के शेयर खरीद चुके हैं। इससे पहले जून में एफपीआई ने 50,145 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। यह मार्च, 2020 के बाद किसी एक माह में एफपीआई की बिकवाली का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। उस समय एफपीआई ने शेयरों से 61,973 करोड़ रुपये निकाले थे। अक्टूबर, 2021 यानी पिछले लगातार नौ माह से एफपीआई भारतीय शेयर बाजारों से निकासी कर रहे थे। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, बढ़ती महंगाई तथा मौद्रिक रुख में सख्ती के चलते अभी एफपीआई के प्रवाह में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एक से 22 जुलाई के दौरान एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 1,099 करोड़ रुपये डाले हैं। चौहान ने कहा कि इस महीने एफपीआई की अंधाधुंध बिकवाली न केवल रुकी है, बल्कि माह के कुछ दिन तो वे शुद्ध लिवाल रहे हैं। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की लिवाली की एक और बड़ी वजह यह है कि उनका मानना है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक आगामी बैठक में ब्याज दरों में इतनी आक्रामक वृद्धि नहीं करेगा, जैसा कि पहले अनुमान लगाया जा रहा था। इससे डॉलर सूचकांक भी नरम हुआ है, जो उभरते बाजारों की दृष्टि से अच्छा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में मंदी की संभावना भी कम हुई है। इसके अलावा हाल में बाजार में आए करेक्शन की वजह से भी लिवाली के अवसर बढ़े हैं। इसी तरह की राय जताते हुए ट्रेडस्मार्ट के चेयरमैन विजय सिंघानिया ने कहा कि अमेरिका के कमजोर आर्थिक आंकड़ों से उम्मीद बंधी है कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि नहीं करेगा।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.98 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 2.98 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,311.45 अंक या 4.29 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में सिर्फ जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। कुल मिलाकर शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 2,98,523.01 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 68,564.65 करोड़ रुपये बढ़कर 16,93,245.73 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 64,929.87 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 11,60,285.19 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 34,028.7 करोड़ रुपये बढ़कर 5,56,526.81 करोड़ रुपये रही। इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में 31,893.77 करोड़ रुपये का उछाल आया और यह 6,33,793.91 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 30,968.4 करोड़ रुपये बढ़कर 4,58,457.30 करोड़ रुपये हो गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,636.69 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 3,78,774.69 करोड़ रुपये तथा हिंदुस्तान यूनिलीवर का 16,811.32 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 6,20,362.58 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 16,110.37 करोड़ रुपये बढ़कर 7,73,770.09 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी का 14,579.24 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 4,16,701.23 करोड़ रुपये रहा। वहीं दूसरी ओर एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 12,396.99 करोड़ रुपये घटकर 4,35,760.72 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, एलआईसी, एचडीएफसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### आईएसएल से पहले दुबई में अभ्यास करेगी मुंबई सिटी एफसी की टीम

मुंबई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम मुंबई सिटी एफसी आगामी सत्र से पहले दुबई में अभ्यास शिविर में भाग लेगी। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार मुंबई सिटी 25 जुलाई से 12 अगस्त तक दुबई के जावेल अली नामक स्थान पर 19 दिवसीय अभ्यास शिविर में हिस्सा लेगी। इस फुटबॉल क्लब ने 2021-22 के सत्र में एएफसी चैंपियंस लीग का मैच जीतकर भारतीय फुटबॉल के इतिहास में नया अध्याय जोड़ा था। वह ऐसा करने वाला पहला भारतीय क्लब बना था। मुंबई सिटी एफसी प्रतिष्ठित डूरंड कप में भी हिस्सा लेगा जो 16 अगस्त से शुरू हो रहा है। डूरंड कप में उसे ग्रुप बी में रखा गया है जहां उसका सामना एटीके मोहन बागान, ईस्ट बंगाल, भारतीय नौसेना और राजस्थान यूनाइटेड से होगा। मुंबई सिटी एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट में पहली बार भाग लेगा।

### स्टालिन ने रजत पदक जीतने पर नीरज चोपड़ा को बधाई दी

नई दिल्ली। एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्टालिन ने कहा, नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है! विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय और पहले भारतीय एथलीट बनने के लिए बधाई। अंजू बॉबी जॉर्ज के बाद नीरज चोपड़ा एकमात्र भारतीय एथलीट हैं, जिन्होंने विश्व एथलेटिक चैंपियनशिप में पदक जीता है। अंजू बॉबी जॉर्ज ने 2003 पेरिस चैंपियनशिप में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। अंजू ने कहा, नीरज चोपड़ा के विश्व एथलेटिक चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने की खबर सुनकर वास्तव में खुश हैं। पिछले उन्नीस वर्षों से एक और भारतीय के लिए प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में एथलेटिक पदक जीतने का लंबा इंतजार रहा है।

### भारत में मैचों के प्रसारण के लिये डिज्नी स्टार से करार किया क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने

मेलबर्न। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को कहा कि उसने में देश में होने वाले क्रिकेट मैचों के भारत में प्रसारण के लिए डिज्नी स्टार के साथ सात साल का करार किया है। यह करार 2023-24 से शुरू होगा जिसमें डिज्नी स्टार भारत में बिग बैश लीग और महिला बिग बैश लीग के साथ-साथ आस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों का प्रसारण करेगा। डिज्नी स्टार सोनी का स्थान लेगा, जिसके पास 2017-18 के सत्र से आस्ट्रेलियाई अधिकार हैं। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने कहा, हमें 2023-24 के सत्र से डिज्नी स्टार के साथ इस नयी भागीदारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। डिज्नी स्टार भारत में खेल का पर्याय है और हम उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।

### क्रुणाल पांड्या के घर आई खुशखबरी

मुंबई। भारतीय क्रिकेटर क्रुणाल पांड्या की वाइफ पंखुरी ने बेटे को जन्म दिया है। क्रुणाल ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है और फैंस के साथ खुशखबरी साझा की है। क्रुणाल ने अपनी वाइफ पंखुरी और बेटे के साथ तस्वीर साझा की। साथ ही अपने बेटे का नाम भी बता दिया, दोनों ने अपने बेटे का नाम कवीर क्रुणाल पांड्या रखा है। क्रुणाल पांड्या के इस पोस्ट पर हर कोई बधाई दे रहा है। केएल राहुल ने कमेंट किया कि दोनों को बहुत-बहुत बधाई हो। जबकि हार्दिक पांड्या की वाइफ नताशा ने लिखा हार्ट इमोजी कमेंट किया। जहीर खान की वाइफ सागरिका ने भी कमेंट किया और क्रुणाल-पंखुरी को बधाई दी। आपको बता दें कि क्रुणाल पांड्या टीम इंडिया के लिए टी-20 और वनडे में डेब्यू कर चुके हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में शुरूआत में वह मुंबई इंडियंस के साथ रहे और अब लखनऊ सुपर जायंट्स के उप-कप्तान हैं।

# नीरज चोपड़ा के कमाल पर देश में जश्न, मां ने जमकर किया डांस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय और पहले भारतीय पुरूष एथलीट बन गए, जिन्होंने भालाफेंक स्पर्धा में 88.13 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। इससे पहले 2003 में अंजू बॉबी जॉर्ज ने मेडल भारत को दिलाया था। नीरज ने 19 सालों का सूखा समाप्त किया है। नीरज की इस उपलब्धि पर देशभर में जश्न मनाया जा रहा है। उनके गांव में भी लोगों ने जमकर डांस किया और जश्न मनाया। अब इसका वीडियों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

ओलिंपिक के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा के वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर जीतते ही पिता के आंसू निकल आएङ्ग मां झूमने लगीं और गांव के लोग लड्डू बांटने लगे। नीरज हरियाणा में पानीपत के रहने वाले हैं। गांव वालों ने नीरज के परिवार के साथ भी जमकर डांस किया। वीडियो में नीरज की मां सरोज देवी भी नाचती दिखाई दे रही हैं। वह अपने बेटे की इस कामयाबी से बेहद खुश हैं। नीरज की मां ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद थी कि मेरा बेटा मेडल जरूर जीतेगा। उसकी मेहनत पूरी हुई है। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि उसने देश का नाम रोशन किया। तीन फाउल की वजह से नीरज गोल्ड से चूके ओलंपिक के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा का वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के फाइनल में ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से मुकाबला था। इसमें नीरज ने 88.13 मीटर दूर भाला फेंककर सिल्वर मेडल पर निशाना साधा, जबकि पीटर्स ने अपने शुरूआती दो थ्रो लगातार 90 से ज्यादा मीटर तक किए।

इसी के साथ उन्होंने फाइनल में 90.54 के बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। नीरज को तीन थ्रो फाउल रहे थे। इसमें पहला और आखिरी के दो थ्रो थे। यही वजह रही कि नीरज गोल्ड से चूक गए।

**उम्मीद**

- नीरज की मां ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद थी कि मेरा बेटा मेडल जरूर जीतेगा

नीरज ने सिर्फ तीन थ्रो के बदौलत ही सिल्वर मेडल जीत लिया। फाइनल में नीरज ने अपने तीन सफल थ्रो में 82.39 मीटर, 86.37 और 88.13 मीटर दूर भाला फेंका। चोपड़ा ने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था और निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाले वह पहले भारतीय हैं।

पीटर्स ने 90.21 मीटर से शुरूआत की और उनका उसके बाद 90.46 , 87.21, 88.11, 85.83 मीटर के थ्रो फेंके। पांच प्रयासों के बाद ही उनका स्वर्ण सुनिश्चित हो गया था लेकिन उन्होंने छठा थ्रो 90.54 मीटर फेंका जो उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा। चोपड़ा ने ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में शुरूआत की और 88.39 मीटर का थ्रो फेंका था जो उनके कैरियर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। गत चैम्पियन पीटर्स ने ग्रुप बी में 89.91 मीटर का थ्रो लगाकर पहला स्थान हासिल किया था। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 89.94 मीटर का है। उन्होंने लंदन विश्व चैम्पियनशिप 2017 में खेला था लेकिन फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं कर पाये थे। दोहा में 2019 विश्व चैम्पियनशिप में वह कोहनी के आपरेशन के कारण नहीं खेल सके थे।

चोपड़ा ने इस सत्र में दो बार पीटर्स को हराया था जबकि पीटर्स जून में डायमंड लीग में विजयी रहे थे। पीटर्स अब सत्र में छह बार 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंक चुके हैं जबकि चोपड़ा अभी तक यह बाधा पार नहीं कर पाये हैं। रोहित ग्रुप बी में 80.42 मीटर का थ्रो फेंककर छठे स्थान पर और कुल 11वें स्थान पर रहे थे। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 82.54 मीटर है जो उन्होंने राष्ट्रीय अंतर प्रांत चैम्पियनशिप में पिछले महीने हासिल करके रजत पदक जीता था।

## राष्ट्रमंडल गेम्स में महिला टी20 क्रिकेट साबित हो सकता है गेमचेंजर

**नई दिल्ली, एजेंसी**




एक बड़े टूनार्मेंट (सीडब्ल्यूजी, एशियाई खेल, ओलंपिक) में एक पदक जीतना हमेशा किसी विशेष खेल में किसी भी देश के लिए एक प्रतिष्ठित उपलब्धि होती है। इसी तरह, महिला क्रिकेट निश्चित रूप से बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अपनी शुरूआत करने के लिए तैयार है और इस तरह महिला क्रिकेट एक गेमचेंजर साबित हो सकता है।

राष्ट्रमंडल गेम्स में एक वैकल्पिक खेल के रूप में देखा गया, क्रिकेट को पहली बार 1998 में कुआलालंपुर में पुरुषों के आयोजन के रूप में प्रदर्शित किया गया, जिसमें 16 देशों ने भाग लिया। मैच 50 ओवर के थे और उन्हें वनडे अंतर्राष्ट्रीय दर्जा दिए जाने के बजाय लिस्ट ए का दर्जा प्राप्त था। दक्षिण अफ्रीका ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता था जबकि न्यूजीलैंड ने कांस्य पदक अपने नाम किया। हालांकि दो सप्ताह तक चलने वाला पुरुष क्रिकेट आयोजन बेहद सफल रहा, लेकिन यह अब तक राष्ट्रमंडल गेम्स में खेल का एकमात्र प्रदर्शन रहा। लेकिन अब यह बदलने के लिए पूरी तरह तैयार है, जब ऑस्ट्रेलिया और भारत 29 जुलाई को एजबेस्टन में मैदान में उतरेंगे। मेग लैनिंग और हरमनप्रीत कौर मैदान पर अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगी, यह पहली बार होगा, जब राष्ट्रमंडल खेलों में टी20 प्रारूप में महिला क्रिकेट खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया और भारत के अलावा, मेजबान इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, पाकिस्तान और बारबाडोस के बीच 16 मैच होंगे, जिसमें स्वर्ण पदक और कांस्य पदक मैच 7 अगस्त को निर्धारित हैं। आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो समूहों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, बारबाडोस, भारत और पाकिस्तान होंगे, जबकि ग्रुप बी में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका को रखा गया है। मेजबान होने के कारण इंग्लैंड ने स्वचालित रूप से योग्यता प्राप्त की, जबकि ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान ने 1 अप्रैल, 2021 तक अपनी रैंकिंग के माध्यम से योग्यता प्राप्त की।

# युवा खिलाड़ी मुझे बेहतर होने के लिए करते हैं प्रेरित : सुकेश हेगड़े

**हरियाणा, एजेंसी**



प्रो कबड्डी लीग के दिग्गज खिलाड़ी सुकेश हेगड़े ने खुलासा किया है कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच युवा खिलाड़ी उन्हें बेहतर होने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। 32 वर्षीय हेगड़े यहां चल रही 69वीं सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप 2022 में कर्नाटक के लिए शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में से एक रहे हैं। हेगड़े ने कहा, मैं 2014 से प्रो कबड्डी लीग में खेल रहा हूं। प्रतियोगिता में खेलना वास्तव में अच्छा रहा है। हालांकि, बहुत सारे युवा खिलाड़ी हैं, जो अब उभरे हैं और वे मुझे एक खिलाड़ी के रूप में बेहतर होने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

सुकेश ने प्रो कबड्डी लीग को खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन मंच बताया। उन्हें सीजन 9 की खिलाड़ी नीलामी का इंतजार है, जो 5 से 6 अगस्त, 2022 को मुंबई में होगी। उन्होंने कहा, देश भर के कबड्डी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच मिला है।

नीलामी में मुझे जो भी टीम चुनेगी, मैं निश्चित रूप से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप के इतर, सर्विसेज स्पोर्ट्स नियंत्रण बोर्ड के अर्जुन देशवाल ने भी पीकेएल में अपने 2021-22 सत्र के बारे में अपने विचार साझा किए। रेडर का प्रतियोगिता में 268 अंकों के साथ ब्रेकआउट सीजन था। देशवाल ने कहा, मैंने पिछले सीजन में काफी आत्मविश्वास हासिल किया था। मैंने बहुत मेहनत की और सीजन में अच्छा प्रदर्शन किया। मैं अगले सीजन में भी अपना 100 प्रतिशत दूंगा। देशवाल ने यह भी कहा कि लगातार अभ्यास से उन्हें अपने खेल में सुधार करने में मदद मिली है।

## 'देश के लिए वर्ल्डकप जीतना है, इसके लिए कुछ भी करूंगा' : विराट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली इन दिनों अपने बेहद खराब दौर से गुजर रहे हैं। वह ढाई साल से शतक और पांच महीनों से अर्धशतक नहीं लगा सके। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर भी कोहली 6 इंटरनेशनल पारियों में सिर्फ 76 रन ही बना सके। इस खराब प्रदर्शन के कारण कोहली की जमकर आलोचना हो रही है। मगर इसी बीच कोहली ने अपने फैन्स को एक मैसेज भेजा है। यह आलोचकों को जवाब भी माना जा सकता है। इस मैसेज में कोहली ने अपना लक्ष्य बताया और कहा कि उसके लिए वह कुछ भी करेंगे। कोहली ने कहा, 'मेरा लक्ष्य टीम इंडिया को एशिया कप और वर्ल्ड कप जीतने में मदद करना है। इसके लिए जो भी कुछ करना होगा, उसके लिए मैं तैयार हूं।' बता दें कि एशिया कप सितंबर में श्रीलंका की मेजबानी में होना है, जो वअए में हो सकता है। इसके बाद अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप भी होना है। यह दोनों ही बड़े टूनार्मेंट टी20 फॉर्मेट में होंगे।

फिलहाल, विराट कोहली एक महीने के लंबे ब्रेक पर हैं। वह पत्न ी अनुष्का शर्मा और बेटी वामिका के साथ फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंचे हैं। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट, टी20 और फिर वनडे मैचों की सीरीज खेलने के बाद कोहली फ्री हो गए हैं। उन्हें अब अगले एक महीने तक कोई सीरीज नहीं खेलना है। अगस्त में टीम इंडिया को जिम्बाब्वे दौरे पर जाना है। साथ ही एशिया कप भी खेलना है। दोनों का शेड्यूल अब तक जारी नहीं हुआ है। ऐसे में कोहली के लिए एक महीने का लंबा ब्रेक मान सकते हैं। वेस्टइंडीज दौरे से कोहली को आराम दरअसल, इंग्लैंड के बाद टीम इंडिया अब वेस्टइंडीज दौरे पर पहुंची है।

## राष्ट्रमंडल खेलों में एक बार फिर चुनौती पेश करने को तैयार हैं अश्विनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रमंडल खेलों में 12 साल पहले पदार्पण करते हुए महिला युगल में एतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की युगल विशेषज्ञ बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा चौथी बार इन खेलों में हिस्सा लेने की तैयारी कर रही हैं। अश्विनी की जीत की भूख में हालांकि कोई कमी नहीं आई है। उनके स्मैश पहले की तरह दमदार हैं और वह विरोधी खिलाड़ियों की सर्विस और रिटर्न को अब भी काफी अच्छी तरह से भांप लेती हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में दो स्वर्ण सहित पांच पदक, विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली दो बार की ओलंपियन अश्विनी 28 जुलाई से शुरू हो रहे खेलों में एक बार फिर अपना दम दिखाने को तैयार हैं। कुर्ग की रहने वाली 32 साल की अश्विनी ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, इन वर्षों में काफी उतार चढ़ाव आए। 10 वर्षों में मैं काफी बदल गई, काफी सुधार किया है, अब मेरे पास काफी अधिक अनुभव है और एक बार फिर राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में जगह बनाकर काफी अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा, इसकी शुरूआत 2010 में हुई थी और यह मेरे लिए काफी नई चीज थी। स्वर्ण पदक जीतना शानदार लम्हा था। इस लम्हे को दोबारा जीना चाहती हूं। अश्विनी ने ज्वाला गुट्टा के साथ मिलकर दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को महिला युगल में पहला स्वर्ण पदक दिलाया था। भारतीय टीम ने भी रजत पदक जीता था। अश्विनी और ज्वाला ने चार साल बाद रजत पदक जीता। अश्विनी ने गोल्ड कोस्ट में हुए पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को मिश्रित टीम स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, 2018 में मैंने और सिक्की ने कांस्य पदक जीता था लेकिन तब मैंने पहली बार टीम स्वर्ण पदक जीता जो शानदार अहसास था।

# राष्ट्रमंडल खेलों में वापसी करना चाहेंगे अमित पंघाल और लवलीना बोरगोहेन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय मुक्केबाज जब राष्ट्रमंडल खेलों में रिंग पर उतरेंगे तो अमित पंघाल तोक्यो ओलंपिक खेलों की निराशा जबकि लवलीना बोरगोहेन विश्व चैंपियनशिप के लचर प्रदर्शन को भुलाकर वापसी करने की कोशिश करेंगे। मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन पर भी सभी की निगाहें टिकी रहेंगी जो अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

निकहत ने हाल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खिताब जीता और इसके बाद प्रतिष्ठित स्ट्रेंडजा मेमोरियल टूनार्मेंट और फिर विश्व चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल किये। यह अलग बात है कि इस 26 वर्षीय मुक्केबाज को राष्ट्रमंडल खेलों में अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। निकहत 52 किग्रा में खेलती हैं लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों में उन्हें 50 किग्रा में भाग लेना होगा। उन्हें और उनके प्रशिक्षकों को यह देखना होगा कि वह इस नए भार वर्ग में कैसे सामंजस्य बिठाती है जिससे कि वे पेरिस ओलंपिक के लिए उनका भार वर्ग तय कर सकें। जहां तक लवलीना का सवाल है तो यह वर्ष उनके लिए उतार-चढ़ाव वाला रहा। असम की इस मुक्केबाज ने पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था और तभी से उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। इस 24 वर्षीय मुक्केबाज ने स्वीकार किया तोक्यो ओलंपिक के बाद के तमाम कार्यक्रमों में भाग लेने से उनका ध्यान भंग हुआ और इससे उनके प्रदर्शन पर भी प्रभाव पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में दो बार की कांस्य पदक विजेता लवलीना इस बार शुरूआत में ही बाहर हो गई थी। ऐसे में वह राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतकर इस निराशा को दूर करने की कोशिश करेंगी। पंघाल (51 किग्रा) ने पिछली बार गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। इसके अलावा उन्होंने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया था। उन्हें ओलंपिक में पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन वह प्री क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए थे। पंघाल ने इसके बाद विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने थाईलैंड ओपन में वापसी की जहां वह रजत पदक जीतने में सफल रहे। उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों में भी पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा है और इस बार वह उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। इसी तरह से अनुभवी शिव थापा (63.5 किग्रा) भी अपने नाम पर राष्ट्रमंडल खेलों का पदक दर्ज करना चाहेंगे। इस 28 वर्षीय मुक्केबाज के नाम पर एशियाई चैंपियनशिप के पांच पदक दर्ज है। उन्होंने गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नहीं लिया था। ओलंपियन आशीष कुमार (80 किग्रा), पिछली बार के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और एशियाई चैम्पियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता संजीत (92 किग्रा से अधिक) भी खिताब के दावेदार हैं।

**पदक**

- राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खिताब जीता और इसके बाद प्रतिष्ठित स्ट्रेंडजा मेमोरियल टूनार्मेंट और फिर विश्व चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल किये

# गोल्ड जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : बॉक्सर संजीत कुमार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आगामी राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) में भारत के लिए पदक की संभावनाओं में से एक मुक्केबाज संजीत कुमार का कहना है कि उन्हें न तो रिंग में और न ही जीवन में हारना पसंद है। 2021 एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में अपनी उपलब्धि का अनुकरण करने में कोई कसर नहीं रखेंगे। आईएएनएस से बातचीत में 2018 में 91 किग्रा में रजत पदक विजेता रहे संजीत ने कहा, मैं हारना नहीं चाहता, मुझे बस हारने से नफरत है। इसलिए अगर मैं सभी मैच जीत जाता हूं तो मुझे गोल्ड मिलेगा।

मैं स्वर्ण जीतने की पूरी कोशिश करूंगा। जब संजीत पिछले साल दुबई में एशियाई चैंपियनशिप के लिए जा रहे थे, तो कई लोगों ने उसे पदक दिलाने के लिए समर्थन नहीं किया। लेकिन उन्होंने गोल्ड जीतकर कई लोगों को गलत साबित किया। यह पूछे जाने पर कि उनके लिए एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण का क्या अर्थ है, उन्होंने कहा, यह मेरे जीवन के सबसे गौरवपूर्ण क्षणों में से एक था। मैंने मुक्केबाज को हराया था, जिन्होंने मुझे नॉकआउट किया। उसे हराकर गोल्ड जीतना मेरे लिए खुशी की बात थी। 2018 में जब उसने मुझे नॉकआउट किया तो मैंने बदला लेने का फैसला किया था। मैंने खूब मेहनत की, अपनी कमियों को सुधारा और फिर नतीजा सबके सामने है। मैं हार को बहुत गंभीरता से लेता हूं। उनके जीवन का सबसे दुखद क्षण तब आया जब 33 वर्षीय टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहे। विश्व सैन्य खेलों के दौरान उन्हें चोट लग गई थी। फिर महामारी ने उन्हें टोक्यो खेलों से बाहर कर दिया। अब उनकी नजर पेरिस गेम्स पर है। उन्होंने आगे कहा, अंतिम लक्ष्य पेरिस खेलों में पदक जीतना है। राष्ट्रमंडल खेल और अन्य कार्यक्रम वहां तक पहुंचने के लिए सीढ़ी की तरह हैं। ओलंपिक पूरी तरह से अलग है।

हर कोई मेडल जीतना चाहता है। किसी अन्य प्रतियोगिता में कोई भी पदक टोक्यो में भाग नहीं लेने के नुकसान की भावना को पूरा नहीं कर सकता है। भारतीय सेना में सूबेदार के पास खुद को प्रेरित रखने के अलग-अलग तरीके हैं। वह प्रेरक पुस्तकों, विशेष रूप से एथलीटों की आत्मकथाओं के उत्साही पाठक हैं। उन्होंने कहा, मोटिवेशनल किताबें पढ़ना मेरा पसंदीदा शौक है। मैंने महान एथलीटों की आत्मकथाएं और खेल से जुड़ी किताबें पढ़ीं, जो हमें प्रेरित करती हैं।

## गायक ए.आर. रहमान शतरंज ओलंपियाड में करेंगे परफॉर्म

**मुंबई, एजेंसी**

चेन्नई शहर आगामी अंतर्राष्ट्रीय शतरंज ओलंपियाड, 2022 के लिए खुद को तैयार कर रहा है, जो 28 जुलाई से चेन्नई में आयोजित होने वाला है। इसका एक प्रमोशन वीडियो सामने आया है जिसमें ए.आर.रहमान नजर आ रहे हैं। वायरल इस वेलकम टू नम्मा ऊरु चेन्नई शीर्षक वाले वीडियो में ग्रैमी और ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान को सफेद कपड़े पहने देखा जा सकता है। वीडियो में संगीतकार को उनके द्वारा बनाए गए जिंगल बीट्स पर गाते और झूमते हुए दिखाया गया है, क्योंकि वह कूम नदी पर बने प्रसिद्ध नेपियर पुल पर चलते हैं। मद्रास विश्वविद्यालय और द्वीप के मैदान को जोड़ने वाले पुल को शतरंज बोर्ड की तरह विषयगत रूप से चित्रित किया गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन भी वीडियो में रहमान के साथ शामिल होते हैं, क्योंकि नर्तक ममल्लापुरम स्मारकों की पृष्ठभूमि के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं। जहां क्लिप वेलकम टू नम्मा ऊरु चेन्नई से शुरू होती है, वहीं वरुगा वरुगा तमिझनाट्टुकु वरुगा शब्द परस्पर जुड़े हुए हैं और ऐसे शब्दों के साथ समाप्त भी होते हैं। फेडरेशन इंटरनेशनेल डेस एचेक्स द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शतरंज ओलंपियाड एक द्विवार्षिक शतरंज टूनार्मेंट है, जिसमें दुनिया के देशों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमें प्रतिस्पर्धा करती हैं। कोविड-19 महामारी के कारण 2020 और 2021 शतरंज ओलंपियाड ऑनलाइन आयोजित किए गए।

# मैं भी शुरू में नीरज चोपड़ा जैसी स्थिति में थी : अंजू

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा जब अमेरिका के यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इतिहास रच रहे थे, तब अपने जमाने की दिग्गज एथलीट और लंबी कूद खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज बेंगलुरू में उस स्थिति को याद कर रही थी जब उन्होंने भी खराब शुरूआत से उबरकर कांस्य पदक जीता था। चौबीस वर्षीय चोपड़ा फाइनल में पहले तीन दौर के बाद चौथे स्थान पर थे लेकिन चौथे प्रयास में उन्होंने 88.13 मीटर भाला फेंककर शानदार वापसी की और रजत पदक हासिल किया। चोपड़ा विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय एथलीट और पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। अंजू विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी थी। उन्होंने पेरिस में 2003 में लंबी कूद में कांस्य पदक जीता था। अंजू ने कहा, मैं सोच रही थी कि हे भगवान, मैं भी पेरिस में 2003 में एक समय नीरज जैसी स्थिति में थी। वह पहले प्रयासों के बाद चौथे स्थान पर था और मैं भी पहले तीन प्रयासों के बाद चौथे स्थान पर थी। उन्होंने कहा, मैं पहले प्रयास के बाद शीर्ष पर थी लेकिन तीसरे प्रयास के बाद चौथे स्थान पर खिसक गई थी और पदक की दौड़ मैं नहीं थी। लेकिन मैं वापसी करने और पदक जीतने के प्रति प्रतिबद्ध थी और मैंने ऐसा किया। ऐसा ही नीरज के साथ भी हुआ। चोपड़ा की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने पहले प्रयास में फाउल किया। इसके बाद उन्होंने 82.39 मीटर और 86.37 मीटर भाला फेंका और तीसरे प्रयास के बाद वह चौथे स्थान पर थे। लेकिन चोपड़ा ने इसके बाद शानदार वापसी की तथा चौथे प्रयास में 88.13 मीटर भाला फेंक कर दूसरा स्थान हासिल किया। यह उनके करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

पांचवें और छठे प्रयास में चोपड़ा ने फाउल किया। जहां तक अंजू का सवाल है तो वह पहले प्रयास में 6.61 मीटर कूद लगाकर पहले स्थान पर थी लेकिन अगली दो कूद में वह फाउल कर गई जिससे वह चौथे स्थान पर खिसक गई थी। अंजू ने चौथे प्रयास में 6.56 मीटर कूद लगाई लेकिन वह चौथे स्थान पर ही बनी रही। पांचवें प्रयास में उन्होंने 6.70 मीटर कूद लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया और देश के लिए कांस्य के रूप में विश्व चैंपियनशिप में पहला पदक जीता। अंजू ने कहा, अगर आप आसानी से आत्मविश्वास खो देते हैं तो फिर आप पदक नहीं जीत सकते। अगर आप विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं तो आपको अपनी क्षमता पर विश्वास होना चाहिए और पदक जीतने के लिए एकाग्रता बनाए रखनी चाहिए।

## कोरोना महामारी के बावजूद द्विपक्षीय सीरीज से बीसीसीआई की हुई करोड़ों की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कोरोना वायरस के कारण काफी मैचों को रद्द किया गया। पिछले 2 सालों के दौरान कोरोना महामारी ने इंटरनेशनल क्रिकेट को काफी प्रभावित किया है। लंबे समय तक टीम इंडिया ने भी बायोबबल में क्रिकेट खेला। हालांकि, इसके बावजूद बीसीसीआई को भारी मुनाफा हुआ है।

आईपीएल मीडिया राइट्स से बीसीसीआई को भारी मुनाफा हुआ है। इसके अलावा 2018-23 के बीच द्विपक्षीय सीरीज से डिज्नी प्लस हॉटस्टार से बीसीसीआई को तकरीबन 218 करोड़ रुपए का फायदा हुआ है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों में बीसीसीआई को अनुमानित नुकसान भी हुआ है। दरअसल, साल 2021 का आईपीएल भारत में हो रहा था, लेकिन आईपीएल के बीच में बाकी के मैच यूएई में करवाने पड़े। इसके अलावा टी20 वर्ल्ड 2021 भारत में आयोजित होना था, लेकिन कोरोना वायरस के बढ़ते मामले के कारण टी20 वर्ल्ड कप 2021 का आयोजन यूएई में किया गया। इससे बीसीसीआई को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। कोरोना वायरस का भारत के मैचों पर भी असर हुआ, लेकिन भारतीय टीम की गाबा बेंच स्ट्रेंथ की ताकत को दिखाया। दरअसल, उसके बाद से भारत के पास पहली पसंद और दूसरी पसंद की हमेशा 2 टीम रही है। साथ ही 2 टीमों के जरिए लगातार मैचों के दवाब को कम करने की कोशिश की जा रही है, ताकि खिलाड़ियों पर वर्कलोड ज्यादा नहीं हो। वहीं, बीसीसीआई सचिव जय ने बताया कि 50 खिलाड़ियों की सूची तैयार की गई है, ताकि भारतीय टीम एक समय में एक से अधिक दौरे के लिए तैयार रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### त्रिपोली खूनी संघर्ष: मरने वालों की संख्या 16 हुई

त्रिपोली। लीबिया की राजधानी त्रिपोली में खूनी संघर्ष में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है, जबकि 34 अन्य लोग घायल हुए हैं। त्रिपोली की एम्बुलेंस एवं आपातकालीन सेवाओं के प्रवक्ता ओसामा अलीक ने यह जानकारी दी है। त्रिपोली में एक समूह के एक सदस्य की हिरासत में लिए जाने के कारण शुक्रवार को खूनी संघर्ष हुआ था। त्रिपोली में संघर्ष के बाद राष्ट्रीय एकता सरकार के प्रमुख अब्दुल हामिद दबीबेह ने आंतरिक मंत्री खालिद माजेन को बर्खास्त कर दिया। श्री माजेन की जगह स्थानीय सरकार के मंत्री बद्र अल-दीन अल-सादिक अल-तौमी कार्यवाहक आंतरिक मंत्री होंगे।

### दक्षिणी ईरान में बाढ़ से 11 लोगों की मौत

तेहरान। ईरान के दक्षिणी प्रांत फार्स में बाढ़ के कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हुयी है। फार्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक एस्टाहबान शहर में अभी भी 13 लोग लापता हैं। बताया जा रहा है कि बाढ़ भारी बारिश के कारण आई है।

### उत्तरी इराक में तुर्की के सैन्य अड्डा पर हमला

बगदाद। उत्तरी इराक के नीनवे प्रांत में तुर्की के सैन्य अड्डे ज़िलकन पर रॉकेट से हमला किया गया है। प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक सैन्य अड्डा पर कम से कम तीन रॉकेट दागे गए हैं। इससे पहले तुर्की के सशस्त्र बलों ने बुधवार को इराकी कुर्दिस्तान में स्थित जाखो के रिसॉर्ट शहर पर गोलाबारी की थी। कुर्दिस्तान डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा उपलब्ध कराए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, हमले में नौ लोग मारे गए और 33 अन्य घायल हो हुए हैं। उल्लेखनीय है कि तुर्की में प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी को लेकर इराक और तुर्की के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। तुर्की सरकार पीकेके से लड़ रही है, जो 1980 के दशक की शुरूआत से ही तुर्की में कुर्द स्वायत्तता स्थापित करना चाहती है।

### कनाडा में मंकीपॉक्स से संक्रमितों की संख्या 700 के करीब पहुंची

ओटावा। कनाडा में मंकीपॉक्स के कुल 681 मामले दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी मुख्य जन स्वास्थ्य अधिकारी थेरेसा टैम ने दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, कनाडा में 22 जुलाई 2022 तक मंकीपॉक्स के कुल 681 पुष्ट मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से क्यूबेक (331), ओंटारियो (288), ब्रिटिश कोलंबिया (48), अल्बर्टा (12) और सस्केचेवान (2) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मंकीपॉक्स वायरस संक्रमित व्यक्ति की त्वचा के घावों के निकट संपर्क के दौरान या तौलिये, बिस्तर के लिनन और अन्य वस्तुओं सहित उनकी व्यक्तिगत या साझा वस्तुओं के सीधे संपर्क में आने से किसी भी व्यक्ति में फैल सकता है। कनाडा के स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित सुरक्षा दिशानिर्देशों में नागरिकों को आगंतुकों के आने के बाद सतहों को साफ करने, मास्क पहनने और संभावित रूप से बीमार दोस्तों या रिश्तेदारों के संपर्क से बचने की सलाह दी गई है। दिशानिर्देश में रोगसूचक या संक्रमित लोगों को घर पर रहने की दृढ़ता से सलाह दी गयी है। उल्लेखनीय है कि मंकीपॉक्स एक जूनोटिक बीमारी है, जो जानवरों से मनुष्यों में फैलती है।

# हैती: गिरोहों के हमले से बचने के लिए 315 बच्चों, वयस्कों ने स्कूल में शरण ली

पोर्ट-ऑ-प्रिंस, एजेंसी

हैती की राजधानी में हाल के सप्ताह में दो विरोधी गिरोहों के बीच लड़ाई के कारण शनिवार को सैकड़ों बच्चों और वयस्कों ने एक स्कूल में शरण ली। विरोधी गिरोहों के बीच लड़ाई में कई लोगों की मौत हुई है और कई मकान ध्वस्त हो गए हैं।

धार्मिक सामुदायिक समूह किजिटो के सामान्य समन्वयक फ्रांसिस्को सेरिफिन ने कहा कि 315 लोगों ने सेंट लुइस डी गोंजाग स्कूल में शरण ली है, जो कि हिंसाग्रस्त साइट सोलील के पास डेल्मास जिले में है।

गर्मी की छुट्टियों के कारण कक्षाएं बंद हैं और स्कूल की कक्षाओं को छात्रावास में बदल दिया गया है, जहां कुछ किशोर और बच्चे गैर-लाभकारी समूह से मिले छोटे-छोटे गद्दों पर सो रहे हैं। हालांकि, कुछ लोगों को बिना गद्दे के ही फर्श पर सोना पड़ रहा है। सेरिफिन ने कहा कि स्कूल में शरण लिए हुए कई बच्चों के साथ उनके माता-पिता नहीं हैं।

जीन मिशेलेट (16) ने कहा, हमें मदद की जरूरत है। मिशेलेट ने कहा कि जुलाई की शुरूआत में गिरोह की लड़ाई शुरू होने के दिन वह घायल हो गया था।



- धार्मिक सामुदायिक समूह किजिटो के सामान्य समन्वयक फ्रांसिस्को सेरिफिन ने कहा कि 315 लोगों ने सेंट लुइस डी गोंजाग स्कूल में शरण ली है

उसने बताया, जिस दिन लड़ाई शुरू हुई उस दिन मैं घर पर था। काफी गोलीबारी हुई थी। एक गोली छत से होकर गुजरी और मेरे सिर में जा लगी। मिशेल ने कहा कि मुठभेड़ के दौरान कई लोग मारे गए हैं। उसने कहा, स्थिति वाकई में बहुत खराब है।

राष्ट्रपति जोवेनेल मोसे की अनसुलझी हत्या के एक साल बाद हैती में गिरोह की हिंसा और भी बदतर हो गई है। गठबंधन सरकार बनाने के प्रयास धराशायी हो गया और आम चुनाव कराने के प्रयास रुक गए हैं।

एक हफ्ता पहले, संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के कार्यालय ने बताया कि अब तक साइट सोलील में लड़ाई में 99 लोगों के मारे जाने की सूचना है।

संयुक्त राष्ट्र की मानवीय एजेंसियों ने कहा है कि नजदीकी इलाकों में फंसे लोगों की मदद करना उनके लिए बहुत जोखिम भरा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के प्रवक्ता जेरेमी लारेंस ने कहा कि अधिकांश पीड़ित सीधे तौर पर गिरोह में शामिल नहीं थे लेकिन उन्हें निशाना बनाया गया। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने कहा कि कुछ गिरोहों ने आबादी को नियंत्रण में लेने के लिए पेयजल और भोजन तक पहुंच को रोक दिया है, जिससे कुपोषण बढ़ रहा है।

### नेपाल की प्रतिनिधि सभा ने बच्चों को नागरिकता मिलने की उम्मीद बढ़ाई

**काठमांडू।** नेपाल में संसद की प्रतिनिधि सभा ने नागरिकता कानून 2006 में संशोधन को बहुमत से स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसे ऐसे नेपाली नागरिकों के हजारों बच्चों को नागरिकता मिलने की उम्मीद बढ़ी है, जिन्होंने बाहर से आकर देश की नागरिकता ली है। प्रतिनिधि सभा की मंजूरी मिलने के बावजूद नागरिकता की उम्मीद पाले बच्चों के अभिभावकों को अभी कुछ और इंतजार करना होगा। अब इसे नेशनल असेंबली में प्रस्तुत किया जाएगा। अगर यहां से यह पारित हो जाता है तो राष्ट्रपति की मंजूरी अनिवार्य होगी। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ही यह कानून बन सकेगा।

नेपाल के गृहमंत्री बालकृष्ण खंड ने शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में नागरिकता विधेयक (प्रथम संशोधन 2022) प्रस्तुत किया था। इसे पारित करने से पहले नेपाली पुरुषों से शादी करने वाली विदेशी महिलाओं को नागरिकता देने और नेपाल में या नेपाली माताओं से जन्मे बच्चों को नागरिकता देने समेत कई प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके बाद इस विधेयक को सामान्य बहुमत से सदन ने पारित किया।

नेपाल के प्रमुख अखबार काठमांडू पोस्ट के अनुसार नेपाल का संविधान लागू होने के दिन, 20 सितंबर, 2015 से पहले जन्मे सभी योग्य नेपालियों को प्राकृतिक नागरिकता दी गई थी। मगर कानून नहीं होने के कारण इन नागरिकों के बच्चों को नागरिकता नहीं मिल पाई थी।

## केन्या ने 9 अगस्त को होने वाले चुनाव से पहले बढ़ाई सुरक्षा

नैरोबी, एजेंसी

केन्याई पुलिस ने घोषणा की कि उन्होंने 9 अगस्त को होने वाले आम चुनाव से पहले सुरक्षा बढ़ा दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस महानिरीक्षक हिलेरी मुथंबाई ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा कि चुनाव के दौरान कुल 1,50,000 अधिकारियों को तैनात किया जाएगा, ताकि सभी को वोट डालने के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। मुथंबाई ने कहा, आम चुनाव से पहले या चुनाव के दौरान और बाद में सामान्य ड्यूटी अधिकारियों को सामरिक समर्थन देने के लिए देश भर में गठित पुलिस इकाइयों को भी तैनात किया गया है। उन्होंने खुलासा किया कि चुनावी अवधि के दौरान जब और जहां आवश्यक हो, रसद और हवाई सहायता प्रदान करने के लिए रणनीतिक स्थानों पर विमानों की तैनाती के लिए एक और प्रावधान है।

चुनाव में प्रमुख राजनीतिक गठबंधनों के बीच कड़ा मुकाबला होना तय है-उप राष्ट्रपति विलियम रुतो और अजीमियो ला उमोजा के नेतृत्व में केन्या क्वान्जा, जिसका नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा कर रहे हैं। राष्ट्रपति उहुरू केन्याटा, (जो कार्यालय में अपने अंतिम कार्यकाल की सेवा कर रहे हैं) ने शीर्ष पद के लिए अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी ओडिंगा का समर्थन करने का विकल्प चुना है, जो अपने स्वयं के डिप्टी के बजाय अपना पांचवां राष्ट्रपति पद के लिए मैदान में हैं। मुथंबाई ने बताया कि चुनावों की तैयारियों के हिस्से के रूप में, उन्होंने स्वतंत्र चुनाव और सीमा आयोग (आईईबीसी) को स्वतंत्र, विश्वसनीय और निष्पक्ष चुनाव कराने में सक्षम बनाने के लिए पूरे चुनावी चक्र में सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत उपाय और रणनीति बनाई है। उन्होंने कहा, चुनाव के आसपास की सभी गतिविधियों का उचित समन्वय सुनिश्चित करने के लिए, केन्याई पुलिस ने एक चुनाव सुरक्षा सचिवालय भी स्थापित किया है। मुत्यंबाई ने देखा कि केन्याई पुलिस ने पिछले चुनावों के दौरान अनुभव किए गए अभियानों में अंतराल को दूर करने के लिए पुलिस कमांडरों द्वारा उपयोग के लिए चुनाव सुरक्षा दिशानिर्देश भी तैयार किये हैं। उन्होंने कहा, पुलिस अधिकारियों को चुनाव सुरक्षा प्रबंधन पर संवेदनशील बनाने और प्रशिक्षित करने की आवश्यकता से अवगत है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारी से परिचित हैं।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में हिंदुओं खासतौर पर हिंदू शिक्षकों की लगातार हो रही हत्याओं और हिंदू महिलाओं से दुष्कर्म की वारदात के विरोध में बीती शाम चटगांव और कुछ शहरों में हिंदू समुदाय ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदर्शन में हजारों लोग शामिल हुए। इन लोगों ने दोषियों को दंडित करने की मांग की।

स्थानीय अखबार हिंदू संगबद के अनुसार शाहबाग और पूरे देश के हिंदू संगठनों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर नरैल साहापाड़ा में हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर विरोध जताया। इससे पहले बांग्लादेश के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने साहापाड़ा हिंसा की निंदा करते हुए कहा था कि पंथनिरपेक्ष देश में इस तरह घटनाएं स्वीकार नहीं की जा सकतीं। आयोग ने गृह मंत्रालय को आदेश दिया है कि वह हिंसा की घटनाओं की जांच कराए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करे।

उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई को साहापाड़ा में चुन-चुनकर हिंदू समुदाय के लोगों के घर जलाए गए थे। अभी




तक किसी भी हमलावर को गिरफ्तार नहीं किया गया है। यह पूरा विवाद एक फेसबुक पोस्ट के बाद हुआ। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पोस्ट गांव के 18 वर्षीय कालेज के छात्र आकाश साहा ने किया था। इसके बाद एक समुदाय के प्रदर्शनकारी जुमे की नमाज के बाद एकत्र हुए और छात्र की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उसके घर के सामने प्रदर्शन किया। हिंसा की शिकार दीपाली रानी साहा का कहना है कि उनके घर का सारा कीमती सामान लूट लिया गया। इसके बाद घर में आग लगा दी।

## पाकिस्तान : हमजा शहबाज चुनाव के बाद पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री के पद पर बरकरार

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे हमजा शहबाज को पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी सीट बरकरार रखने के लिए चुनाव जीतने के बाद शनिवार को उन्हें पद की शपथ फिर से दिलाई गई। लाहौर में गवर्नर हाउस में आयोजित एक समारोह में पंजाब के राज्यपाल बालीघुर रहमान ने काले रंग की शेरवानी पहनकर शपथ दिलाई। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (पीएमएल) के संयुक्त उम्मीदवार परवेज इलाही को मिले 176 वोटों के मुकाबले हमजा को 179 वोट मिले, डिप्टी स्पीकर दोस्त मजारी ने शुक्रवार देर रात घोषणा की।

इलाही को 186 वोट मिले थे, जिसमें पीटीआई से 176 और पीएमएल से 10 वोट शामिल थे, लेकिन डिप्टी स्पीकर ने पीएमएल के 10 वोटों को बाहर कर दिया, जब इसके प्रमुख चौधरी शुजात हुसैन ने



अपनी पार्टी के सदस्यों को इलाही को वोट न देने के लिए एक पत्र लिखा। यह दूसरी बार है, जब हमजा ने पंजाब के मुख्यमंत्री के मुकाबले में इलाही को हराया है। चुनाव पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुआ था, जब पीटीआई ने शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि हमजा ने सदन में बहुमत खो दिया है। इससे पहले 16 अप्रैल को वह 197 मतों के साथ पंजाब के नए मुख्यमंत्री के रूप में चुने गए थे, जिसमें पीटीआई के 25 असंतुष्ट भी शामिल थे। पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने 20 मई को पार्टी नेतृत्व के आदेश के खिलाफ चुनाव में एफपीआर हमजा को वोट देने के लिए पीटीआई की प्रांतीय विधानसभा के 25 असंतुष्ट सदस्यों को हटा दिया। बाद में ईसीपी ने पीटीआई को पांच आरक्षित सीटें आवंटित कीं और 17 जुलाई को शेष 20 सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की। पीटीआई ने 15 सीटें जीतीं, जबकि पीएमएल-एन को चार सीटें मिलीं और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने भी चुनाव जीता। पीएमएल सदस्य बशारत राजा ने डिप्टी स्पीकर के वोटों को बाहर करने के फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह देश के संविधान के खिलाफ है, क्योंकि विधानसभा में केवल एक नेता ही अपने सदस्यों को ऐसे आदेश दे सकता है, जबकि हुसैन सदन में पार्टी के नेता नहीं हैं। पीटीआई और पीएमएल दोनों ने घोषणा की कि वे डिप्टी स्पीकर द्वारा दिए गए फैसले को चुनौती देने के लिए देश के सर्वोच्च न्यायालय जाएंगे।

## बुजुर्गों ने माना मोबाइल फोन के आने से युवाओं के साथ उनका संवाद प्रभावित: अध्ययन

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में हाल में किये गए एक सर्वेक्षण में शामिल लगभग 65 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों को लगता है कि मोबाइल फोन और अन्य तकनीक को अपनाने से युवा पीढ़ी के साथ उनका व्यक्तिगत संवाद प्रभावित हुआ है। पैन हेल्थकेयर ने द लिबर्टी इन लाइफ ऑफ ओल्डर पीपल 2022 सर्वेक्षण किया था और इसमें 10 शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, लखनऊ, पटना, पुणे और अहमदाबाद से 10,000 प्रतिभागियों की प्रतिक्रियाएं दर्ज की गईं। लगभग 72.5 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उनकी पीढ़ी के लोग परिवार में बुजुर्गों के साथ अधिक समय बिताते थे। अध्ययन में यह भी कहा गया है कि 51 प्रतिशत उत्तरदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, जिसके कारण उन्हें इधर-उधर जाने और खुद के काम करने में परेशानी होती है। अध्ययन में कहा गया है, भारत में बुजुर्गों के आने-जाने में रुकावट का सबसे बड़ा कारण जोड़ों और शरीर का दर्द है, जिससे पीड़ित लोगों की संख्या



58.1 प्रतिशत है। थकान और भूलने की बीमारी (प्रत्येक 8.4 प्रतिशत) भी इस सूची में शामिल हैं। एक और बड़ा कारण मूत्र को न रोक पाना (18 प्रतिशत) है, जिसकी वजह से बुजुर्ग आने-जाने से बचते हैं। पैन हेल्थकेयर के सीईओ चिराग पन ने कहा, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) और जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि भारत में बुजुर्गों की आबादी सामान्य आबादी की तुलना में बहुत तेज गति से बढ़ रही है। वास्तव में, आने वाले दशक में इसके 40 प्रतिशत से अधिक बढ़ने की संभावना है, जबकि कुल जनसंख्या में केवल 8.4 प्रतिशत अपेक्षित वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, यह जरूरी है कि परिवार के छोटे सदस्य बुजुर्गों की शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक जरूरतों पर अधिक ध्यान दें।

## बिजली संयंत्रों में ईंधन के रूप में बायोमास के इस्तेमाल की योजना बनाएं राज्य: सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

बिजली मंत्रालय ने राज्यों से खरीफ कटाई सत्र से पहले ताप बिजली संयंत्रों में कोयले के साथ ईंधन के रूप में बायोमास का भी इस्तेमाल करने के लिए एक समयबद्ध योजना बनाने को कहा है। इससे पराली जलाने में कमी आएगी और वायु प्रदूषण को कम किया जा सकेगा। वायु प्रदूषण की समस्या के हल तथा ताप बिजली संयंत्रों के कॉर्बन उत्सर्जन को घटाने के लिए बिजली मंत्रालय ने पिछल साल अक्टूबर में कृषि अपशिष्ट आधारित बायोमास के इस्तेमाल की नीति में संशोधन किया था।

संशोधित नीति के तहत ताप बिजली संयंत्रों के लिए कोयले के साथ ईंधन के रूप में पांच से सात प्रतिशत बायोमास के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया गया था। पराली जलाने की वजह से देश को हर साल वायु प्रदूषण की समस्या से जूझना पड़ता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बिजली मंत्रालय ने सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर कोयले के साथ बायोमास का ईंधन के रूप में इस्तेमाल करने के लिए एक समयबद्ध नीति बनाने को कहा है। ताप बिजलीघरों के साथ स्वतंत्र बिजली संयंत्रों (आईपीपी) के लिए समयबद्ध योजना बनानी होगी।

पत्र में मंत्रालय ने राज्यों/संघ शासित प्रदेशों से कहा है कि वे अपने संबंधित राज्य बिजली नियामक आयोग (एसईआरसी) के साथ इस मुद्दे को उठाएं जिससे बायोमास के इस्तेमाल को भी उनके शुल्क नियमनों में शामिल किया जा सके। बिजली मंत्रालय का यह कदम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि खरीफ की कटाई के बाद सर्दियों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। पत्र में मंत्रालय ने कहा है कि बिजली संयंत्रों में कोयले की आपूर्ति की हालिया समस्या की वजह से कोयले के साथ बायोमास का ईंधन के रूप में इस्तेमाल और महत्वपूर्ण हो जाता है। पत्र में बायोमास के इस्तेमाल के आर्थिक पहलू का भी जिक्र किया गया है। इसमें गया है कि आयातित कोयले की लागत ऊंची बैठती है जबकि बायोमास कम मूल्य पर उपलब्ध होता है। इसमें कहा गया है कि बायोमास पेलेट का ईंधन के रूप में इस्तेमाल (को-फायरिंग) न केवल पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल है, बल्कि यह बिजली संयंत्रों के लिए आयातित कोयले की तुलना में एक सस्ता विकल्प भी है। मंत्रालय ने कहा कि इस पहल को पूर्ण नीतिगत और नियामकीय समर्थन उपलब्ध कराने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि बिजली मंत्रालय ने पिछले साल जुलाई में ताप बिजली संयंत्रों में बायोमास के इस्तेमाल के लिए एक राष्ट्रीय मिशन समर्थ भी स्थापित किया था।

## मानवाधिकार समूह ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति से प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग नहीं करने का किया आग्रह

कोलंबो, एजेंसी

एक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूह ने श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ गैरकानूनी रूप से बल प्रयोग रोकने का अनुरोध किया। साथ ही उसने शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई के दौरान मानवाधिकारों के उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा चलाने का भी अनुरोध किया। ह्यूमन राइट्स वॉच द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, श्रीलंकाई सुरक्षाबलों ने राष्ट्रपति सचिवालय के निकट प्रदर्शन स्थल पर लोगों को शुक्रवार को बलपूर्वक खदेड़ दिया और प्रदर्शनकारियों पर कथित तौर पर हिंसा की, जिसमें 50 से अधिक लोग घायल हो गए। गाले फेस प्रदर्शन स्थल पर हुई इस घटना में कम से कम नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। गाले फेस में कई अहम सरकारी कार्यालय स्थित हैं। मानवाधिकार समूह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 21 जुलाई को पदभार संभालने वाले विक्रमसिंघे को सुरक्षाबलों को तत्काल प्रदर्शनकारियों के खिलाफ गैरकानूनी रूप से बल प्रयोग करने से रोकने, मनमाने ढंग से हिरासत में लिए गए सभी लोगों को रिहा करने और मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा चलाने का आदेश देना चाहिए। समूह ने संकट की इस घड़ी में कर्ज के बोझ तले दबे देश की मदद कर रही विदेशी सरकारों और बहुपक्षीय एजेंसियों को नयी सरकार पर यह दबाव डालने का भी अनुरोध किया कि वह मानवाधिकारों का सम्मान करें।

ह्यूमन राइट्स वॉच में दक्षिण एशिया की निदेशक मीनाक्षी गांगुली ने कहा, पदभार संभालने के महज एक दिन बाद विक्रमसिंघे के सामने कोलंबो में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षाबलों द्वारा बर्बर हमला हुआ। इस कदम ने श्रीलंकाई लोगों को खतरनाक संदेश दिया है कि नयी सरकार कानून व्यवस्था के बजाय क्रूर बल प्रयोग के जरिए काम करना चाहती है। गौरतलब है कि अमेरिका, ब्रिटेन, स्विट्जरलैंड और कनाडा समेत कई देशों के साथ ही संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ ने भी प्रदर्शन स्थल पर इस कार्रवाई की निंदा की है।

### श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने हालात सामान्य बनाने के तरीकों पर चर्चा की

**कोलंबो।** श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने नव-निर्वाचित राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की अगुवाई में पहली बार बैठक की और आर्थिक संकट से जूझ रहे देश में एक सप्ताह के भीतर स्थिति सामान्य करने के तरीकों पर चर्चा की। मीडिया की एक रिपोर्ट में शनिवार को बताया गया कि बैठक में प्रधानमंत्री कार्यालय और राष्ट्रपति सचिवालय जैसे सरकारी संस्थानों के कामकाज को नियमित करके एक हफ्ते के भीतर स्थिति सामान्य करने के तरीकों पर चर्चा की गयी। डेली मिरर अखबार में प्रकाशित एक खबर के अनुसार, शुक्रवार को नए मंत्रिमंडल की नियुक्ति के बाद राष्ट्रपति ने बैठक बुलायी। अखबार ने सूत्रों के हवाले से बताया कि उन्होंने इस पर चर्चा की कि देश में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रपति सचिवालय जैसे सरकारी संस्थानों और स्कूलों का कामकाज नियमित करके एक सप्ताह के भीतर स्थिति सामान्य होनी चाहिए। मंत्रिमंडल को सूचित किया गया कि एक महीने के लिए पर्याप्त ईंधन है और कोटा व्यवस्था के तहत वितरण तेज किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा कि उन्होंने सुरक्षाबलों को संविधान बरकरार रखने तथा ऐसा माहौल बनाने का अधिकार दिया है, जिसमें लोग बिना डर के रह सकें।

**अतीत** मुर्मू मयूरभंज जिले की कुसुमी तहसील के गांव उपरबेड़ा में स्थित एक स्कूल से पढ़ी हैं।

## द्रौपदी मुर्मू : दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की पहली आदिवासी राष्ट्रपति

नई दिल्ली, एजेंसी

आजाद भारत के 75 साल के इतिहास में पिछले डेढ़ दशक को महिलाओं के लिए खास तौर से विशिष्ट माना जा सकता है। जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने वाली महिलाएं इस दौरान देश के शीर्ष संवैधानिक पद तक पहुंचने में कामयाब रहीं और 2007 में प्रतिभा देवी सिंह पाटिल के देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनने का गौरव हासिल करने के बाद अब द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना देश की लोकतांत्रिक परंपरा की एक सुंदर मिसाल है। क्या कभी किसी ने सोचा था कि दिल्ली से दो हजार किलोमीटर के फासले पर स्थित ओडिशा के मयूरभंज जिले की कुसुमी तहसील



के छोटे से गांव उपरबेड़ा के एक बेहद साधारण स्कूल से शिक्षा ग्रहण करने वाली द्रौपदी मुर्मू एक दिन असाधारण उपलब्धि हासिल करके देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर विराजमान होंगी और देश ही नहीं दुनिया की बेहतरीन इमारतों में शुमार किया जाने वाला राष्ट्रपति भवन उनका सरकारी आवास होगा। यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि द्रौपदी मुर्मू देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति होंगी। महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने के साथ साथ वह देश की कुल आबादी के साढ़े आठ फीसदी से कुछ ज्यादा आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करती हैं, लेकिन जनजाति की बात करें तो वह संथाल जनजाति से ताल्लुक रखती हैं। भील और गोंड के बाद संथाल जनजाति की आबादी आदिवासियों में सबसे ज्यादा है। पारिवारिक जीवन की बात करें तो द्रौपदी मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को ओडिशा के मयूरभंज जिले के बैदापोसी गांव में एक संथाल परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम बिरंचि नारायण टुडु है। उनके दादा और उनके पिता दोनों ही उनके गाँव के प्रधान रहे। मुर्मू मयूरभंज जिले की कुसुमी तहसील के गांव उपरबेड़ा में स्थित एक स्कूल से पढ़ी हैं। यह गांव दिल्ली से लगभग 2000 किमी और ओडिशा के भुवनेश्वर से 313 किमी दूर है। उन्होंने श्याम चरण मुर्मू से विवाह किया था। अपने पति और दो बेटों के निधन के बाद द्रौपदी मुर्मू ने अपने घर में ही स्कूल खोल दिया, जहां वह बच्चों को पढ़ाती थीं। उस बोर्डिंग स्कूल में आज भी बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। उनकी एकमात्र जीवित संतान उनकी पुत्री विवाहिता हैं और भुवनेश्वर में रहती हैं। द्रौपदी मुर्मू ने एक अध्यापिका के रूप में अपना व्यावसायिक जीवन शुरू किया और उसके बाद धीरे-धीरे सक्रिय राजनीति में कदम रखा। साल 1997 में उन्होंने रायरंगपुर नगर पंचायत के पार्षद चुनाव में जीत दर्ज कर अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की। उनके राष्ट्रपति बनने पर दुनियाभर के नेताओं ने इसे भारतीय लोकतंत्र की जीत करार दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने संदेश में कहा कि एक आदिवासी महिला का राष्ट्रपति जैसे पद पर पहुंचना भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मुर्मू का निर्वाचन इस बात का प्रमाण है कि जन्म नहीं, व्यक्ति के प्रयास उसकी नियति तय करते हैं। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्र प्रमुख पद पर पहुंचना उनकी ऊंची शख्सियत का ही परिणाम है।

## युद्ध के चरम के बाद से यूक्रेन के नुकसान में काफी कमी आई : जेलेंस्की

कीव, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अब हर रोज लगभग 30 सैनिक फ्रंटलाइन पर शहीद हो रहे हैं, जो मई और जून में जारी युद्ध के चरम पर पहुंचने के बाद से एक महत्वपूर्ण कमी है, जब रोजाना 100-200 सैनिक मारे गए थे। द वॉल स्ट्रीट जर्नल के साथ एक साक्षात्कार में राष्ट्रपति ने कहा कि मई और जून में जब शत्रुता ऊंचाई पर थी, यूक्रेन प्रतिदिन 100-200 सैनिकों को खो रहा था, लेकिन अब यह संख्या घटकर 30 हो गई है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 250 घायल होते हैं। उक्रेइंस्का प्रावदा की रिपोर्ट के मुताबिक, जेलेंस्की ने कहा, मैं आपको निश्चित रूप से बता सकता हूं, क्योंकि मैं हर दिन इसके साथ रहता हूं। जेलेंस्की ने हालांकि, 24 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन के कुल सैन्य नुकसान का खुलासा करने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि वे रूस की तुलना में कई गुना कम थे।

उन्होंने कहा कि हाल ही में अमेरिका और पश्चिमी सहयोगियों द्वारा हथियारों की आपूर्ति, विशेष रूप से हिमार्स रॉकेट लॉन्चर सिस्टम और 155-एमएम हॉवित्जर ने पूर्वी डोनबास क्षेत्र में स्थिति को स्थिर करने में मदद की है। दराष्ट्रपति के हवाले से कहा गया है, पहले रूसी 12,000 यूक्रेनी गोले के खिलाफ रोजाना 12,000 तोपखाने के गोले दागते थे, लेकिन अब यूक्रेन प्रतिदिन लगभग 6,000 गोले का उत्पादन कर सकता है, जबकि रूस को गोला-बारूद और सैनिकों की कमी का अनुभव होने लगा है। जेलेंस्की के अनुसार, गोलाबारी के संतुलन में इस बदलाव से यूक्रेनी नुकसान को कम करने में मदद मिली है। राष्ट्रपति ने कहा कि डोनबास में अग्रिम पंक्ति के स्थिरीकरण से यूक्रेन अन्य दिशाओं में आगे बढ़ सकेगा।

हालांकि, उन्होंने इस बात पर चर्चा करने से इनकार कर दिया कि यूक्रेन कहां और कब जवाबी कार्रवाई शुरू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यूक्रेन को रूसी मिसाइलों से यूक्रेनी शहरों की रक्षा के लिए हवाई रक्षा उपकरणों की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि 5 अरब डॉलर के मासिक बजट घाटे के साथ यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को बचाए रखने की तुलना में हवाई रक्षा उपकरणों की कीमत अमेरिका और यूरोप को काफी कम होगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555